सुनहरा संसार ग्रुप न्यूज़ नेटवर्क



राघवेंद्र सिंह चाहौन
प्रधान संपादक सुनहरा संसार
9412162614

यदि कोई अधिकारी/ सरकारी कर्मचारी आपका संवैधानिक दोहन करता है। या रिश्वत की मांग करता है बार-बार ऑफिस के चक्कर लगवाता है। तो आप सुनहरा संसार को बताएं हम आपकी बात प्रदेश के मुखिया / देश के मुखिया भारत के मुख्य न्यायाधीश महोदय तक पहुंचाएंगे। सुनहरा संसार उस भ्रष्टाचारी के काले कारनामे जनता के सामने उजागर करेंगे न्याय की दहलीज तक पहुंचाएंगे अंतिम छोर तक संघर्ष करेंगे

सुनहरा संसार ग्रुप न्यूज़ नेटवर्क
नई दिल्ली भारत

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

सुनहरा संसार

DAVP No. 0810F21125/005 RNI No. UPHIN/2005/24731 Email. sunahara.sansar@gmail.com

वर्ष 20, अंक-02, शुक्रवार , 20 नवंबर 2026, पृष्ठ - 12, मूल्य - 5 रुपए, आगरा एवं गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

प्रयागराज, लखनऊ, आगरा, संस्करण उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, राजस्थान में पढ़े जाने वाला समाचार पत्र

'पड़ोसियों से संघर्ष बंद करे सेना': यूएन में भारत ने पाकिस्तान को फिर दिखाया आईना, कहा- इसलिए हो रहा है बर्बाद

नई दिल्ली

भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को अपनी करतूतों से बाज आने की हिदायत दी है। भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत परवतानेनी हरीश ने सुरक्षा परिषद में इस्लामाबाद को आईना दिखाते हुए माना कि उनकी सेना का हस्तक्षेप देश को बर्बाद कर रहा है। पी हरीश ने संयुक्त राष्ट्र में आरिया-फॉमूर्ला बैठक के दौरान भारत का स्पष्ट मत रखा। गुरुवार को उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसका वीडियो साझा किया। बताया कि लाइबेरिया द्वारा आयोजित 'प्राकृतिक संसाधन और संघर्ष' विषय में भारत ने अपना पक्ष रखा। इनमें किम्बर्ली प्रोसेस के प्रति भारत का समर्थन, जिला स्तर पर खनिज संसाधनों के प्रबंधन की व्यवस्था, महिलाओं की भूमिका और पाकिस्तान की सेना की भूमिका पर सवाल शामिल रहा। पाकिस्तान पर पी हरीश ने कहा, 'मेरी मंशा नहीं थी कि इस मुद्दे पर बात करूं, लेकिन जिस तरह से पाकिस्तानी दूत ने इस मसले को उठाकर मंच का प्रयोग दुष्प्रचार किया है (इससे पहले पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि का मुद्दा उठाया था) तो मुझे लगता है कि बताना जरूरी है कि सिंधु जल संधि पर हमारा रुख स्पष्ट है और विभिन्न मंचों पर हम इसे लेकर अपना पक्ष रख चुके हैं।' उन्होंने पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर का जिक्र करते हुए कहा, 'पिछले साल सितंबर में उन्हें विदेशी नेताओं के सामने खनिज पत्थरों से भरा लकड़ी का एक डिब्बा दिखाते देखा गया था।' भारतीय राजदूत ने इसे प्राकृतिक संसाधनों के दोहन में पाकिस्तानी सेना की भूमिका का स्पष्ट संकेत बताया। बोले, 'अगर लोकतांत्रिक राज होता तो ऐसा नहीं होता जैसा हुआ है। जनता सुखी रहती और उनके एक प्रांत में गलत तरीके से इमरजेंसी न लगाई जाती।' भारतीय राजदूत ने कहा, 'पाकिस्तान का भी भला इसी में है कि उसकी सेना पड़ोसी देशों के खिलाफ संघर्ष भड़काना बंद करे, क्योंकि इसका उलटा असर अब खुद पाकिस्तान पर पड़ रहा है।' यह टिप्पणी पाकिस्तान के



प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख असीम मुनीर की सितंबर 2025 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई मुलाकात के दौरान सामने आई तस्वीर के संदर्भ में थी। इस तस्वीर में मुनीर खनिज नमूनों से भरा लकड़ी का डिब्बा दिखाते नजर आए थे। संयुक्त राष्ट्र की इस बैठक का विषय प्राकृतिक संसाधनों और शांति के बीच संबंध तथा इस क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय नियमों की संभावित कमियों का आकलन था। इसमें इस बात पर चर्चा हुई कि खनिज और अन्य प्राकृतिक संसाधन किस तरह संघर्षों को बढ़ावा देने या शांति और विकास का आधार बनने में भूमिका निभा सकते हैं। भारत ने किम्बर्ली प्रोसेस के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। भारत वर्ष 2026 में इस प्रक्रिया का अध्यक्ष है। किम्बर्ली प्रोसेस एक अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन व्यवस्था है, जिसका उद्देश्य संघर्षों को वित्तपोषित करने के लिए इस्तेमाल होने वाले हीरों के अवैध व्यापार को रोकना है। भारत ने इस व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने और जिम्मेदार हीरा व्यापार को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित किया। भारतीय राजदूत ने देश में जिला स्तर पर खनिज संसाधनों के प्रबंधन से जुड़ी व्यवस्थाओं का भी जिक्र किया। भारत में जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) के माध्यम से खनन प्रभावित क्षेत्रों और वहां रहने वाले लोगों के कल्याण के लिए काम किया जाता है। इसका उद्देश्य खनन से मिलने वाले लाभ का एक हिस्सा स्थानीय समुदायों तक पहुंचाना और प्रभावित इलाकों में विकास कार्यों को बढ़ावा देना है।

'टैक्स तो घटा दिया, लेकिन रोजगार और बढ़ा हुआ वेतन कहां?' बैठक में पीएम ने उद्योग जगत से किए तीखे सवाल

मुंबई

देश में आर्थिक सुधारों, आसान कर प्रणाली और कंपनियों को दी गई भारी रियायतों के बाद अब सरकार ने कॉर्पोरेट जगत से उसकी जवाबदेही पर सीधे सवाल पूछे हैं। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की वार्षिक आम बैठक और वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय उद्योग जगत को आईना दिखाया। प्रधानमंत्री ने दो टूक पूछा कि कॉरपोरेट टैक्स में ऐतिहासिक कटौती और अन्य नीतिगत सुधारों के बाद क्या कंपनियों ने रोजगार बढ़ाने और कर्मचारियों की आय में सुधार के लिए पर्याप्त कदम उठाए हैं?

यूपी: उस निर्दोष बच्चे का क्या कसूर था? संवेदना का एक शब्द तक नहीं आया; सीएम ने बिना नाम लिए अखिलेश पर कसा तंज

गोरखपुर

सीएम योगी ने अखिलेश यादव के रोड शो में शामिल जेसीबी की चपेट में आए बच्चे की मौत पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रशासन को निर्देश दिया है कि सड़कों पर अराजकता फैलाने वाले उपद्रवियों को चिह्नित कर ऐसी सजा दिलाई जाए, जिसे उनकी पीढ़ियां याद रखें। उन्होंने कहा कि झंगहा से पढ़ाई के लिए आए 12-13 वर्षीय मासूम छात्र का क्या कसूर था, जिसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। घटना पर संवेदना तक नहीं जताई गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह पीड़ित परिवार से मिलने जाएंगे।



अखिलेश अयोध्या से चुनाव लड़ते हैं तो मैं भी वहीं से भरूंगा पर्चा

सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को अयोध्या से चुनाव लड़ने की चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि अगर अखिलेश यादव वहां से नामांकन दाखिल करेंगे तो वह भी उसी सीट से अपना पर्चा भरेंगे। दोनों के बीच सीधा मुकाबला होना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि आप वहां से अपना नामांकन दाखिल करते हैं तो मैं भी अपना नामांकन दाखिल करूंगा। आमने-सामने का मुकाबला होने दीजिए। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव में सीधे मुकाबले का साहस नहीं है। कमजोर व्यक्ति हमेशा पीछे से वार करता है।

माफिया को मिट्टी में मिलाने में देर नहीं लगेगी

सीएम योगी ने माफिया और अपराधियों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि अगर किसी ने माफियागिरी करने की कोशिश की तो उसे मिट्टी में मिलाने में देर नहीं लगेगी। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा का मतलब गुंडागर्दी, अराजकता, दंगे और कर्फ्यू है। माफिया उनके सहयोगी रहे हैं और उन्होंने हमेशा जनता के साथ विश्वासघात किया है। सीएम ने कहा कि गुंडों और माफिया को कानून के बल पर ही ठीक किया जा सकता है। उनकी सरकार ने ऐसे तत्वों की गुंडागर्दी पर अंकुश लगाया है और अब एक बार फिर उनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

वानिकी एवं औद्यानिकी यूनिवर्सिटी की रखी आधारशिला

उत्तर प्रदेश को पहली वानिकी एवं औद्यानिकी यूनिवर्सिटी की सौगात मिली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को गोरखपुर के कैम्पियरगंज विधानसभा क्षेत्र के भारीवैसी में प्रस्तावित विश्वविद्यालय का भूमि पूजन किया और आधारशिला रखी। करीब 491 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह विश्वविद्यालय 123 एकड़ से अधिक भूमि पर विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश में वानिकी और औद्यानिकी की उच्च शिक्षा, शोध और नवाचार के लिए नए अवसर खुलेंगे। विश्वविद्यालय का उद्देश्य वानिकी, कृषि वानिकी, उद्यानिकी और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उच्च स्तरीय शिक्षा एवं अनुसंधान को बढ़ावा देना है। यहां वन्यजीव संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, एग्रोफॉरेस्ट्री, फल एवं बागवानी जैसे विषयों की पढ़ाई कराई जाएगी। प्रस्तावित विश्वविद्यालय में स्नातक, परास्नातक, पीएचडी और डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करने की योजना है।

बेंती राजभवन की धीरेंद्र शास्त्री की रामकथा में पहुंचे डिप्टी सीएम केशव मौर्य और टी राजा सिंह

प्रतापगढ़



कुंडा के बेंती राजभवन में चल रही रामकथा में बृहस्पतिवार को कई राजनीतिक हस्तियों ने शिरकत की। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और टी राजा सिंह कथास्थल पर पहुंचे। इनके अलावा पूर्व मंत्री, विधायक और विधान परिषद सदस्य भी रामकथा में शामिल हुए। कथास्थल पर पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, विधायक राजेंद्र मौर्य, दिनेश रावत, अदिति सिंह (सदर रायबरेली), रोमी साहनी (लखीमपुर खीरी), दीपक पटेल (प्रयागराज), हर्षवर्धन वाजपेयी (प्रयागराज शहर उत्तरी), बलवंत सिंह (उत्तराखंड) और अशोक कोरी (सलोन) पहुंचे। इनके अलावा विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक धीरज ओझा और बृजेश मिश्र सौरभ भी मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री कृष्णा पासवान, पूर्व मंत्री जय प्रताप सिंह, राज किशोर सिंह, विधायक गौरीगंज राकेश सिंह, अधिवक्ता प्रशांत सिंह अटल, रेलवे के अधिकारी अमिताभ कुमार, कारसेवक बाबा सत्य नारायण मौर्य, प्रसिद्ध गौसेवक फैज खान आदि ने भी बाबा बागेश्वर के दरबार में हाजिरी लगाई। दिव्य श्री रामकथा में सेवा दे रहे लगभग तीन हजार सेवादारों ने बृहस्पतिवार को बाबा बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कथा में सेवा दे रहे स्वयं सेवकों के साथ दरबार लगाया और उनसे बातचीत की। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बृहस्पतिवार को कुंडा में विधायक राजाभैया के राजमहल में आयोजित बाबा बागेश्वर धाम सरकार की रामकथा में पहुंचे। कुंडा में आयोजित दिव्य दरबार में आचार्य धीरेंद्र शास्त्री ने स्वयं सेवकों को प्रसाद वितरित किया और उनको आशीर्वाद प्रदान किया। बाबा बागेश्वर का आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद स्वयं सेवकों के चेहरे खिल गए।

मंत्री राजभर बोले, 'अपनी जान बचाएं आजम, हिम्मत है तो अखिलेश से मुसलमान को सीएम बनाने के बारे में कहें'

अंबेडकरनगर

सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद सपा नेता आजम खां जेल से रिहा होकर रामपुर पहुंच गए हैं। रामपुर में उन्होंने जनता से कहा कि 2027 का चुनाव इंकलाब होगा। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए यूपी सरकार के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि आजम खान पहले तो अपनी जान बचाएं। उन्होंने जिंदगी भर गुलामी की है। उन्होंने कहा कि मैं आजम खान को चुनौती देता हूं कि अगर उनमें हिम्मत है तो अखिलेश यादव से यूपी का अगला मुख्यमंत्री किसी मुसलमान को घोषित करने की बात करें। अखिलेश यादव उन्हें पार्टी से निकालकर बाहर कर देंगे। **रामपुर पहुंचते ही दिखाएं पुराने तेवर:** डासना जेल से रिहा होने के बाद बुधवार की रात को रामपुर पहुंचे सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां ने अपने पुराने तेवर दिखाए। उन्होंने



देश की मौजूदा परिस्थितियों, सांविधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि अब यकीन हो गया है कि देश आजाद है, लेकिन संविधान कैद है। संविधान की आजादी के लिए सबको मिलकर आवाज उठानी होगी। उन्होंने दावा किया कि 2027 में चुनाव नहीं, इंकलाब होगा। यह लड़ाई धर्म और जाति के नाम पर नहीं, बल्कि मुद्दों पर लड़ी जाएगी। साथ ही साफ किया कि उनका मकसद किसी से बदला लेना नहीं, बल्कि न्याय की लड़ाई लड़ना है। रामपुर में आवास के बाहर मीडिया से आजम ने कहा कि वह संविधान और कानून के लिए पहले भी मरने को तैयार थे, आज भी हैं और रहेंगे। देश में संविधान की रक्षा और उसकी गरिमा बनाए रखने की जरूरत है। सांविधानिक संस्थाओं की साख पर सवाल उठ रहे हैं। आज जिस तरह के कानून बनाए जा रहे हैं, उन पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। संस्थाओं को अपना स्तर और विश्वसनीयता बचाकर रखनी चाहिए। लोकसभा और विधान परिषद चुनाव परिणामों पर कहा कि जिन सीटों पर जीत मिली, वे भी उन्हें बेमानी लगीं। बच्चों के लिए स्कूल और विश्वविद्यालय खोलने वाला भी माफिया हो सकता है? उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर मुर्गी, बकरी और भैंस चोरी करने वाला व्यक्ति ईडी का मुल्जिम हो सकता है तो विश्वविद्यालय बनाने वाले को भी निशाना बनाया जा सकता है।

युद्ध की आहट: ईरान-अमेरिका के बीच तनाव बढ़ा, होर्मुज में बारूदी सुरंगों से टकराए तीन तेल टैंकरों में लगी आग

तेहरान/वॉशिंगटन

होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान और अमेरिका के बीच तनाव अब समुद्री रास्तों तक पहुंच गया है। ईरान की सेना ने दावा किया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य के पूर्व में बारूदी सुरंगों से टकराने के बाद तीन तेल टैंकरों में आग लग गई। ईरान का आरोप है कि इन जहाजों ने उसके नौसैनिक बलों की चेतावनी को नजरअंदाज किया और प्रतिबंधित क्षेत्र में अपने नेविगेशन सिस्टम बंद करके आगे बढ़ रहे थे। इस घटनाक्रम के बीच अमेरिका ने भी ईरान के केश्म द्वीप पर मिसाइल लॉन्च साइट को निशाना बनाया है। दोनों देशों के बीच बढ़ते टकराव ने दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में से एक की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य के पूर्व में तीन तेल टैंकर बारूदी सुरंगों से टकरा गए, जिसके बाद उनमें आग लग गई। ईरानी सेना के मुताबिक, इन जहाजों को उसके नौसैनिक बलों ने प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश नहीं करने की चेतावनी दी थी। इसके बावजूद जहाज आगे बढ़ते रहे। ईरान ने यह भी आरोप लगाया कि टैंकरों ने अपनी स्थिति बताने वाले नेविगेशन सिस्टम बंद कर रखे थे। आईआरजीसी ने कहा कि इस रणनीतिक समुद्री रास्ते से गुजरने के लिए ईरानी अधिकारियों के साथ समन्वय जरूरी है। हालांकि, टैंकरों की पहचान, उनके मालिकाना हक और नुकसान की विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। टैंकरों में आग लगने की घटना के पहले अमेरिका ने ईरान के केश्म द्वीप पर आईआरजीसी के मिसाइल लॉन्च साइट पर सटीक हमला किया था। अमेरिकी सैन्य अधिकारी के मुताबिक, यह कार्रवाई बहरीन में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ईरान के पहले किए गए हमले के जवाब में की गई। अमेरिका ने इसे आत्मरक्षा में उठाया गया कदम



बताया। अमेरिकी अधिकारी के अनुसार, अमेरिकी विमानों ने सटीक निशाने वाले हथियारों से मिसाइल लॉन्च साइट को निशाना बनाया। दूसरी ओर, केश्म द्वीप के एक स्थानीय अधिकारी ने ईरानी मीडिया को बताया कि द्वीप पर अमेरिका के कई हमले हुए, लेकिन उनसे बुनियादी ढांचे को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। इस तरह दोनों देशों के बीच जवाबी सैन्य कार्रवाई का सिलसिला तेज होता दिखाई दे रहा है। ईरान और अमेरिका के बीच तनाव का एक बड़ा केंद्र बहरीन भी बना हुआ है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि ईरान की आईआरजीसी की ओर से अमेरिकी रडार सिस्टम को निशाना बनाकर कई ड्रोन भेजे गए थे। ये ड्रोन बहरीन के एक एयरबेस की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन अमेरिकी सेना ने उन्हें बीच में ही रोक दिया। सेंटकॉम के मुताबिक, इस घटना में अमेरिकी उपकरणों या सैन्यकर्मियों को कोई नुकसान नहीं हुआ। हाल के दिनों में होर्मुज जलडमरूमध्य और उसके आसपास कम से कम पांच जहाजों को निशाना बनाए जाने की खबरें भी सामने आई हैं। इससे इस समुद्री क्षेत्र में जहाजों की आवाजाही और सुरक्षा को लेकर स्थिति गंभीर होती जा रही है। ईरान की सेना ने जहाजों को चेतावनी दी है कि वे होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए अमेरिका की ओर से बताए गए कथित फर्जी समुद्री रास्तों का इस्तेमाल न करें। ईरान ने यह भी दावा किया है कि उसने अलग-अलग घटनाओं में होर्मुज के ऊपर उड़ रहे अमेरिका के दो ड्रोन मार गिराए हैं।

'इस्राइल को परमाणु नियमों से छूट क्यों?': ईरान का आईएईए पर भेदभाव का आरोप, कहा- ग्रोसी अपना रहे दोहरे रवैया

तेहरान, ईरान



ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने बुधवार (स्थानीय समयानुसार) को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएए) के महानिदेशक राफेल ग्रोसी के एक बयान की आलोचना की, जिसमें उन्होंने कहा था कि परमाणु गतिविधियों के सत्यापन के मामले में इस्राइल और ईरान के प्रति कोई "दोहरा मापदंड" नहीं अपनाया जा रहा है। बघाई ने सवाल उठाया कि परमाणु हथियार होने के बावजूद इस्राइल व्यापक परमाणु सुरक्षा उपायों (न्यूक्लियर सेफगार्ड्स) के दायरे से बाहर क्यों है। एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में, बघाई ने ग्रोसी के उस दावे को चुनौती दी कि दोनों देशों के साथ अलग-अलग बर्ताव का कारण 'परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने की संधि' (एनपीटी) के तहत उनकी अलग-अलग स्थिति है। ग्रोसी का हवाला देते हुए, बघाई ने कहा, ' आईएईए के महानिदेशक ग्रोसी ने कहा है कि इसमें कोई दोहरा मापदंड नहीं है। अगर इस्राइल एनपीटी का सदस्य देश होता और मैं ईरान और इस्राइल के साथ अलग-अलग बर्ताव कर रहा होता, तब इसे दोहरा मापदंड कहा जा सकता था'। इस टिप्पणी का जवाब देते हुए, ईरानी प्रवक्ता ने तर्क दिया कि केवल औपचारिक कानूनी स्थिति के आधार पर अंतर करना, निष्पक्षता सुनिश्चित करने और परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने की दिशा में काम करने की आईएईए की व्यापक जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। बघाई ने कहा, 'यह जवाब औपचारिक कानूनी दर्जे को संस्थागत जिम्मेदारी और निष्पक्षता के साथ मिला देता है। असली सवाल यह है कि नरसंहार करने वाली एक कब्जा करने वाली सत्ता, जिसके पास परमाणु हथियार हैं। वह व्यापक सुरक्षा उपायों के दायरे से बाहर क्यों है?।

अखिलेश के रोड शो में बच्चे की मौत पर भड़के रवि किशन, बोले- चुनावी उन्माद में कुचला गया भविष्य

गोरखपुर

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के रोड शो के दौरान जेसीबी की चपेट में आने से हुई 14 वर्षीय छात्र की मौत के मामले में भाजपा सांसद रवि किशन ने नाराजगी जताई है। उन्होंने घटना को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि चुनावी उत्साह और उन्माद में एक बच्चे का भविष्य कुचल दिया गया। बच्चा किसी भी परिवार का हो सकता था। इस तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिए।

बृहस्पतिवार को पत्रकारों से बातचीत में रवि किशन ने कहा कि मृतक बच्चा नाबालिग था और पढ़ाई में अच्छा था। वह अपने माता-पिता के साथ रहता था। उसके पिता भाजपा के कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि परिवार ने अपना एक होनहार बच्चा खो दिया है। यह केवल एक कार्यकर्ता के परिवार का नुकसान नहीं, बल्कि एक बच्चे और उसके भविष्य का अंत है।



सांसद ने आरोप लगाया कि रोड शो के दौरान हुई भगदड़ में बच्चा जेसीबी की चपेट में आ गया। इसके बावजूद वाहन नहीं रोका गया और जुलूस आगे बढ़ता रहा। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सड़कों को इसलिए बनाया गया है कि उन पर लोगों को कुचला जाए? चुनाव जीतने और सत्ता हासिल करने के लिए इस तरह का हुड़दंग और उत्साह उचित नहीं है। रवि किशन ने कहा कि इस घटना से पूरे शहर में आक्रोश है। उन्होंने इसे गोरखपुर के लिए काला दिन बताया। सांसद के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के साथ वह बृहस्पतिवार शाम को पीड़ित परिवार से मिलने जाएंगे। बच्चे का अंतिम संस्कार राजघाट पर किया गया है और मामले में प्राथमिकी भी दर्ज हुई है। सपा नेता आजम खान की जेल से रिहाई के सवाल पर रवि किशन ने कहा कि इससे राजनीति पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास और पारदर्शिता की राजनीति चल रही है। जनता अब जागरूक है और डिजिटल इंडिया के दौर में पहले जैसी स्थिति नहीं रही। पीड़ित परिवार को मुआवजा दिए जाने के सवाल पर सांसद ने कहा कि एक बच्चे के जाने की भरपाई किसी मुआवजे से नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि बच्चे का कोई मोल नहीं होता। सरकार की ओर से परिवार की जितनी संभव होगी, मदद की जाएगी। मुख्यमंत्री स्वयं परिवार से मिलने जा रहे हैं और वह भी उनके साथ रहेंगे।

'यूक्रेन युद्ध खत्म कराने के लिए अमेरिका-चीन साथ': राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा दावा

शेन्जेन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका और चीन रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म कराने के पक्ष में हैं। दोनों देश चाहते हैं कि इस संघर्ष को समाप्त करने के लिए मिलकर प्रयास किए जाएं। ट्रंप ने यह बात चीन के शेनझेन में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन से इतर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि बातचीत से सकारात्मक नतीजे निकलने की उम्मीद है। ट्रंप ने यह भी कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करना दोनों देशों के साझा हित में है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और चीन दोनों चाहते हैं कि ईरान परमाणु



हथियार हासिल न करे। इसके साथ ही दोनों देशों का हित इस बात में भी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से ऊर्जा की आपूर्ति जारी रहे। ट्रंप ने बैठक में इन दोनों मुद्दों पर अपनी बात रखते हुए कहा कि अमेरिका और चीन इस मामले में एक जैसी मजबूत राय रखते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध में जान गंवाने वालों की संख्या को लेकर भी दावा किया। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष में हर महीने करीब 25 हजार लोग मारे जा रहे हैं। इनमें ज्यादातर सैनिक हैं। ट्रंप ने कहा कि कूटनीतिक प्रयासों से इस युद्ध को खत्म किया जा सकता है। उन्होंने इसे दोनों देशों के बीच जारी संघर्ष की गंभीरता बताने के लिए सामने रखा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बताया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और जिनपिंग के साथ उनकी त्रिपक्षीय बैठक होगी। ट्रंप ने कहा कि पुतिन के साथ उनकी संक्षिप्त बातचीत पहले ही हो चुकी है। इस बातचीत का मकसद आगे होने वाली बैठक के लिए माहौल तैयार करना था। इससे पहले भी ट्रंप ने पुतिन से मुलाकात के बाद कहा था कि इस बातचीत से कई अच्छे नतीजे निकल सकते हैं।

आतंकी लतीफ के एनकाउंटर पर शहबाज शरीफ का विवादित बयान: कश्मीर को लेकर उगला जहर, कहा- 'शहीदों' को देता हूं श्रद्धांजलि

नई दिल्ली



जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में 15 लाख रुपये के इनामी लश्कर-ए-तैयबा कमांडर मोहम्मद लतीफ भट के एनकाउंटर में मारे जाने के दिन ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कश्मीर मुद्दे पर एक बार फिर भड़काऊ बयान दिया है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' ( ) पर साझा किए गए भाषण के वीडियो में शहबाज शरीफ ने तथाकथित 'कश्मीरी शहीदों' को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नैतिक और राजनयिक समर्थन जारी रखने की बात कही है। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में बुधवार तड़के लश्कर-ए-तैयबा के स्थानीय कमांडर लतीफ भट के मारे जाने के बीच पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कश्मीर को लेकर फिर से विवादित बयानबाजी की है। एक तरफ जहां भारतीय सुरक्षाबलों ने सरेंडर का मौका ठुकराने वाले 15 लाख के इनामी आतंकी को ढेर किया, वहीं पाकिस्तान ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का राग अलापने की कोशिश की है। भारत रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तानी प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) ने शहबाज शरीफ के एक भाषण का वीडियो 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए उनके हवाले से लिखा कि वे तथाकथित 'कबजे वाले कश्मीर के शहीदों' और जेलों में बंद कश्मीरी नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

सम्पादकीय

उत्तराखंड में लगातार सड़क हादसे, पहाड़ों का सफर बनता जा रहा है जानलेवा

17 नवंबर मंगलवार को हरिद्वार से जोशीमठ जा रही एक बस बदरीनाथ उच्चमार्ग पर अनियंत्रित होकर सौ मीटर गहरी खाई में जा गिरी, जिसमें नौ लोगों की जान चली गई और पच्चीस लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उत्तराखंड में यात्रियों से भरी एक बस के खाई में गिर जाने और उसमें कई लोगों की मौत की घटना से एक बार फिर यही जाहिर हुआ है कि पहाड़ी राज्यों में एक से दूसरी जगह जाना एक तरह से जोखिम का सफर बनता जा रहा है। यह दुर्घटना पिछले कुछ समय से लगातार हो रहे सड़क हादसों की सिर्फ एक कड़ी है, जिसमें चालक की मामूली गलती, लापरवाही या फिर सड़क की स्थिति की वजह से नाहक ही लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। गौरतलब है कि मंगलवार को हरिद्वार से जोशीमठ जा रही एक बस बदरीनाथ उच्चमार्ग पर अनियंत्रित होकर सौ मीटर गहरी खाई में जा गिरी, जिसमें नौ लोगों की जान चली गई और पच्चीस लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं उत्तराखंड के ही रुद्रप्रयाग में सोमवार की देर शाम बांसवाड़ा-कंडारा मोटर मार्ग पर एक बोलेरो वाहन बेलगाम होकर गहरी खाई में जा गिरा। इस हादसे में चार की मौत हो गई, जबकि छह घायल हो गए। इसके अलावा, राज्य में अलग-अलग हादसों में सत्रह लोगों की जान चली गई, जबकि पैंतीस लोग घायल हो गए। जाहिर है, एक-दो दिनों के भीतर हुए हादसों के इस सिलसिले ने फिर से यह सोचने की जरूरत को रेखांकित किया है कि आखिर पहाड़ी राज्यों में इस तरह के हादसे बार-बार क्यों सामने आते हैं। ताजा हादसों के बाद संभव है कि सरकार की ओर से घटनाओं की जांच कराने, पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की घोषणा की जाए, लेकिन इस तरह की औपचारिकताओं के कुछ ही समय बाद सड़कों पर फिर से पूर्ववत चलने लगता है। ऐसा लगता है कि सरकारी महकमे आगे फिर कोई हादसा होने का इंतजार करने लगते हैं। सवाल है कि अगर पहाड़ी राज्यों में होने वाले हादसों की वजहों की पहचान हो गई है, तो उसे दूर करने की कोशिश को लेकर सरकार किस हद तक ईमानदार और गंभीर है। इन इलाकों में सड़क के एक तरफ ऊंचे पहाड़ हो सकते हैं, तो दूसरी ओर कई हजार फुट गहरी खाई। क्या ऐसे इंतजाम किए जाते हैं कि अगर कोई वाहन सड़क पर चलते हुए अनियंत्रित हो जाए, तो उसके खाई में गिरने से रोकने के लिए सड़क किनारे सुरक्षा दीवार जैसी व्यवस्था हो? विडंबना यह है कि पिछले कुछ समय से इस तरह के हादसे सामने आ रहे हैं, जिन्हें सावधानी रख कर टाला जा सकता था। मगर एक समस्या जहां सड़क पर हादसों के लिहाज से संवेदनशील जगहों पर वाहन चलाते हुए चालक की हड़बड़ी को लेकर सावधान न रहने की है, वहीं सड़कों की बनावट भी कई बार हादसों की तीव्रता को त्रासद बना देती है। खासतौर पर पहाड़ी इलाकों में सड़कों के किनारे खाई की तरफ पैराफिट या सुरक्षा दीवार और क्रैश बैरियर का पुख्ता इंतजाम कई वैसे हादसों की आशंका या उसमें मौतों की संख्या को कम कर सकती है, जिनमें चालक से कोई मानवीय चूक की संभावना रहती है। इसके अलावा, सड़क पर वाहन चलाने व यात्रियों को ले जाने से संबंधित कायदों पर सख्ती का दायरा प्रशासन से लेकर खुद वाहन चालकों तक के लिए अनिवार्य होना चाहिए। सिर्फ अच्छी सड़कें सुरक्षित सफर को सुनिश्चित नहीं कर सकतीं।



दिल्ली भाजपा ने माननीय न्यायालय के वार्ड 166 पुष्प विहार से भाजपा प्रत्याशी श्री नरेश को पार्षद घोषित करने के निर्णय का स्वागत किया

सुनहरा संसार

नई दिल्ली, 19 नवंबर: दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख एवं प्रवक्ता श्री प्रवीण शंकर कपूर ने माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दक्षिण जिला के उस निर्णय का स्वागत किया है जिसमें आम आदमी पार्टी के पार्षद श्री अरुण नवरिया को चुनावी कानूनों के उल्लंघन के कारण अपदस्थ किया गया है।

दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता ने कहा कि माननीय न्यायालय ने वार्ड 166 पुष्प विहार से श्री नरेश (भाजपा) को तत्काल प्रभाव से पार्षद घोषित करना बिल्कुल उचित किया है।



दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता ने अधिवक्ता श्री स्वास्तिक सिंह एवं श्री अतुल सिंह के प्रयासों की सराहना की है, जिन्होंने वार्ड 166 पुष्प विहार की जनता को न्याय दिलाने के लिए सर्वोत्तम प्रयास किए।

केस का विवरण

वार्ड 166 पुष्प विहार से नरेश (भाजपा) को निर्वाचित घोषित किया गया

माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दक्षिण जिला श्री संजीव कुमार अग्रवाल

ने 18 नवंबर 2026 की देर शाम एक आदेश में आम आदमी पार्टी के पार्षद अरुण नवरिया के चुनाव को रद्द कर दिया है और

साथ ही वार्ड 166 पुष्प विहार से रनर-अप प्रत्याशी श्री नरेश (भाजपा) को पार्षद घोषित किया है।

आप पार्षद को अपदस्थ करने का मुख्य आधार नामांकन पत्र भरते समय जानकारी छिपाना और मतदाताओं को अपने खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों के बारे में न बताना है।

दिल्ली के जनता फ्लैट के पास झाड़ियों में जली हुई हालत में मिला युवक का शव, इलाके में फैली सनसनी, मृतक की पहचान में जुटी पुलिस

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

दिल्ली में एक बार फिर सनसनीखेज मामला सामने आया है। जीटीबी थाना क्षेत्र के जनता फ्लैट के पास झाड़ियों में एक युवक का जली हुई हालत में शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। झाड़ियों में शव पड़े होने की सूचना मिलते ही आसपास के क्षेत्र में लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, झाड़ियों में मिले युवक का शव बुरी तरह जली हुई अवस्था में था। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस युवक की पहचान करने के प्रयास कर रही है। शव मिलने की खबर फैलते ही इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। हालांकि, घटना के वास्तविक कारणों को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने मौके का मुआयना कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच के दौरान यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई और शव झाड़ियों तक कैसे पहुंचा। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। फिलहाल सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर युवक कौन था और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस की जांच और मृतक की पहचान होने के बाद ही इस सनसनीखेज मामले से जुड़ी अन्य जानकारियां सामने आ सकेंगी।

श्याम मित्र मंडल ने किसान नेता व प्रत्याशी अमरीश चौहान को प्रतीक चिह्न भेंटकर किया सम्मानित

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ

दादरी। गौतमबुद्ध नगर के किसान एवं कद्दावर युवा नेता तथा जिला पंचायत वार्ड नंबर 3, दादरी के प्रत्याशी अमरीश चौहान के जनसंपर्क कार्यालय, मेन मार्केट, जारचा रोड दादरी पर श्याम मित्र मंडल की टीम एवं कमेटी के सदस्यों ने पहुंचकर उन्हें प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। श्याम मित्र मंडल के सदस्यों ने कहा कि अमरीश चौहान द्वारा समाज के हर गरीब, किसान, मजदूर एवं वंचित वर्ग की आवाज को अपने मंच के माध्यम से बुलंद करने तथा जनहित के मुद्दों पर निरंतर संघर्ष करने की कार्यशैली सराहनीय एवं अनुकरणीय है। समाज के प्रति उनके विशेष योगदान से प्रभावित होकर मंडल की टीम ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर सदस्यों ने कहा कि क्षेत्र का युवा उनके साथ खड़ा है।



इस मौके पर अमरीश चौहान ने श्याम मित्र मंडल की पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र 62 गौतमबुद्धनगर एवं जिला पंचायत क्षेत्र दादरी उनका अपना परिवार है। परिवार के प्रत्येक व्यक्ति के सुख-दुख में वे हमेशा साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनका जनसंपर्क कार्यालय नियमित रूप से आमजन के लिए खुला रहता है, जहां वे प्रतिदिन लोगों से मिलकर शासन- प्रशासन से संबंधित समस्याओं को सुनते हैं तथा पीड़ितों को अपने स्तर से हरसंभव सहायता एवं न्याय दिलाने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि जनसेवा उनके लिए कोई राजनीतिक उद्देश्य नहीं,बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और संकल्प है।

उबर कैब ड्राइवर ने उड़ाए दो लैपटॉप, पांडव नगर पुलिस ने किया 100% रिकवरी के साथ गिरफ्तार

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली पूर्वी दिल्ली के पांडव नगर थाने की पुलिस ने कैब ड्राइवर बनकर दो लैपटॉप चोरी करने वाले आरोपी यादवेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। 29 वर्षीय आरोपी बहलोलपुर, नोएडा का रहने वाला है और उबर कैब चलाता है।

16 नवंबर को शिकायतकर्ता ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी कि कैब ड्राइवर ने उसके दो लैपटॉप चोरी कर लिए हैं। मामले में एफआईआर नंबर 80098857/26, धारा 303(2) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया गया।



एसएचओ पांडव नगर के पर्यवेक्षण और एसीपी मयूर विहार के मार्गदर्शन में हेड कांस्टेबल विवेक, कांस्टेबल रामकेश और कांस्टेबल नितेश की टीम गठित की गई। शुरुआत में आसपास के सीसीटीवी फुटेज में कोई सुराग नहीं मिला, लेकिन गाजीपुर बॉर्डर के पास लगे कैमरों से संदिग्ध कैब का नंबर ट्रेस हो गया। गाड़ी किसी और को बेची जा चुकी थी। इंश्योरेंस कंपनी से नए मालिक का मोबाइल नंबर लेकर तकनीकी जांच की गई, जिसके बाद आरोपी को पकड़ लिया गया। पूछताछ में पहले उसने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन सख्त पूछताछ में उसने चोरी कबूल कर ली। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर दोनों चोरी के लैपटॉप बरामद कर लिए हैं, जिससे मामले में 100% रिकवरी हो गई है। आगे की जांच जारी है।

विजय विहार पुलिस ने फर्जी लोन कॉल सेंटर का किया भंडाफोड़, टीम लीडर और मैनेजर समेत 6 गिरफ्तार

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली दिल्ली के रोहिणी जिले के विजय विहार थाने की पुलिस ने एक बड़े फर्जी लोन कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए टीम लीडर और मैनेजर समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता विकास, निवासी फेज-2, विजय विहार को आरोपियों ने Bajaj Capital Finance का प्रतिनिधि बनकर 20 लाख रुपये का लोन कम ब्याज पर दिलाने का झांसा दिया और इंश्योरेंस व प्रोसेसिंग चार्ज के नाम पर 10.15 लाख रुपये ठग लिए। इसके बाद आरोपी संपर्क से बाहर हो गए। इस पर थाना विजय विहार में FIR No. 614/26 दिनांक 17.11.2026, धारा 318(4)/319(2)/3(5) BNS के तहत मामला दर्ज किया गया।



एसएचओ इंस्पेक्टर मनोहर लाल के नेतृत्व और एसीपी बृज मोहन मीणा के पर्यवेक्षण में एसआई अमित जागलान, हेड कांस्टेबल सुदेश, सुमित और पंकज की टीम ने तकनीकी जांच और साइबर ट्रैकिंग के जरिए कॉल सेंटर का पता लगाया। 17.11.2026 को रमेश नगर मेट्रो स्टेशन के पास एक इमारत में छापा मारकर इस संगठित कॉल सेंटर को पकड़ा गया।

जांच में पता चला कि कॉल सेंटर में फ्लोर मैनेजर और टीम लीडर के नेतृत्व में टेली-कॉलर्स पहले से लिखी स्क्रिप्ट के जरिए लोगों को आकर्षक ब्याज दर पर लोन दिलाने का झांसा देकर ठगते थे।

बिरला विद्या निकेतन में छात्रों को दी गई आत्मरक्षा की ट्रेनिंग, बोले- "बी अवेयर, बी कॉन्फिडेंट, बी एम्पावर्ड"

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली नई दिल्ली। दक्षिण जिले की दिल्ली पुलिस ने पुष्प विहार स्थित बिरला विद्या निकेतन में छात्रों के लिए आत्मरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को आत्मविश्वासी, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना था।



इस दौरान छात्रों को खतरनाक परिस्थितियों में खुद की सुरक्षा के लिए बुनियादी और प्रभावी आत्मरक्षा तकनीकें सिखाई गईं। असुरक्षित स्थितियों को पहचानने, चेतावनी के संकेतों को समझने और बचाव के उपायों पर विशेष जोर दिया गया।

लाइव डेमो और प्रैक्टिकल गतिविधियों के जरिए छात्रों को आत्मरक्षा की गतिविधियों का अभ्यास कराया गया। साथ ही उन्हें आसपास के माहौल के प्रति सतर्क रहने, स्थिति का आकलन करने और आपातकाल में सही निर्णय लेकर तुरंत मदद मांगने के बारे में भी जागरूक किया गया।

कार्यशाला में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर संदेश दिया गया- "बी अवेयर, बी कॉन्फिडेंट, बी एम्पावर्ड - योर सेफ्टी, योर स्ट्रेंथ"

कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई इंदिरा गांधी की जयंती

जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने उनके बलिदान, साहसिक नेतृत्व और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता को किया याद

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ

गाजियाबाद। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में बुधवार को देश की पूर्व प्रधानमंत्री एवं आयरन लेडी स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान, संघर्ष तथा बलिदान को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपना संपूर्ण जीवन देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए समर्पित किया। उनका साहसिक नेतृत्व, दृढ़ इच्छाशक्ति और देशहित में लिए गए फैसले भारतीय इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने सामाजिक न्याय, गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों के उत्थान को अपनी राजनीति के केंद्र में रखा। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को अधिकार और सम्मान दिलाने की उनकी सोच आज भी प्रासंगिक है। सतीश शर्मा ने कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए इंदिरा गांधी का बलिदान सदैव याद किया जाएगा। उनका संघर्ष, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण कांग्रेसजनों को जनसेवा तथा संविधान के मूल्यों के प्रति निरंतर कार्य करने की प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर दुहाई स्थित वृद्धाश्रम में भी इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई। जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने बुजुर्गों को फल वितरित किए और उनका कुशलक्षेम जाना। साथ ही जरूरतमंद एवं गरीब लोगों की हरसंभव सहायता करने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम में पूर्व महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी, पीसीसी सदस्य राजाराम भारती, जिला प्रवक्ता लायक हुसैन, नवीन पोले, उदय सिंह पाल, जिला महिला अध्यक्ष डॉली त्यागी, जिला कोषाध्यक्ष अश्वनी त्यागी, कमलेश एडवोकेट, रूबी मलिक, सविता जायसवाल, सीमा नजमीन, राजकुमार शर्मा, विजेंद्र शर्मा, सुनील सिंह, लक्ष्मण जाटव, रूप किशोर गोयल, राजू शर्मा, एसके त्यागी, जय भगवान शर्मा, रमाशंकर पासी, रिजवान मलिक, सफदर भाई, हरपाल सिंह, महेंद्र कुमार और अख्तर हुसैन सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पूर्वी जिला पुलिस ने छात्राओं को दिया सुरक्षा, साइबर जागरूकता और आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली नई दिल्ली। पूर्वी जिला पुलिस के कम्युनिटी पुलिसिंग सेल ने पीएस कल्याणपुरी और पीएस न्यू अशोक नगर के सहयोग से आरएसकेवी, कल्याणपुरी और भारती पब्लिक स्कूल, न्यू कोंडली में गर्ल एंड चाइल्ड सेफ्टी, साइबर अवेयरनेस और सेल्फ डिफेंस कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान छात्राओं को गुड टच-बैड टच, पॉक्सो एक्ट, बुलिंग, उत्पीड़न, मानव तस्करी और नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। साइबर सुरक्षा के तहत फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, साइबरबुलिंग, ऑनलाइन ग्रूमिंग, साइबरस्टॉकिंग, संदिग्ध लिंक और निजी फोटो के दुरुपयोग से बचने के उपाय बताए गए, साथ ही पासवर्ड, ओटीपी और निजी फोटो साझा न करने की सलाह दी गई। सशक्ति पहल के तहत आरएसकेवी, कल्याणपुरी में छात्राओं को व्यावहारिक आत्मरक्षा तकनीक, सिचुएशनल अवेयरनेस और आपात स्थिति में मदद लेने के तरीके सिखाए गए। कार्यक्रम में छात्राओं को 112, 1098, 1091, 1930 हेल्पलाइन नंबरों और www.cybercrime.gov.in पोर्टल की जानकारी भी दी गई।



दिल्ली के कश्मीरी गेट पुल पर फॉर्च्यूनर और ऑटो की भीषण टक्कर में 2 की मौत, कई घायल

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली नई दिल्ली। कश्मीरी गेट स्थित युधिष्ठिर सेतु पर गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 से 8 लोगों के घायल होने की सूचना है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार चालक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।



ग्रेटर नोएडा में गांजा तस्करी का बड़ा खुलासा, डेढ़ करोड़ का गांजा बरामद; दो तस्कर गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर उपेन्द्र कुमार शर्मा एन सीआर हैड गौतमबुद्ध नगर। उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना बादलपुर पुलिस और एएनटीएफ (ANTF) की संयुक्त टीम ने गांजा तस्करी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से करीब डेढ़ करोड़ रुपये कीमत का 177 किलो 790 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। इसके साथ ही तस्करी में इस्तेमाल किया जा रहा एक बिना बॉडी का ट्रक भी पुलिस ने कब्जे में लिया है।



संयुक्त टीम की इस कार्रवाई को नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर गांजा तस्करी से जुड़े अन्य लोगों और नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाने में लगी है।

शिकागो में राहुल गांधी के बयान पर किरेन रिजिजू का करारा हमला, बोले - विदेशी धरती पर देश को बदनाम करना शर्मनाक, भारत विरोधी ताकतों के मोहरे की तरह कर रहे हैं व्यवहार

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

नई दिल्ली। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री किरेन रिजिजू ने शिकागो विश्वविद्यालय में भारत की अर्थव्यवस्था और लोकतंत्र को लेकर दिए गए बयानों पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विदेशी धरती पर जाकर भारत के लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थानों के बारे में झूठे और अनर्गल बयान देना अत्यंत शर्मनाक है और कोई भी सच्चा भारतीय अपने देश के खिलाफ ऐसी बातें कभी नहीं करेगा। राहुल गांधी एक सच्चे भारतीय की तरह नहीं, बल्कि भारत विरोधी ताकतों के मोहरे की तरह व्यवहार कर रहे हैं।

श्री रिजिजू ने कहा कि जो व्यक्ति सुबह से शाम तक प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और भारत सरकार को गाली देता है, वह किस आधार पर कहता है कि भारत में बोलने की आजादी और डेमोक्रेसी नहीं है। उन्होंने सवाल किया कि अगर भारत में डेमोक्रेसी नहीं है, तो उन्हें सुबह से शाम तक सरकार के खिलाफ बोलने की यह आजादी कहां से मिली। भारत में एक आम नागरिक से लेकर एक राजनीतिक नेता तक सबको अपनी बात कहने की पूरी स्वतंत्रता है और हमारा लोकतंत्र पूरी तरह से जीवंत है।



अर्थव्यवस्था को लेकर राहुल गांधी के दावों को सिरे से खारिज करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आईएमएफ और विश्व बैंक सहित पूरी दुनिया भारत को सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था मान रही है, लेकिन राहुल गांधी इसे 'मर चुकी अर्थव्यवस्था' बताकर खुद से ही झूठ बोल रहे हैं। आईएमएफ हमने नहीं बनाया है, लेकिन राहुल गांधी कह रहे हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था खत्म हो चुकी है।

श्री रिजिजू ने कहा कि वर्ल्ड बैंक के नए आंकड़ों के अनुसार 2011 से 2023 के बीच 50 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। यह दुनिया में सबसे तेज गति से गरीबी खत्म करने का एक रिकॉर्ड है। कांग्रेस ने 'गरीबी हटाओ' के नाम पर सिर्फ वोट बटोरे, लेकिन असली काम मोदी सरकार ने किया है। आज मोदी जी के नेतृत्व में देश से गरीबी लगभग समाप्त होने की कगार पर है और हम 'विकसित भारत' के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

अंत में श्री रिजिजू ने राहुल गांधी को दो सुझाव देते हुए कहा कि जब उन्हें देश में पूरी आजादी से घूमने और बोलने की स्वतंत्रता है, तो वे विदेश जाकर यह झूठ बोलना बंद करें कि भारत में आजादी खत्म हो गई है, और भारत की अर्थव्यवस्था को 'मरी हुई अर्थव्यवस्था' कहकर देश को बदनाम न करें। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की मानसिकता भी भारत के संविधान, लोकतंत्र और परंपराओं का अपमान करने की हो चुकी है, और ऐसा प्रतीत होता है कि विदेशी भारत विरोधी ताकतें उन्हें लगातार उकसा रही हैं।

यश ढुल का तूफानी 125 भी बेकार, बिहार ने दिल्ली को 2 विकेट से हराया

सुनहरा संसार इंदौर, 18 नवंबर 2026: यश ढुल की तूफानी पारी भी दिल्ली को जीत नहीं दिला सकी। सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के एलीट ग्रुप मुकाबले में बिहार ने दिल्ली को 2 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज कर हराया। द डेली कॉलेज ग्राउंड, इंदौर में खेले गए मुकाबले में यश ढुल ने महज 59 गेंदों में 125 रन की धमाकेदार पारी खेली। उनकी पारी में 16 चौके और 7 छक्के शामिल रहे। ढुल की इस शानदार पारी की बदौलत दिल्ली ने 20 ओवर में 224/5 का मजबूत स्कोर बनाया।



तेजस्वी दहिया ने भी 25 गेंदों में 51 रन की तेज पारी खेली, जिसमें 4 चौके और 4 छक्के लगे। सार्थक रंजन ने 18 रन का योगदान दिया। ढुल और दहिया की साझेदारी ने दिल्ली की रन गति को अंत तक बनाए रखा।

लेकिन ढुल की इस शानदार पारी के बावजूद बिहार ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 227/8 रन बनाकर 2 विकेट से यादगार जीत हासिल कर ली।

यश ढुल इस समय शानदार फॉर्म में हैं। इससे पहले 16 नवंबर को पंजाब के खिलाफ उन्होंने 40 गेंदों में नाबाद 78 रन बनाए थे, जिसमें 7 चौके और 5 छक्के शामिल थे। उस मैच में दिल्ली ने 240/5 बनाकर 109 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी।

इससे पहले रणजी ट्रॉफी में सर्विसेज के खिलाफ पालम में ढुल ने 104 गेंदों में नाबाद 104 रन की पारी खेली थी, जिसमें 11 चौके और 2 छक्के लगे थे। उनकी इस पारी से दिल्ली ने 320 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 168/4 पर मैच ड्रॉ कराया था।

विकास अधिकारी से मिलीं नवनिर्वाचित सरपंच गुड्डी देवी महावर, पुष्पगुच्छ भेंट कर दी शुभकामनाएं

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी सवाई माधोपुर -ग्राम पंचायत मित्रपुरा की नवनिर्वाचित सरपंच गुड्डी देवी महावर ने विकास अधिकारी योगेश कुमार मीना से मुलाकात की। इस दौरान विकास अधिकारी ने सरपंच पद का कार्यभार ग्रहण करने पर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वहीं इस अवसर पर पुखराज महावर ने विकास



अधिकारी योगेश कुमार मीना का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत और अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान विकास अधिकारी ने नवनिर्वाचित सरपंच को उनके पद की जिम्मेदारियों एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत के विकास और आमजन की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देते हुए सरपंच को अपने दायित्वों के प्रति सदैव सजग रहना चाहिए। साथ ही बिना किसी दबाव के निडरता, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ राजकीय कार्यों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने पंचायत क्षेत्र में सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने तथा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने के लिए भी प्रेरित किया।

इस दौरान सरपंच गुड्डी देवी महावर ने पंचायत क्षेत्र के विकास एवं आमजन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प जताया। इस दौरान ऋषिकेश मीना मानपुर, हरकेश मीना नानतोड़ी सहित कई लोग मौजूद रहे।

ईसानगर पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ़्तार किया : शांतिभंग की आशंका में अलग-अलग गांवों से गिरफ्तार किए गए आरोपी, न्यायालय भेजे गए

सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान लखीमपुर ईसानगर थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों से पुलिस ने 19 नवंबर 2026 को तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, शांतिभंग की आशंका में उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी धौरहरा के पर्यवेक्षाण में यह अभियान चलाया गया। कार्रवाई थानाध्यक्ष ईसानगर के नैतृत्व में हुई।

गिरफ्तार लोगों में गुलरीपुरवा मजरा सरपतहा निवासी रोहित कुमार पुत्र पैकरमा उर्फ पैरू



(25), नयापुरवा मजरा रामलोक निवासी सुशील पुत्र कनौजी (26) और लोउंडउ उर्फ रमाशंकर पुत्र राममित्तर उर्फ सियाराम (27) शामिल हैं। पुलिस ने तीनों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170, 126 और 135 के तहत कार्रवाई की। इसके बाद उन्हें चालान कर न्यायालय धौरहरा, जनपद खीरी भेजा गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राजेश सिंह, उपनिरीक्षक हरेन्द्र कुमार और कांस्टेबल सनी यादव, गजेन्द्र सिंह एवं जितेन्द्र कुमार शामिल थे।

ईसानगर में चोरी के थान के साथ दो आरोपी गिरफ्तार : 12 बोरी थान बरामद

सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान लखीमपुर ईसानगर पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 12 बरी धान बरामद किया। पुलिस के मुताबिक, यह कार्वाई पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी खीरी के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी धौरहरा की निगरानी में चलाए जा रहे अभियान के तहत हुई। थानाध्यक्ष ईसानगर के नैतृत्व में पुलिस टीम ने गुरुवार, 19 नवंबर 2026 को दोनों को गिरफ्तार किया। मामला मु०अ०सं० 385/2026 और बीएनएस की थारा 305(ए)/317(2) से जुड़ा है

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पवन कुमार उर्फ पंकज उर्फ भल्लर (20), पुत्र मोतीलाल,



और लोथे (65), पुत्र होली के रूप में हुई है। दोनों ग्राम नारीबेहड़, थाना ईसानगर, जिला खीरी के निवासी हैं। पुलिस ने उनके पास से 12 प्लास्टिक बोरों में भरा धान बरामद किया। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर कारवाई पूरी कर दोनों को रिमांड के लिए न्यायालय भेजा। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक धरमेंद्र कुमार सिंह, हेड कांसटेबल मोहम्मद शोएब और कांस्टेबल अंकित कुमार वर्मा शामिल थे।

देव प्रबोधिनी एकादशी पर जागेंगे भगवान विष्णु, खत्म होगा चातुर्मास, तुलसी विवाह के साथ शुरू होंगे मांगलिक कार्य

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी कामां -कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी, जिसे हरि प्रबोधिनी, देवोत्थान, देवउठनी और देव प्रबोधिनी एकादशी कहा जाता है, इस बार पूरे देश में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई जाएगी। धर्म शास्त्रों के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु चार माह की योगनिद्रा से जागते हैं। इसी के साथ चातुर्मास में शुभ कार्यों पर लगी रोक समाप्त हो जाती है और विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्यों की शुरूआत हो जाती है।

इस दिन तुलसी विवाह का विशेष महत्व है। मान्यता है कि देवी वृंदा को मिले वरदान के कारण भगवान विष्णु ने शालिग्राम स्वरूप में तुलसी से विवाह किया था। इसलिए इस दिन घर-घर और मंदिरों में तुलसी-शालिग्राम विवाह उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है।

व्रत विधि के अनुसार भक्त ब्रह्म मुहूर्त में स्नान कर व्रत का संकल्प लेंगे। घर के आंगन में भगवान के चरणों की आकृति बनाकर, घी का दीया जलाकर, घट स्थापना कर पूजा करेंगे। शाम को विष्णु सहस्रनाम का पाठ, शंखनाद और पूरी रात जागरण कर भगवान के नामों का जाप किया जाएगा। श्रद्धालुओं का मानना है कि इस दिन श्रद्धा से व्रत करने पर सभी पापों से मुक्ति मिलती है, चंद्र दोष दूर होता है और मृत्यु के बाद वैकुंठ धाम की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर गौसेवा का भी अक्षय फल बताया गया है।

घड़साना में वन विभाग की भूमि पर ईंट भट्ठे की खराब मिट्टी डालने का आरोप

वन्यजीवों का आखेट क्षेत्र प्रभावित, वन विभाग की कार्रवाई पर उठे सवाल

महेन्द्र पाल मेघवाल





घड़साना। क्षेत्र में वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, वन खंड 3MLK (C) में एक ईंट भट्ठा संचालक द्वारा भट्ठे से निकलने वाली खराब मिट्टी वन विभाग की भूमि पर डाली जा रही है। इससे वन विभाग की भूमि और वन्यजीवों के प्राकृतिक विचरण एवं आखेट क्षेत्र के प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

बताया जा रहा है कि संबंधित ईंट भट्ठा संचालक द्वारा भट्ठा संचालन के लिए आवश्यक वन विभाग की एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) भी नहीं ली गई है। इसके बावजूद वन विभाग की भूमि पर भट्ठे की अनुपयोगी मिट्टी डालने का मामला सामने आने के बाद विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय स्तर पर यह सवाल उठाया जा रहा है कि वन विभाग की भूमि पर इस प्रकार मिट्टी डालने से वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास और उनके विचरण क्षेत्र को नुकसान पहुंच सकता है, फिर भी अब तक संबंधित संचालक के खिलाफ प्रभावी कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं की गई? अब देखने वाली बात यह होगी कि वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौके का निरीक्षण कर भूमि की स्थिति की जांच करते हैं या नहीं तथा बिना आवश्यक अनुमति भट्ठा संचालन और वन भूमि पर मिट्टी डालने के मामले में नियमानुसार कार्रवाई कब तक की जाती है। वन भूमि की सुरक्षा और वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास को बचाने के लिए इस मामले में निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार अधिकारियों से जवाबदेही तय करने की मांग उठ रही है।

कामवन तीर्थ यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, विमलकुण्ड परिक्रमा व कृष्ण क्रीड़ास्थलियों के किए दर्शन

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



कामवन -कार्तिक मास की अक्षय नवमी को मदनगोपाल मानव सेवा ट्रस्ट वृन्दावन के तत्वावधान तथा आचार्य मनीष शुक्ल के पावन सानिध्य एवं श्यामसुंदर ब्रजवासी के निर्देशन में बुधवार को राजस्थान के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों कृष्ण धर्मावलंबियों ने कामवन की पावन तीर्थ यात्रा की। जयपुर, भरतपुर सहित प्रदेश भर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम तीर्थराज विमलकुण्ड स्थित मुख्य विमल बिहारी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर दर्शन किए और विमलकुण्ड की परिक्रमा लगाकर आचमन किया।

यात्रा के दौरान अपने आध्यात्मिक अनुभव साझा करते हुए आचार्य मनीष शुक्ल ने कहा कि कामवन की इस पावन भूमि का कण-कण राधा-कृष्ण की अलौकिक लीलाओं का साक्षी है। यही कारण है कि समूचे ब्रज मण्डल के दर्शन और पुण्य लाभ की कामना लेकर देश-विदेश से असंख्य तीर्थयात्री वर्ष भर यहां खिंचे चले आते हैं। उन्होंने कहा कि जिस अलौकिक आनंद और शांति की अनुभूति कामवन में होती है, वह अन्यत्र दुर्लभ है। यहां श्रीकृष्ण की सजीव लीलाओं के चिन्ह आज भी विद्यमान हैं और स्वयं चारों धाम इस पावन धरा पर विराजित हैं। कामवन की इस ब्रजभूमि में निवास करने वाले लोग अत्यंत सौभाग्यशाली और धन्य हैं।

तीर्थ यात्रा के क्रम में सभी भक्तों ने कामवन की प्रमुख लीला एवं क्रीड़ास्थलियों का भ्रमण किया। श्रद्धालुओं ने गया कुण्ड, चरण पहाड़ी, भोजन थाली, खिसलनी शिला, व्योमासुर (भामासुर) की गुफा, महाप्रभु जी की बैठक, श्रीकुण्ड, सेतुबन्ध रामेश्वर, लंका-यशोदा, कामेश्वर महादेव, पंचमुखी महादेव, पांच पांडव, धर्मकुण्ड, वृन्दादेवी, गोविन्ददेव जी, गोपीनाथ जी तथा ऐतिहासिक चौरासी खम्भा मंदिर सहित अन्य प्राचीन स्थलों के दर्शन कर धर्मलाभ अर्जित किया। संपूर्ण यात्रा के दौरान ब्रजभूमि राधा-कृष्ण के जयकारों और संकीर्तन से गुंजायमान रही।

कामां पंचायत चुनाव की मतगणना आज : जिला मुख्यालय पर सुबह 8 बजे से होगी गिनती, 25 वार्डों के नतीजे आएंगे

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी

कामां -राजस्थान पंचायत चुनाव के सभी चरण शांतिपूर्ण तरीके से पूरे होने के बाद अब सबकी निगाहें मतगणना पर टिकी हुई हैं। शुक्रवार 20 नवंबर को जिला मुख्यालय पर मतगणना होगी। मतगणना सवेरे 8 बजे शुरू की जाएगी। इसके लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतगणना स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बैरिकेडिंग, पुलिस बल की तैनाती और आवागमन की व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

अधिकारियों के अनुसार, साढ़े नौ बजे तक सभी वार्डों के रुझान सामने आ जाएंगे। इसके बाद सवेरे 11 बजे तक स्थिति पूरी तरह क्लियर हो जाएगी। किस वार्ड से कौन जीता, यह तस्वीर साफ हो जाएगी। कामां पंचायत समिति में कुल 25 वार्ड हैं। यहां तीसरे चरण में 3 नवंबर को मतदान हुआ था। मतदान के बाद से ही प्रत्याशियों और समर्थकों में उत्सुकता बनी हुई है। गांवों में हार-जीत को लेकर चचाओं का दौर जारी है। कई जगहों पर समर्थक अपने-अपने प्रत्याशी की जीत का दावा कर रहे हैं।

प्रशासन ने मतगणना के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का समयबद्ध निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं। मतगणना स्थल पर अनावश्यक भीड़ न लगाने की अपील भी की गई है। चुनाव परिणाम आने के बाद विजय जुलूस आदि के लिए भी नियमों का पालन करना होगा। मतगणना के बाद ही यह तय होगा कि कामां पंचायत समिति में किसका पलड़ा भारी रहेगा और कौन से प्रत्याशी पंचायत समिति सदस्य बनकर क्षेत्र के विकास की जिम्मेदारी संभालेंगे।

छोटी-छोटी कमियां ही एक दिन बहुत बड़ी कमी बन जाती है- हरि चैतन्य पुरी

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



कामवन :- तीर्थराज विमल कुण्ड स्थित हरि कृपा आश्रम के संस्थापक एवं हरि कृपा पीठाधीश्वर व विश्व विख्यात संत स्वामी हरि चैतन्य पुरी महाराज ने यहाँ हरि कृपा आश्रम में उपस्थित भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी गलतियों को, दोषो, विकारो, व्यसनों व बुराइयों को कभी छोटा न समझे । छोटी-छोटी कमियां ही एक दिन बहुत बड़ी कमी बन जाती है। जो हमारे जीवन को पतन के कगार पर पहुंचा देती हैं। नित्य आत्मान्वेषण करें। अपने मन की नही, आत्मा की आवाज को सुने। आपके जीवन में वांछित परिवर्तन भी आना चाहिए। धर्म से, गुरु या किसी संत से अथवा परमात्मा से यदि आप जुड़े हैं तो आपका और भी अधिक उत्तरदायित्व हो जाता है कि आपके आचरण, स्वभाव, खानपान, वाणी, संगति आदि और भी श्रेष्ठ हो। आत्मा व परमात्मा एक ही है मगर फिर भी अलग हैं। परमात्मा सृष्टि के कण कण में विद्यमान है और आत्मा उसके एक अंश में, परमात्मा का आत्मा के बिना अस्तित्व है मगर आत्मा का परमात्मा के बिना कोई अस्तित्व नहीं है। परमात्मा का इस सृष्टि में सबसे एक ही नाता है भक्ति का। उसके यहाँ ऊँच-नीच, जाति-पाति आदि का कोई भेद नहीं है। परमात्मा के लिए तो एक मात्र प्रेमपूर्ण भक्ति ही सर्वस्व है। भक्तिहीन मनुष्य ठीक उसी प्रकार है जैसे बिना जल के बादल, चाहे वह कितने ही उज्जवल क्यों न हो, मगर किसी के काम के नहीं होते। भक्तिहीन जीवन कितनी ही विशेषताओं से पूर्ण होने पर भी बेकार है।भक्तिमय मनुष्य परमात्मा को अत्यंत प्रिय होते हैं। और वही विशेष कृपा के अधिकारी होते हैं।

उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन को श्रेष्ठ व मर्यादित बनाने के लिए जहाँ से अच्छाई मिले वहाँ से ग्रहण करके अपने जीवन को समाज के लिए कल्याणकारी श्रेष्ठ व मर्यादित बनाए। संसार में किसी को भी, कभी भी, किसी प्रकार से भी दुख, भय या कलेश नहीं पहुँचना चाहिए। तथा न ही पहुँचाने की प्रेरणा या इच्छा करनी चाहिए। सदैव सत्य स्वरूप परमात्मा की ही शरण लेनी चाहिए। हमें प्रभु का कृपा पात्र बनने की कोशिश करनी चाहिए दया पात्र नहीं। प्रेम पूर्वक की गई भक्ति से परमात्मा प्रसन्न होते हैं। और अपने भक्तों पर कृपा करते हैं।

उन्होंने कहा कि इस संसार में कर्म,विकर्म, अकर्म को समझना बड़ा ही कठिन है। इनको या तो भगवान जानते हैं या तो भगवद तत्व का अनुभव करने वाले महात्मा लोग जानते हैं। अपने मन से कल्पना कर बैठना की यह पाप है, यह पुण्य है, यह अज्ञानता का लक्षण है। परमात्मा के सिवाय ऐसा कौन है जिसको पाप और पुण्य का साक्षात्कार हुआ हो ? इसी कारण भगवान खरा खोटा नहीं देखते हैं जो उनकी शरण में आ जाए उसे स्वीकार कर लेते हैं। सुख-दुख, हानि-लाभ, यश-अपयश, जीवन- मृत्यु, अनुकूल-प्रतिकूल सभी में परमात्मा की कृपा का सदैव अनुभव करते हुए प्रभु स्मरण व अपने अपने कर्तव्यों का पालन करते रहने में ही कल्याण है। उन्होंने कहा कि अन्तरदृष्टि(दिव्य नेत्र) खुलने पर परमात्मा या आत्मा का स्वरूप दिखाई देगा। बाह्य चर्म नेत्रों से बाह्य चर्म इत्यादि ही दिखता है। वह दिव्य दृष्टि या तो प्रभु कृपा कर के दे दे, जैसे अर्जुन द्वारा विराट रूप देखने की इच्छा जाहिर करने पर प्रभु कहते हैं कि इन नेत्रों से तू मेरे उस स्वरूप को नहीं देख सकता इनसे तो सभी देख रहे हैं किसने पहचाना ? तुझे दिव्य नेत्र प्रदान करता हूं उनसे तू मुझे देख। या गुरु कृपा से प्राप्त हो सकते हैं जैसे व्यास जी संजय को प्रदान करते हैं या ऐसा भक्त या संत दे सकता है, जैसे वाह्य नेत्र ना होने के बावजूद धृतराष्ट्र को संजय ने सारा वृतान्त बता दिया व दिखा दिया।

अपने धारा प्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी को मंत्रमुग्ध व भाव विभोर कर दिया । सारा वातावरण भक्तिमय हो गया व श्री गुरु महाराज, कामां के कन्हैया व लाठी वाले भैय्या की जय जयकार से गूंज उठा।

आश्रम में श्री महाराज जी के दर्शनों व दिव्य प्रवचनों को सुनने के लिए स्थानीय, क्षेत्रीय व दूर दराज से भक्तों का निरंतर ताँता लगा हुआ है । आश्रम में निरंतर चल रही कारसेवा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। आज श्री महाराज जी गुरुद्वारा में मत्था टेकने भी पधारे ।

कार्तिक मास में निकलने वाली प्रभातफेरी प्रातःकाल आश्रम में भी आयेगी। शब्द, कीर्तन का आयोजन होगा व श्री महाराज जी का पवित्र गुरूवाणी पर दिव्य संदेश होगा ।

आश्रम में कल 20 नवंबर को सांय 4 बजे से एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया है । जिसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों व शहीद परिवारों का सम्मान होगा । आश्रम को सुन्दर सजाया गया है ।

अनेक प्रसिद्ध भजन गायक भजन प्रस्तुत करेंगे । तीर्थराज विमल कुण्ड का 101 किलो दूध से महाभिषेक किया जाएगा । भव्य व विशाल महाआरती की जाएगी । हजारों दीप जलाए जाएंगे । यह कार्यक्रम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व शहीदों को समर्पित किया गया है । इस अवसर पर अखंड रामचरित मानस पाठ का भी आयोजन होगा ।

पार्थ पथ महोत्सव यात्रा- तीसरा दिन

करन राठौर पत्रकार



तृतीय दिवस 19 नवंबर2026 गुरुवार
संयोजक शिवम राठौर. सह संयोजक नीरज शुक्ला ,सह संयोजक प्रदीप मिश्रा गलरई
श्री शिव मंदिर मुक्तिधाम दिलावलपुर,संयोजक शिवम राठौर,सह संयोजक ठाकुर डेकोरेटर सह संयोजक अमन राठौर,श्री गोमतेश्वर नाथ,श्री अवधेश्वर नाथ मंदिर सिरसा घाट दिलावलपुर।
बाबा कृष्णदास ,बाबा भोले गिरी ,बाबा मदन दास ,बाबा जगमोहन दास श्री ऊँचवानाथ मंदिर ऊँचवा आश्रम दिलावलपुर
बाबा राम भूषण दास बाबा ब्रम्हचारी संयोजक आनंद बाजपेई
सह संयोजक कृष्ण गोपाल सेठ,सह संयोजक अनुज शुक्ला बब्बन सह संयोजक शिवशंकर वर्मा श्री अमरी माता मंदिर अमरी घाट,संयोजक श्री गौरव कुमार गुप्ता सह संयोजक श्री अश्वनी सिंह सह संयोजक श्री प्रवीण मेहरोत्रा व गोमती श्रमदान मूवमेंट की पूरी टीम, श्री टेढ़ेनाथ बाबा,पुजारी प्रेमचंद्र गिरी
संयोजक मोती चन्द्र सिंह ,सह संयोजक रमेश तिवारी ,सह संयोजक कमलेश मिश्रा
श्री पशुपतिनाथ,संयोजक विपिन त्रिपाठी सह संयोजक सत्य प्रकाश गुप्ता ,श्री जंगलीनाथ बाबा मंदिर,बाबा शिवनारायण सिंह
संयोजक राम जी सिंह प्रधानसह संयोजक पुष्पेन्द्र सिंह सह संयोजक राहुल सिंह सहयोगी स0 जीतू सिंह प्रधान
श्री गरीबनाथ बाबा मंदिर शाहपुर जागीर,संयोजक चौ0 दिलीप सिंह ,सहयोगी बबलू राम बेलहरा ,बाबा परमेश्वर दीन उर्फ भूत बाबा, वरदानी सिंह शाहपुर जागीर,सुधीर सिंह
श्री कांकड़ नाथ बाबा मंदिर,संयोजक बलराम सिंह ,सह संयोजक विजय कुमार सिंह ,सह संयोजक शिव नारायण सिंह
सहयोग अनुज सिंह
श्री भुरिया नाथ बाबा मंदिर बरबर,संयोजक पँ0 राजनरायन मिश्रा ,सह संयोजक धीरेन्द्र बहादुर श्रीवास्तव एड0 ,सह संयोजक प्रशांत पाण्डेय एड0 ,सहयोगी नितिन द्विवेदी ,सहयोगी गंगाराम सक्सेना भोजन/जलपान यात्रा सम्पन्न विदाई,अतिथियों का सम्मान अंकुर यादव द्वारा किया गया,
तीन दिवसीय पार्थ पथ महोत्सव का सफल आयोजन
लोकेन्द्र प्रताप सिंह एड0 विधायक मोहमदी
अमित भसीन जिला संघ चालक(रा0स्व0सं0 गोला)
श्री महेंद्र कुमार बाजपेई ब्लॉक प्रमुख मोहमदी
संदीप मेहरोत्रा कन्हैया, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मोहमदी
संजय त्रिपाठी नदी एवं जल स्रोत संरक्षण प्रमुख(ब्रज प्रान्त)
अतुल रस्तोगी सह संयोजक लोकभारती अवध प्रान्त ने किया,
मुख्य रूप से जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह क्षार
उपजिलाधिकारी राजेश प्रताप सिंह
क्षेत्राधिकारी अरूण कुमार सिंह
विजय बहादुर सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष लोक भारती
बृजेन्द्र पाल सिंह राष्ट्रीय संगठन मंत्री लोक भारती
गोपाल मोहन उपाध्याय राष्ट्रीय संगठन सचिव संगठन
योगी हनुमान नाथ जी महाराज पीलीभीत न्यूरॉनपुर मुड़िया,योगी वेदनाथ जी महाराज पीलीभीत
महामंडलेश्वर श्री स्वामी प्रवक्ता नंद जी महाराज मा0 विधायक बरखेड़ा पीलीभीत
रुद्रावार्य महाराज महंत पन्न घाट पुवायां
विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह 144 मोहमदी
रणंजय सिंह, सह संयोजक अवध प्रांत
कमलेश सिंह संयोजक अवध प्रांत
अश्वनी सिंह सदस्य राष्ट्रीय कार्य समिति लोक भारती
झब्बू सिंह, कृष्णा तिवारी,राजेन्द्र पाल,
राजीव सिंह जेवाँ,कृष्ण कुमार गुप्ता जिलाध्यक्ष शल्ढ शाजहाँपुर, अभय मिश्रा पुवायां,सुबोध वर्मा संयोजक पुवायां
प्रेम शंकर बाजपेयी भैंसी भगीरथ, जिला संयोजक शाहजहांपुर लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, अधीर त्रिवेदी,मुदित मिश्रा, सुधीर सिंह प्रान्त प्रशिक्षण प्रमुख,
सीमा कश्यप जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा

'जिला कलेक्टर मयंक मनीष ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक, बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की,सावित्रीबाई फुले छात्रावास भवन का 90 एवं बेढ़म डीग पशु चिकित्सालय का 92 प्रतिशत कार्य पूर्ण, डीग बस स्टैंड का थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन कराने के निर्देश

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



डीग -जिला कलेक्टर मयंक मनीष ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर बजट घोषणा वर्ष 2024-25, 2025-26 एवं 2026-27 के तहत जिले में चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभागवार प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) की पालना तथा 20 नवंबर को होने वाली मतगणना की तैयारियों की भी समीक्षा की गई।

बैठक में विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति के संबंध में बताया गया कि राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा निमार्णाधीन सावित्रीबाई फुले छात्रावास भवन का लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। वहीं बेढ़म, डीग में नवीन पशु चिकित्सालय भवन का 92 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है तथा शेष फिनिशिंग कार्य किया जाना है। जिला कलेक्टर ने दोनों कार्यों की शेष गतिविधियां शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने डीग बस स्टैंड का थर्ड पार्टी निरीक्षण करवाने के निर्देश देते हुए कहा कि इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए, ताकि निर्माण कार्य की वास्तविक स्थिति, गुणवत्ता एवं संभावित कमियों का आकलन हो सके। निरीक्षण में यदि कोई कमी सामने आती है तो उसे स्पष्ट रूप से रिपोर्ट में शामिल कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

ग्रेप की पालना एवं यातायात व्यवस्था

बैठक में बताया गया कि ग्रेप-3 की अवधि समाप्त हो चुकी है तथा वर्तमान में 5 नवंबर से 20 नवंबर तक ग्रेप-2 लागू है। इसके तहत निर्माण गतिविधियां भी रोकी गई हैं, जिन्हें 20 नवंबर के बाद पुनः प्रारंभ किया जाएगा। जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को ग्रेप के प्रावधानों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने डीग के लक्ष्मण मंदिर चौराहे एवं कामां के कोसी चौराहे पर यातायात जाम की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दोनों चौराहों पर यातायात सुचारू रखने तथा जाम की स्थिति से निजात दिलाने के लिए कार्ययोजना के अनुरूप कार्रवाई करने को कहा।

मतगणना व्यवस्थाओं की समीक्षा

जिला कलेक्टर ने 20 नवंबर को होने वाली पंचायतीराज आम चुनाव-2026 की मतगणना की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मतगणना स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था, आवागमन एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने तथा संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का समयबद्ध निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में आरक्षण की चक्रानुक्रम व्यवस्था लागू करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ मोदीनगर। विनोद गौतम, पूर्व सभासद एवं जिला उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय लोक दल के नेतृत्व में आज उपजिलाधिकारी मोदीनगर के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार के नाम एक मांग-पत्र/ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि पंचायत एवं नगर निकाय चुनावों में प्रचलित आरक्षण की चक्रानुक्रम (रोटेशन) व्यवस्था के सिद्धांत पर लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में भी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण की व्यवस्था लागू की जाए। साथ ही आरक्षित एवं अनारक्षित निर्वाचन क्षेत्रों का आवंटन निर्धारित चक्र के अनुसार बदलता रहे, जिससे सभी वर्गों को राजनीतिक प्रतिनिधित्व के समान अवसर प्राप्त हो सकें।



ज्ञापन में विशेष रूप से उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनावझ 2027 से इस व्यवस्था की शुरूआत करने के लिए आवश्यक संवैधानिक एवं कानूनी संशोधन तथा परिसीमन की प्रक्रिया प्राथमिकता से शुरू करने की मांग की गई। विनोद गौतम ने कहा कि इस मांग का उद्देश्य किसी भी वर्ग के अधिकारों को कम करना नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समान अवसर और लोकतंत्र में सभी वर्गों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करना है।

इस अवसर पर आकाश गौतम एडवोकेट, सचिन, निशांत, वैभव, प्रधान ब्रह्मसिंह, यश गौतम, गौरव एडवोकेट, आदित्य एडवोकेट, जे. पी. गौतम, शशि गौतम पूर्व सभासद, वैभव, आदि सहित अनेक लोगो के हस्ताक्षरित ज्ञापन दिया। ज्ञापन की प्रतिलिपि भारत निर्वाचन आयोग, केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की गई।

गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, विधानसभा चुनाव-2027 के मद्देनजर 16 दरोगाओं के कार्यक्षेत्र बदले

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। कमिश्नरेट में कानून-व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने तथा आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों के दृष्टिगत पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल किया गया है। पुलिस महानिरीक्षक (स्थापना), उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय/अपराध) द्वारा जारी आदेश के तहत कुल 16 उपनिरीक्षकों (दरोगाओं) का तत्काल प्रभाव से एक जोन से दूसरे जोन में स्थानांतरण कर दिया गया है।जारी सूची के अनुसार,नगर जोन से चार उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं,जिनमें थाना विजयनगर से उ.नि. राजकुमार, क्रॉसिंग रिपब्लिक से उ.नि.राजेश कुमार और माप संग्रह इकाई से उ.नि.ललित चौधरी को ट्रांसहिंडन जोन भेजा गया है,जबकि थाना नन्दग्राम में तैनात उ.नि.सन्दीप कुमार को ग्रामीण जोन में नई तैनाती दी गई है।वहीं,सबसे बड़ा बदलाव ट्रांसहिंडन जोन में देखने को मिला है, जहां से 12 उपनिरीक्षकों को नगर और ग्रामीण जोन में स्थानांतरित किया गया है। इसके तहत थाना साहिबाबाद से उ.नि. अविनाश और उ.नि.अनुज सिरोही, थाना इन्दिरापुरम से उ.नि. अंकुर,थाना लिंक रोड से उ.नि. विपिन कुमार व उ.नि. हरदीप सिंह, थाना कौशाम्बी से उ.नि. अंकित कुमार तथा क्यूआरटी से उ.नि. आशीष जादौन को नगर जोन भेजा गया है। इसके अतिरिक्त थाना साहिबाबाद से उ.नि. अनुज कुमार, उ.नि. जितेन्द्र कुमार व उ.नि. रामनरेश पाल, थाना कौशाम्बी से उ.नि. योगेन्द्र कुमार और थाना लिंक रोड से उ.नि. सम्भव सक्सेना को ग्रामीण जोन में स्थानांतरित किया गया है।

भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल की आईटी संयोजक मनी सेठ के आवास पर एक स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ मुरादनगर। भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल की आईटी संयोजक मनी सेठ के न्यू डिफेंस कॉलोनी स्थित आवास पर एक स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीमती बिंदु त्यागी को भाजपा महिला मोर्चा (पश्चिम उत्तर प्रदेश) की क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किए जाने पर कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष राहुल गोयल, मंडल मंत्री तनु शर्मा और महानगर मंत्री (महिला मोर्चा) शैली त्यागी उपस्थित रहीं। इस दौरान सभी ने बिंदु त्यागी को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में संगठन को और मजबूती मिलेगी। स्वागत समारोह में सीमा, अनीता, बीना, तहीम और रेखा सहित महिला मोर्चा की अन्य कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बहनें मौजूद रहीं।



रायसिंहनगर वन रेंज में अवैध लकड़ी का कारोबार! पदमपुर, करणपुर और रायसिंहनगर में कथित तौर पर चल रही अवैध आरा मशीने

रायसिंहनगर महेन्द्र पाल मेघवाल श्रीगंगानगर जिले की रायसिंहनगर वन रेंज के अंतर्गत पदमपुर, श्रीकरणपुर एवं रायसिंहनगर शहर में अवैध रूप से लकड़ी का भंडारण और आरा मशीनों के संचालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय स्तर पर सामने आ रही शिकायतों के अनुसार क्षेत्र में कथित तौर पर बिना वैध अनुमति के आरा मशीनें संचालित की जा रही हैं तथा लकड़ी का भंडारण किया जा रहा है। यदि इन शिकायतों की पुष्टि होती है, तो इससे राज्य सरकार को राजस्व का नुकसान होने की आशंका है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की जानकारी में यह गतिविधियां हैं या नहीं? यदि जानकारी है, तो अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की गई?

स्थानीय ने उठाई जांच और कार्रवाई की मांग

स्थानीय ने वन विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि रायसिंहनगर वन रेंज के अंतर्गत आने वाले पदमपुर, श्रीकरणपुर एवं रायसिंहनगर शहर में संचालित आरा मशीनों और लकड़ी के भंडारण की निष्पक्ष जांच करवाई जाए।

साथ ही सभी आरा मशीनों के लाइसेंस, लकड़ी के स्टॉक और परिवहन संबंधी दस्तावेजों की जांच की जाए। यदि कहीं अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाए।

अब देखना यह है कि वन विभाग के उच्चाधिकारी इस मामले में कब संज्ञान लेते हैं और क्षेत्र में जांच एवं कार्रवाई कब शुरू होती है।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार 21 नवंबर को जिले में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे

कार्यकर्ता सम्मेलन व विकास कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम में होंगे शामिल

सुनहरा संसार

रहीम शेरानी झाबुआ मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष उमंग सिंगार 21 नवंबर को झाबुआ जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे।

उमंग सिंगार मेघनगर विकासखंड के ग्राम बिसलपुर में आयोजित होने वाले विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन तथा विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों के भूमिपूजन व लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।



नेता प्रतिपक्ष के इस दौरे को लेकर जिले के समूचे कांग्रेस खेमे में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है

झाबुआ के पूर्व विधायक जेवियर मेड़ा ने नेता प्रतिपक्ष के अधिकृत प्रवास कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि उमंग सिंगार 21 नवंबर को प्रातः 11 बजे धार जिले के सरदारपुर से सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान करेंगे। वे दोपहर ठीक 12 बजे झाबुआ जिले के मेघनगर विकासखंड अंतर्गत ग्राम बिसलपुर पहुंचेंगे। ?बिसलपुर में आयोजित मुख्य समारोह के दौरान सिंगार क्षेत्र के कार्यकताओं को संबोधित करेंगे और आगामी राजनीतिक रणनीतियों पर भी चर्चा करेंगे।

इसके साथ ही वे स्थानीय स्तर पर स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन और पूर्ण हो चुके कार्यों का उद्घाटन भी करेंगे।

कार्यक्रम के समापन पश्चात नेता प्रतिपक्ष दोपहर 3 बजे बिसलपुर से इंदौर के लिए रवाना होंगे और शाम 5 बजे इंदौर पहुंचेंगे।

मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता साबिर फिटवेल ने बताया की

इस भव्य आयोजन की सफलता के लिए ब्लॉक स्तर से लेकर बूथ स्तर तक के पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

कार्यक्रम में झाबुआ जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेस नेता आदिवासी विकास परिषद के पदाधिकारी जनप्रतिनिधि युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस एनएसयूआई के पदाधिकारी कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीणजन शामिल होंगे।

नेता प्रतिपक्ष के आगमन को लेकर क्षेत्र के कार्यकताओं द्वारा जगह-जगह स्वागत द्वार भी लगाए जाएंगे और ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क कर अधिक से अधिक संख्या में बिसलपुर पहुंचने का आह्वान किया जा रहा है।

विधायक वीरसिंह भूरिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष यामीन शेख ने बताया की उमंग सिंगार का यह प्रवास अंचल में कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा

आयोजन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जनपद अध्यक्ष ललिता मुकेश मुणिया मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद के कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष रमेश गणावा कालू सिंह नलवाया चेन सिंग डामोर पार सिंग डिंडोर आदिवासी विकास परिषद जिला अध्यक्ष मथियास भूरिया मुकेश मुणिया आदिवासी विकास परिषद के जिला उपाध्यक्ष राजेश डामोर दीवान डामोर विशाल राठौर राजेश डामोर आदि नेताओं ने समस्त जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी से अधिक से अधिक संख्या में बीसलपुर पहुंचने का आह्वान किया है

आचार्य भगवंत श्री तीर्थेंद्रसूरीश्वरजी की 135 वीं जन्म जयंती श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाई गई

- वासक्षेप पूजा, दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण एवं आरती के साथ हुआ आयोजन
- आचार्य भगवंत गुणों के भंडार थे, उनके गुणों को हमें अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए - साध्वी श्री अविचलद्रष्टा श्रीजी

रहीम शेरानी झाबुआ



झाबुआ स्थानीय जैन तीर्थ श्री ऋषभदेव बावन जिनालय पर पूज्य आचार्य भगवंत श्रीमद् विजय तीर्थेंद्रसूरीश्वरजी महाराज साहेब की 135 वीं जन्म जयंती श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर अत्र विराजित पूज्य साध्वी श्री अविचलद्रष्टा श्रीजी महाराज साहेब आदि ठाणा-7 की पावनकारी निश्रा में विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जन्म जयंती के अवसर पर गुरुदेव के चित्र पर वासक्षेप पूजा, दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण एवं आरती कर गुरु भक्ति प्रकट की गई। साथ ही श्री संघ की ओर से भव्य गुणानुवाद सभा का आयोजन किया गया, जिसमें गुरुदेव के जीवन, तप, त्याग, संयम एवं धर्म प्रभावना के कार्यों का स्मरण कर उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

श्री संघ के रिंकू रूनवाल ने बताया कि प्रातः 8 बजे श्री ऋषभदेव बावन जिनालय में आयोजित कार्यक्रम में माल्यार्पण का लाभार्थी बनने का सौभाग्य सुरेंद्र कुमार उदेलालजी कांठी परिवार को प्राप्त हुआ। दीप प्रज्ज्वलन का लाभ श्रीमती समता संजयजी कांठी परिवार ने लिया। गुरुदेव के चित्र पर वासक्षेप पूजा अनिल कुमार, सुनील कुमार मोहनलाल राठौड़ परिवार द्वारा की गई। वहीं गुरुदेव की मंगल आरती उतारने का लाभ श्रीमती मनोरमादेवी न्यायसिंधु कोठारी परिवार ने लिया। श्री संघ के वरिष्ठ श्रावकरत्न धर्मचंद मेहता ने गुरु वंदन की विधि संपन्न कराई।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन एवं गुरुभक्त उपस्थित रहे।

गुणानुवाद सभा में साध्वीजी ने किया गुरुदेव के गुणों का स्मरण

श्री संघ की ओर से आयोजित गुणानुवाद सभा में पूज्य साध्वी श्री अविचलद्रष्टा श्रीजी म.सा. ने आचार्य भगवंत के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूज्य आचार्य श्री अनेक गुणों के भंडार थे।

वे सदैव तप, जप एवं ध्यान की साधना में लीन रहते थे। उनका संपूर्ण जीवन धर्म, संयम, साधना एवं आत्मकल्याण की प्रेरणा देने वाला था। हमें केवल उनके गुणों का स्मरण ही नहीं करना चाहिए, बल्कि उनके आदर्शों एवं सद्गुणों को अपने जीवन में उतारने का भी प्रयास करना चाहिए। यही गुरुदेव के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर श्री संघ अध्यक्ष संजय मेहता एवं वरिष्ठ परम गुरुभक्त अशोक राठौर ने भी आचार्य भगवंत द्वारा झाबुआ एवं पारा नगर व श्री संघ पर किए गए अनेक उपकारों का स्मरण करते हुए भावपूर्ण गुणानुवाद किया। कार्यक्रम में प्रभावना का लाभ अशोक राठौर परिवार द्वारा लिया गया।

श्री गोड़ी पार्श्वनाथ मंदिर किशनपुरी में भी मना जन्मोत्सव

आचार्य श्री तीर्थेंद्रसूरी समिति के वरिष्ठ केलाश सकलेचा ने बताया कि पूज्य आचार्य श्री की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में श्री गोड़ी पार्श्वनाथ मंदिर, किशनपुरी में भी प्रातः 10 बजे पूज्य साध्वीजी भगवंत की पावन निश्रा में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां भी गुरुदेव के चित्र पर वासक्षेप पूजा, दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण एवं आरती कर गुरु भक्ति की गई।

आचार्य श्री तीर्थेंद्र सूरी समिति की ओर से गुणानुवाद सभा का आयोजन किया गया, जिसमें पूज्य साध्वीजी भगवंत के मंगल प्रवचन हुए। कार्यक्रम के पश्चात श्री संघ की नवकारसी का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में गुरुभक्त एवं समाजजन सम्मिलित हुए।

अष्टप्रकारी पूजन के साथ गुरु भक्ति की आराधना

जन्म जयंती के उपलक्ष्य में गोडीजी तीर्थ पर दोपहर 2 बजे आचार्य भगवंत श्री तीर्थेंद्रसूरीश्वरजी की अष्टप्रकारी पूजन का आयोजन किया गया।

पूजन श्री हेमेंद्रसूरी महिला मंडल द्वारा पढ़ाई गई।

पूजन का लाभ लेने का सौभाग्य वागोड़ा निवासी सा. सुमेरुमल सरेमल बंदामुथा परिवार को प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला मंडल की बहनें उपस्थित रहीं। इस प्रकार आचार्य भगवंत श्री तीर्थेंद्रसूरीश्वरजी महाराज साहेब की 135 वीं जन्म जयंती पर झाबुआ के विभिन्न जिनालयों में गुरु भक्ति, गुणानुवाद एवं धार्मिक आराधना के माध्यम से गुरुदेव के प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता व्यक्त की गई। समस्त आयोजन भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुए।

15 साल बाद जम्मू में बिखरेगा जादू का तिलिस्म: सत शर्मा ने किया जादूगर सम्राट शंकर के भव्य शो का शुभारंभ

संवाददाता राम भरोसे शर्मा।

जम्मू, 18 नवंबर: शहरवासियों के मनोरंजन के लिए आज एक बेहद खास और रोमांचक अध्याय की शुरूआत हुई। राज्यसभा सांसद एवं जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष सत शर्मा ने विधायक विक्रम रंधावा के साथ मिलकर विश्व प्रसिद्ध 'जादूगर सम्राट शंकर' के भव्य मैजिक शो का विधिवत उद्घाटन किया। इस गरिमामय अवसर पर गुर्जर देश चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन और कई अन्य प्रमुख पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

एक महीने तक चलेगा लाइव जादू का रोमांच

गोल्ड इवेंट्स और जादूगर सम्राट शंकर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह महीना भर चलने वाला जादुई महोत्सव पूरे डेढ़ दशक (15 वर्षों) के लंबे अंतराल के बाद जम्मू की धरती पर लौटा है। इस शो का मुख्य उद्देश्य शहर के लोगों–विशेषकर बच्चों–को लाइव जादू की हैरतअंगेज कला और रोमांच से रूबरू कराना है।

आयोजकों के प्रयास की सराहना

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सत शर्मा ने इस अनूठी पहल की जमकर







प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच जम्मू के लोगों के लिए ऐसा स्वस्थ, मनोरंजक और अद्भुत कार्यक्रम लाना आयोजकों का एक सराहनीय कदम है।

शहरवासियों के लिए सुनहरा अवसर

वहीं, गोल्ड इवेंट्स की सीईओ मोनिका वी शर्मा ने उत्साह व्यक्त करते हुए बताया कि सम्राट शंकर ने आखिरी बार करीब 15 साल पहले जम्मू में अपनी कला का प्रदर्शन किया था। ऐसे में उनकी यह वापसी शहरवासियों के लिए किसी बड़े तोहफे से कम नहीं है। उन्होंने सभी अभिभावकों से विशेष अपील की कि वे अपने बच्चों के साथ आकर इस लाइव जादुई अनुभव का आनंद जरूर उठाएं।

जम्मू: कला और मनोरंजन के क्षेत्र में अग्रणी संस्था 'अ कम्प्लीट एडवरटाइजिंग यूनिट' की ओर से विश्व प्रसिद्ध जादूगर सम्राट शंकर के अद्भुत और रोमांचक जादुई शो का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जम्मू स्थित गुर्जर देश चैरिटेबल ट्रस्ट (Gurjar Desh Charitable Trust) में 18 नवंबर 2026 से शुरू हो गया है।

कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में जम्मू-कश्मीर से राज्यसभा सांसद श्री सतपाल शर्मा (सी.ए.) मुख्य अतिथि (Chief Guest) के रूप में शामिल हुए, जबकि बाहु क्षेत्र के विधायक श्री विक्रम रंधावा ने विशिष्ट अतिथि (Guest of Honour) के रूप में शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

शो का समय और टिकट दरें:

शो का समय: प्रतिदिन दो शो (दोपहर 12:30 बजे और शाम 6:30 बजे)

टिकट दरें: 200 रुपये, 300 रुपये और 500 रुपये

आयोजकों ने शहरवासियों और विशेषकर बच्चों व परिवारों से इस पारिवारिक और मनोरंजक कार्यक्रम का अधिक से अधिक संख्या में आनंद लेने की अपील की है।

श्रीमहन्त नारायण गिरि जी महाराज के पावन सान्निध्य में ज्योति प्रज्वलित कर श्री खाटू श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा का शुभारंभ

श्री बालाजी एवं श्री खाटूश्यामजी मंदिर में 20 नवंबर को भव्य पाटोत्सव एवं श्याम भजन संध्या का आयोजन

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ

गाजियाबाद। में श्री श्याम सेवा कुटुंब परिवार मंदिर समिति ट्रस्ट (रजि.) द्वारा आयोजित भव्य श्री खाटू श्याम निशान यात्रा का शुभारंभ प्राचीन एवं ऐतिहासिक सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ महादेव मठ मंदिर,गाजियाबाद के पीठाधीश्वर, श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, जूना अखाड़ा 13 मढ़ी के अध्यक्ष, दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष, श्री दूधेश्वर वेद विद्यालय के संरक्षक, हिंदू यूनाइटेड फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्ल्ड पीस ऑर्गेनाइजेशन के अंतरराष्ट्रीय महामंत्री श्रीमहन्त नारायण गिरि जी महाराज के पावन सान्निध्य एवं आशीर्वाद से हुआ।

महाराजश्री ने भगवान श्री खाटू श्याम बाबा के चरणों में विधिवत पूजा-अर्चना कर ज्योति प्रज्वलित की तथा पवित्र निशान यात्रा का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने जय श्री श्याम, हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा तथा जय श्री दूधेश्वरनाथ महादेव के जयघोष से संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

श्रीमहन्त नारायण गिरि जी महाराज ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि भगवान श्री खाटू श्याम बाबा कलियुग में भक्तों के विश्वास, त्याग,समर्पण और अटूट श्रद्धा के प्रतीक हैं। जो भक्त सच्चे मन से भगवान का स्मरण करता है, उसके जीवन में आध्यात्मिक शक्ति, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।महाराजश्री ने कहा कि सनातन धर्म में निशान यात्रा का विशेष आध्यात्मिक महत्व है। यह केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि भगवान के प्रति पूर्ण समर्पण, भक्ति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने, नई पीढ़ी में सनातन संस्कारों का संचार करने तथा भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।



उन्होंने श्री श्याम सेवा कुटुंब परिवार मंदिर समिति ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं को आयोजन के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया। इस पावन अवसर पर महंत शशिकांत शास्त्री का विशेष सान्निध्य तथा डॉ. अनिल अग्रवाल की मुख्य अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति रही।आयोजन समिति के संरक्षक मंडल में राकेश कुमार करन, डॉ.अनिल अग्रवाल मुख्य संरक्षक,अनिल अग्रवाल लोहिया चेयरमैन, योगेश गोयल, प्रदीप गुप्ता, रामअवतार जिंदल, अनिल गर्ग, देवेंद्र हितकारी, पी. के. गुप्ता, अमन अग्रवाल, विजय मित्तल तथा सुनील जिंदल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अध्यक्ष विशाल गर्ग, महासचिव कुलदीप अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अंकुर मित्तल,उपाध्यक्ष पुनीत अग्रवाल,सचिव दीपक अग्रवाल एवं सह-कोषाध्यक्ष गुरुविन्द कंसल ने आयोजन की व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समिति के मंत्री मंडल में अंकित गर्ग, विकास गर्ग,वैभव गोयल, अमित गुप्ता, वैभव जैन, दीपक शर्मा (शालीमार) अरविंद वत्स, पंकज अग्रवाल, आयुष अग्रवाल,अंशुल गोयल तथा संजीव चौधरी का सहयोग रहा। प्रचार मंत्री अतुल भूषण, हर्ष अग्रवाल, शशांक जिंदल एवं शुभम गर्ग तथा ऑडिटर हितेश कंसल (सी. ए.) ने भी आयोजन में सहयोग प्रदान किया। आयोजन समिति द्वारा 20 नवंबर 2026, शुक्रवार को सायं 6 बजे से प्रभु इच्छा तक भव्य पाटोत्सव एवं श्याम भजन संध्या का आयोजन श्री बालाजी एवं श्री खाटूश्यामजी मंदिर, नेहरू हाउसिंग सोसाइटी, श्याम मार्ग, अम्बेडकर रोड, गाजियाबाद में किया गया। भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायक गौरव पारिक जी (कोलकाता), पूर्णिमा बंसल (दिल्ली) एवं प्रफुल्ल गुप्ता जी (किशोरी जी डेकोरेटर्स एंड साउंड) की विशेष सहभागिता रखी गई।

महाराजश्री ने कहा कि भगवान श्री खाटू श्याम बाबा की भक्ति हमें सिखाती है कि मनुष्य को सदैव धर्म, सत्य, करुणा, परोपकार और सेवा के मार्ग पर चलना चाहिए। भगवान की कृपा से ही जीवन में सुख, शांति और आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है। अंत में श्रीमहन्त नारायण गिरि जी महाराज ने सभी श्रद्धालुओं, आयोजकों एवं उनके परिवारों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य तथा विश्व कल्याण की मंगलकामना करते हुए भगवान श्री दूधेश्वरनाथ महादेव एवं श्री खाटू श्याम बाबा से सभी पर कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की। जय श्री श्याम। जय श्री दूधेश्वरनाथ महादेव। श्रीमहन्त नारायण गिरि जी महाराज पीठाधीश्वर, सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ महादेव मठ मंदिर,गाजियाबाद अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा।

छोटी खबरें

आजम खान साहब की रिहाई संविधान और न्याय व्यवस्था में विश्वास की जीत है - वसीम कुरैशी

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ गाजियाबाद। के कस्बा मुरादनगर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री आदरणीय आजम खान साहब की रिहाई को लेकर वसीम कुरैशी, जिला उपाध्यक्ष समाजवादी लोहिया वाहिनी गाजियाबाद ने कहा कि आजम खान



साहब की रिहाई संविधान, न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वालों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को न्याय पाने का अधिकार देता है। न्यायपालिका पर जनता का विश्वास हमारे लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। आजम खान साहब के समर्थकों और शुभचिंतकों के लिए यह खुशी का विषय है। वसीम कुरैशी ने कहा कि लोकतंत्र में असहमति और राजनीतिक विचारधारा का सम्मान होना चाहिए। कानून का राज सर्वोपरि है और हर व्यक्ति को निष्पक्ष न्याय मिलना चाहिए।

अंत में उन्होंने कहा कि हम संविधान, लोकतंत्र और न्यायपालिका के सम्मान के लिए हमेशा अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे।

बुलडोजर बाबा पुस्तक में दर्ज उत्तर प्रदेश में माफिया राज से कानून के शासन तक का सफर

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ नोएडा। उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था, माफिया तंत्र के विरुद्ध कार्रवाई और शासन व्यवस्था में आए बदलावों को केंद्र में रखकर लिखी गई पुस्तक ह्यबुलडोजर बाबा' उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने माफिया राज का कैसे अंत किया। बुलडोजर बाबा योगी आदित्यनाथ ने माफिया राज का इन उत्तर प्रदेश लेखक शान्तनु गुप्ता की महत्वपूर्ण कृति है। इस पुस्तक



का प्रकाशन गरुड़ प्रकाशन ने किया है। इस पुस्तक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था को लेकर अपनाई गई नीतियों, संगठित अपराध और माफिया तंत्र के विरुद्ध की गई कार्रवाई तथा प्रशासनिक व्यवस्था में आए बदलावों की यात्रा को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है।एक समय माफिया और अपराधियों के प्रभाव के लिए पहचाने जाने वाले उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम इस पुस्तक के प्रमुख विषय हैं। इसमें माफिया नेटवर्क पर कार्रवाई, अपराधियों की अवैध संपत्तियों के विरुद्ध बुलडोजर कार्रवाई और प्रशासनिक जवाबदेही जैसे विषयों के माध्यम से प्रदेश में बदलती शासन व्यवस्था को समझने का प्रयास किया गया है। पुस्तक का शीर्षक ह्यबुलडोजर बाबाह्न उत्तर प्रदेश की राजनीति और प्रशासन में बुलडोजर कार्रवाई की पहचान को रेखांकित करता है। लेखक ने इस पुस्तक के माध्यम से योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में हुए बदलावों, राजनीतिक निर्णयों और माफिया के विरुद्ध सरकारी कार्रवाई को शब्दों में दर्ज किया है। यह पुस्तक उत्तर प्रदेश की समकालीन राजनीति, प्रशासन और कानून-व्यवस्था के बदलते स्वरूप को समझने के लिहाज से पाठकों के लिए रुचिकर है। आज शान्तनु गुप्ता ने नोएडा विधायक पंकज सिंह से मुलाकात के दौरान अपनी पुस्तक भेंट की। इस अवसर पर पुस्तक के विषय और उत्तर प्रदेश में शासन व्यवस्था में आए बदलावों को लेकर चर्चा का अवसर भी मिला। पुस्तक भेंट करने के लिए शान्तनु का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद। मैं उनकी इस पुस्तक की सफलता और अधिकाधिक पाठकों तक पहुँचने की कामना करता हूँ।

मोदीनगर विधानसभा में विकास कार्यों को मिल रही नई गति, विधायक निधि से विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण





राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ मोदीनगर। विधानसभा क्षेत्र ग्राम भोजपुर एवं ग्राम मोहम्मदपुर सुजानपुर में विधायक निधि के अंतर्गत कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का विधायक डॉ मंजू शिवाच ने विधिवत लोकार्पण किया। ग्राम भोजपुर में लोकार्पित कार्य:

1.मेन रोड से अल्ताफके मकान तक इंटरलॉकिंग टाइल्स एवं नाली निर्माण कार्य, जिसकी अनुमानित लागत ?9.42 लाख (जीएसटी सहित) रही। 2.ओमपाल के मकान से शिव मंदिर तक तथा प्रेमचंद वाली गली में इंटरलॉकिंग टाइल्स एवं नाली निर्माण कार्य, जिसकी अनुमानित लागत 5.05 लाख (जीएसटी सहित) रही। ग्राम मोहम्मदपुर सुजानपुर में लोकार्पित कार्य:

1.देवी मंदिर से मुखीराम के मकान तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य, जिसकी लागत ?9.98 लाख रही।

2,रॉयल पब्लिक इंटर कॉलेज के सामने इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क निर्माण कार्य, जिसकी लागत ?6.55 लाख रही।

इन सभी विकास कार्यों पर कुल ?31 लाख की धनराशि खर्च की गई है। क्षेत्र के गांवों में सड़क एवं जल निकासी जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना हमारी प्राथमिकता है। हमारा निरंतर प्रयास है कि मोदीनगर विधानसभा का प्रत्येक गांव विकास की मुख्यधारा से जुड़े और क्षेत्रवासियों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों। जनसेवा और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही हमारा संकल्प है।

भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने वीरप्पा मोइली के बयान को लेकर कांग्रेस पर उठाए सवाल, मोदी और अमित शाह के खिलाफ आरोपों को बताया राजनीतिक, मनमोहन सिंह के नेतृत्व और निर्णय प्रक्रिया पर भी मांगा जवाब

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता वीरप्पा मोइली के बयान को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वीरप्पा मोइली के खुलासे ने कांग्रेस की तत्कालीन सरकार की कार्यप्रणाली और लोकतांत्रिक व्यवस्था में निर्णय लेने की प्रक्रिया को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि मोइली के बयान से यह बात सामने आई है कि तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी और गुजरात के गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ लगाए गए आरोपों को कांग्रेस पार्टी राजनीतिक स्तर पर तय कर रही थी।

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि वीरप्पा मोइली ने स्वयं स्वीकार किया है कि मोदी और अमित शाह के खिलाफ आरोपों को लेकर कांग्रेस पार्टी की भूमिका थी और पार्टी से गलती हुई। उन्होंने इसे इस बात का स्पष्ट संकेत बताया कि उस समय आरोपों के पीछे राजनीतिक निर्णयों की भूमिका थी। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि यह सवाल बेहद महत्वपूर्ण है कि क्या उस समय जांच एजेंसियों और न्यायिक प्रक्रिया को स्वतंत्र रूप से काम करने दिया गया था या राजनीतिक नेतृत्व के फैसले उन पर प्रभाव डाल रहे थे।

उन्होंने वीरप्पा मोइली के बयान के दूसरे पहलू का उल्लेख करते हुए कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निर्णय लेने की भूमिका पर भी सवाल खड़े होते हैं। मोइली के बयान के अनुसार, सरकार में महत्वपूर्ण फैसले प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह नहीं, बल्कि कोई अन्य व्यक्ति ले रहा था। सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस से सवाल किया कि यदि प्रधानमंत्री फैसले नहीं ले रहे थे तो तत्कालीन सरकार में वास्तविक निर्णय लेने वाला व्यक्ति कौन था और सत्ता को ंद्र कहां था?

सुधांशु त्रिवेदी ने आपातकाल का जिक्र करते हुए भी कांग्रेस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि आपातकाल लगाने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय में भी केंद्रीय मंत्रिमंडल और संसद की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बजाय परिवार के स्तर पर निर्णय लिया गया था। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस लोकतंत्र के कमजोर होने की बात करती है, लेकिन उसे अपने शासनकाल की निर्णय प्रक्रिया और लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर उठ रहे सवालों का भी जवाब देना चाहिए। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि वीरप्पा मोइली का बयान कांग्रेस की तत्कालीन सरकार में सत्ता के वास्तविक केंद्र और निर्णय लेने की व्यवस्था पर बहस को नया आधार देता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के शासनकाल में लोकतंत्र के नाम पर ऐसी व्यवस्था चल रही थी, जिसमें परिवार का प्रभाव महत्वपूर्ण था। सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस नेतृत्व से इन सवालों पर स्पष्टीकरण देने की मांग करते हुए कहा कि देश के सामने अब यह स्पष्ट होना चाहिए कि तत्कालीन सरकार में फैसले कौन लेता था और प्रधानमंत्री की वास्तविक भूमिका क्या थी।

उत्तर रेलवे पर रेल परिचालन की विश्वसनीयता एवं संरक्षा में उल्लेखनीय सुधार

उत्तर रेलवे द्वारा ट्रैक्शन पावर कंट्रोलर्स (TPC) के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम (कपैसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम) का आयोजन

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



उत्तर रेलवे के विद्युत विभाग ने ट्रैक्शन पावर कंट्रोलर्स (TPC) के तकनीकी ज्ञान, परिचालन दक्षता और संरक्षा कौशल को बढ़ाने के उद्देश्य से एक सुव्यवस्थित क्षमता निर्माण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

आज इस कार्यक्रम के छठे और अंतिम सत्र के सफलतापूर्वक संपन्न होने के साथ ही इस प्रशिक्षण पहल का समापन हो गया। उत्तर रेलवे के सभी छह मंडलों–जम्मू, फिरोजपुर, अंबाला, दिल्ली, मुरादाबाद और लखनऊ के कुल 80 ट्रैक्शन पावर कंट्रोलर्स (TPC) ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। यह प्रशिक्षण 12 अक्टूबर से 18 नवंबर 2026 तक विद्युत प्रशिक्षण केंद्र, गाजियाबाद में तीन-तीन दिनों के छह सत्रों में आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत, प्रतिभागियों को ट्रैक्शन पावर परिचालन का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए दिल्ली मंडल स्थित स्काडा (SCADA) एवं रेलवे नियंत्रण केंद्र (RCC) तथा चाणक्यपुरी स्थित 25 केवी (kV) ट्रैक्शन सब-स्टेशन का व्यावहारिक अनुभव भी दिया गया।

ट्रैक्शन पावर कंट्रोलर्स (TPC) 25 केवी ट्रैक्शन विद्युत आपूर्ति की निगरानी व नियंत्रण करने, फील्ड स्टाफ तथा परिचालन नियंत्रण के साथ समन्वय स्थापित करने और विद्युत आपूर्ति में आने वाले व्यवधानों के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनकी इन महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए, इस कार्यक्रम को सामान्य परिचालन के साथ-साथ आपातकालीन स्थितियों से कुशलतापूर्वक निपटने एवं उनकी क्षमता को सुदृढ़ करने के लिए तैयार किया गया।

तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कक्षा सत्र (क्लासरूम सेशन), व्यावहारिक सिम्युलेटर अभ्यास और क्षेत्रीय प्रशिक्षण शामिल थे। पहले दिन TPC की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों, स्काडा (SCADA) प्रणालियों, ट्रैक्शन सब-स्टेशन सुरक्षा तथा फील्ड स्टाफ व नियंत्रण कार्यालयों के साथ समन्वय पर ध्यान केंद्रित किया गया। दूसरा दिन स्काडा (SCADA) प्रशिक्षण सिम्युलेटर पर व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए समर्पित था, जिससे प्रतिभागियों को एक कृत्रिम (सिम्युलेटेड) वातावरण में परिचालन प्रक्रियाओं और आपातकालीन प्रतिक्रिया का अभ्यास करने का अवसर मिला। तीसरे दिन, प्रतिभागियों ने चाणक्यपुरी ट्रैक्शन सब-स्टेशन में व्यावहारिक क्षेत्रीय प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिसमें उपकरणों के संचालन और सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई।

इस कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों से फीडबैक और प्रमाण पत्र वितरण के साथ हुआ।

इस पहल के माध्यम से, उत्तर रेलवे का लक्ष्य अपने कर्मचारियों की तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाना, परिचालन समन्वय को मजबूत करना और अपने विद्युतीकृत नेटवर्क पर सुरक्षित, अधिक कुशल तथा विश्वसनीय रेल परिचालन सुनिश्चित करना है।

आरकेजीआईटी में डॉ. अब्दुल कलाम जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट 2026-27 का भव्य शुभारंभ

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ



गाजियाबाद। राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (RKGIT) गाजियाबाद में 19 नवंबर 2026 को डॉ. अब्दुल कलाम जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट 2026-27 (गाजियाबाद जोन) का भव्य शुभारंभ हुआ। इस खेल महोत्सव में लगभग 20 महाविद्यालयों के 1,200 से अधिक विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं के निष्पक्ष संचालन एवं मूल्यांकन के लिए विभिन्न महाविद्यालयों से खेल अधिकारी एवं निर्णायक आमंत्रित किए गए हैं। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात विश्वविद्यालय कुलगीत प्रस्तुत किया गया। समारोह का विशेष आकर्षण मशाल प्रज्वलन एवं विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिभागी विद्यार्थियों द्वारा किया गया मार्च पास्ट रहा, जिसने खेल भावना, एकता एवं अनुशासन का संदेश दिया।खेल महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ अतिथियों द्वारा रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में उड़ाकर किया गया। कार्यक्रम में आलोक त्यागी, जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट कोऑर्डिनेटर ने आयोजन की रूपरेखा एवं खेल प्रतियोगिताओं की जानकारी प्रस्तुत की। इसके पश्चात श्री एच.जी. गर्ग, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, RKGIT ने खिलाड़ियों को खेल शपथ दिलाई। इस अवसर पर डॉ. बी.सी. शर्मा, निदेशक, RKGIT, डॉ. डी.के. चौहान, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, RKG Group एवं डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, ग्रुप एडवाइजर, RKG Group ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व, अनुशासन, समर्पण एवं टीम भावना पर अपने विचार साझा किए। समारोह के मुख्य अतिथि कृष्ण सरूप सूद, पूर्व डीआईजी, सीमा सुरक्षा बल (BSF) ने अपने प्रेरणादायक संबोधन के साथ जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट का औपचारिक उद्घाटन किया। के.एस. सूद को कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियानों में वीरता के लिए राष्ट्रपति द्वारा गैलेंट्री मेडल से सम्मानित किया गया है। 77 वर्ष की आयु में उन्होंने अपनी दो बेटियों एवं पोती के साथ माउंट एवरेस्ट बेस कैंप तक ट्रेकिंग कर विश्व रिकॉर्ड बनाया तथा वर्ष 2025 में अन्नपूर्णा बेस कैंप तक ट्रेकिंग कर दूसरा विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया। उनका जीवन साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयास की प्रेरणादायक मिसाल है। खेल महोत्सव के अंतर्गत टेबल टेनिस, बैडमिंटन, शतरंज, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल,बास्केटबॉल एवं एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेल विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतिभागी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी खेल प्रतिभा, कौशल एवं टीम भावना का प्रदर्शन कर रहे हैं। विभिन्न खेलों के फाइनल मुकाबले 20 नवंबर को आयोजित किए जाएंगे। संस्थान का उद्देश्य खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना तथा उनमें नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, अनुशासन एवं सहयोग की भावना विकसित करना है। खेल महोत्सव का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 20 नवंबर 2026 को आयोजित किया जाएगा।

राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने शुरू किया मतदाता जोड़ो अभियान, औद्योगिक क्षेत्रों में कर्मचारियों और व्यापारियों को जोड़ने की पहल

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ



गाजियाबाद। प्रदीप चौधरी बोले औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों और व्यापारियों को भी मतदाता जागरूकता अभियान से जोड़ना जरूरी बालकिशन गुप्ता ने व्यापारियों से प्रतिष्ठानों, बाजारों और आसपास के क्षेत्रों में अभियान चलाने का किया आह्वान।गाजियाबाद सदर विधायक संजीव शर्मा के आह्वान पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा 19 नवंबर को लोहिया नगर क्षेत्र, मेरठ रोड इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सीवीएम लॉजिस्टिक्स, सी-36, साइट-3 पर मतदाता जोड़ो अभियान के अंतर्गत जागरूकता बैठक आयोजित की गई। अभियान का शुभारंभ जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महानगर कार्यसमिति सदस्य, निगम पार्षद एवं राष्ट्रीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि प्रदीप चौधरी ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान की विशेष आवश्यकता है।फैक्ट्रियों, औद्योगिक इकाइयों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में कार्य करने वाले कर्मचारी एवं उद्यमी अक्सर एक विधानसभा क्षेत्र में निवास करते हैं, जबकि रोजगार और व्यापार के सिलसिले में दूसरे विधानसभा क्षेत्र में कार्य करते हैं। उदाहरण के तौर पर सीवीएम लॉजिस्टिक्स में शहर विधानसभा और मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र के अनेक मतदाता कार्यरत हैं। ऐसे में औद्योगिक प्रतिष्ठान मतदाता जागरूकता के महत्वपूर्ण केंद्र बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारी अपने संपर्कों के माध्यम से कर्मचारियों और व्यापारियों को उनके निवास क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जागरूक करें। विशेष रूप से 1 जनवरी 2027 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए प्रयास किए जाएं। इसके साथ ही सभी पात्र नागरिकों को डिजिटल माध्यम से मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया से जोड़ने के लिए एउक ठी३ एवं कमल साथी ऐप डाउनलोड कराया गया तथा इनके माध्यम से मतदाता जोड़ने और जागरूकता अभियान को गति देने का कार्य किया गया। जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय व्यापार मंडल व्यापारिक गतिविधियों के साथ सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी सक्रिय भूमिका निभाएगा। सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों, बाजारों, मोहल्लों और पड़ोस में पात्र नागरिकों को मतदाता बनने के लिए प्रेरित करें। संगठन गाजियाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से अभियान चलाएगा। उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित अशोक भारतीय ने भी सभी पदाधिकारियों से व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से मतदाता जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में सीवीएम लॉजिस्टिक्स के सीईओ एवं प्रबंधक चिरायु गर्ग, विकास गर्ग, जिला महामंत्री मनोज गुप्ता, संजय शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सीवीएम लॉजिस्टिक्स के चिरायु गर्ग एवं विकास गर्ग ने अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया। राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने संकल्प लिया कि गाजियाबाद के बाजारों, औद्योगिक क्षेत्रों एवं आवासीय कॉलोनियों में चरणबद्ध तरीके से मतदाता जोड़ो अभियान चलाकर प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता सूची से जोड़ने में सहयोग किया जाएगा। इसके लिए डिजिटल माध्यमों, संगठनात्मक संपर्क और व्यापारिक प्रतिष्ठानों के नेटवर्क का भी प्रभावी उपयोग किया जाएगा।

मंदिर, गुरुद्वारा, मस्जिद,या चर्च सभी पुजा स्थल पवित्र और हमारी आस्था के प्रतिक है -- गुरु मनजीत सिंह

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ



गाजियाबाद। सरदार मनजीत सिंह आध्यात्मिक गुरु आध्यात्मिक एवं सामाजिक विचारक शिक्षाविद चिंतक समाजसेवी ने कहा कि मंदिर,गुरुद्वारा ,मस्जिद, या चर्च, सभी पूजा स्थल पवित्र और हमारी आस्था के प्रतीक है। सभी धर्म अच्छे है हमें किसी धर्म का अनादर करने का कोई अधिकार नहीं, क्योंकि धर्म हमने नहीं बनाए अगर हमने नहीं बनाए तो बुरा कहने का अधिकार भी नहीं सरदार मनजीत सिंह अध्यक्ष श्री गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज में गुरुद्वारा साहिब सी ब्लॉक कवि नगर में , जे ,एल , नेहरू पब्लिक स्कूल के बच्चों के बीच संबोधित करते हुए रखें,मनजीत सिंह ने कहा पूजा स्थल पर जाकर अगर हम सच्चे मन से अपने गुरु परमात्मा के आगे अरदास करते हैं तो वह अवश्य पूरी होती है मनजीत सिंह ने कहा जो हम बोलते हैं हमारा वाहेगुरु वह भी सुनता है और जो हम बोलना चाहते हैं उसको भी सुनता है हर इंसान को पूजा स्थल पहुंच अपनी (मैं)को बाहर रख कर जाना चाहिए परमात्मा से जो आप मांगोगे आपकी अरदास अवश्य पूरी होगी! हर इंसान को धार्मिक होना चाहिए धार्मिक इंसान कभी किसी का बुरा नहीं सोचता धार्मिक इंसान दूसरों की मदद करता है और धर्म भी नहीं देखता मनजीत सिंह ने कहा इंसान मददगार तभी बनता है जब वह परमात्मा से जुडा हो परमात्मा से जुड़ने के बाद हमारे अंदर सब्र आता है सब्र हमें अच्छी राह पर चलने की प्रेरणा देता है

परमात्मा हर जगह मौजूद है मगर पूजा स्थल पर हमारे मन को शांति मिलती है

अच्छा इंसान कभी किसी का बुरा नहीं सोचता (गुरुद्वारा यानी गुरु का घर) (वाहेगुरु शब्द का अर्थ बताते हुए मनजीत सिंह ने कहा कि व का अर्थ वासुदेव, ह का अर्थ हरि, ग का अर्थ गोविंद,और र का अर्थ राम (अकाल पूरख एक है गुरु नानक देव जी ने कहा एक ओंकार) मनजीत सिंह ने बच्चों के बीच खाटू श्याम जी के भी बारे में विचार रखें (हारे का सहारा खाटू श्याम हमारा) बच्चों को प्रसाद के रूप में चॉकलेट बांटी गई लगभग ढाई सौ से 300 के बीच में बच्चों की हिस्सेदारी थी

मनजीत सिंह ने कहा कि समय-समय पर सभी स्कूलों के बच्चे मंदिर और गुरुद्वारा साहिब में आते रहते हैं और यह परंपरा बहुत अच्छी है बच्चों को बचपन से ही धर्म के बारे में अवगत कराना सभी स्कूलों का मैं स्वागत करता हूं बच्चों को प्रसाद के रूप में चॉकलेट दी गई बच्चों के साथ सम्मानित टीचर भी मौजूद रही गाजियाबाद सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी युवा संगठन के अध्यक्ष सरदार जगमीत सिंह भी मौजूद रहे। सरदार मनजीत सिंह आध्यात्मिक गुरु आध्यात्मिक एवं सामाजिक विचारक

शिक्षाविद, चिंतक , समाजसेवी,धर्म उपदेशक, राइटर,

अध्यक्ष श्री गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज अध्यक्ष गाजियाबाद सिख गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी।

गोला-लखीमपुर हाईवे पर दो बाइकों की टक्कर में दो घायल: एक का सिर फटा, दूसरे की पसलियों में चोट





सुनहरा संसार उमेश कुमार अवस्थी लखीमपुर नेशनल हाईवे पर गुरुवार को दो बाइकों की टक्कर में दो लोग घायल हो गए। एक अर्थेड़ का सिर फट गया, जबकि 27 वर्षीय युवक की पसलियों में चोट आई। दोनों का गोला सीएचसी में इलाज चल रहा है। टक्कर गोला-लखीमपुर नेशनल हाईवे-730 पर खम्हौल जाने वाले रास्ते के पास एक ईट भट्टे के नजदीक हुई। जानकारी के अनुसार संसारपुर निवासी नफीस अंसारी बाइक से लखीमपुर से अपने घर जा रहे थे।

मितौली क्षेत्र के धुमरा गांव निवासी सुरैश कुमार शादी के कार्ड बांटने भल्लिया से खम्हौल जा रहे थे। ईट भट्टे के पास सुरेश बाइक मोड़ रहे थे, तभी लखीमपुर की ओर से आ रही नफीस की बाइक से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद सुरेश सिर के बल सड़क पर गिर गए और उनका सिर फट गया। नफीस भी बाइक से दूर जा गिरे और उनकी पसलियों में चोट आई। राहगीरों ने एम्बुलेंस और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को एम्बुलेंस से गोला सीएचसी भेजा। पुलिस ने दोनों बाइकें कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

लोनी विधानसभा क्षेत्र की भाजपा किसान मोर्चा का परिचय सम्मेलन सुरेशदेवी इंटर कॉलेज में आयोजित जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा देवेन्द्र चौधरी डायमंड ने दिये संगठनात्मक सूझाव

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ लोनी। विधानसभा क्षेत्र के सुरेशदेवी इंटर कॉलेज शांति नगर बेहटा में लोनी विधानसभा किसान मोर्चा भाजपा का परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष गाजियाबाद चौधरी देवेन्द्र डायमंड ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर संगठनात्मक सूझाव ओर दिशा निर्देश दिए ओर नवनियुक्त कार्यकारिणी को हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त की कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी चयन पाल सिंह जी ने करते हुए अपने उद्बबोधन में कार्यकताओं को आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी ओर सभी से मिलजुलकर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया ओर पार्टी के सभी आयामों में किसान मोर्चा की भूमिका सुनिश्चित की परिचय बैठक का संचालन भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजेन्द्र त्यागी बजरंगी ने किया बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी चयन पाल सिंह,जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा चौधरी देवेन्द्र डायमंड, जिला उपाध्यक्ष भाजपा राजकुमार चौधरी, मंच संचालक जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा विजेन्द्र त्यागी बजरंगी, जिला महामंत्री राहुल बेसला, विरेन्द्र निठोरा , गजब पाभी, दीपक चौधरी ,जिला मंत्री देवेश दीक्षित, रणबीर बंसल, सुरेश देवी इंटर कॉलेज के प्रबंधक ओर भाजपा किसान मोर्चा जिला सहसंयोजक मीडिया विश्वजीत धामा,सुभाष कसाना,सतीश भाटी, बाबा गुर्जर समेत समस्त किसान मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



नोएडा में विश्व हिंदू रक्षा परिषद का भव्य कार्यक्रम, नंदे प्रधान को सौंपी गई प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी

गौतम बुद्ध नगर उपेन्द्र कुमार शर्मा एन सीआर हैड नोएडा में विश्व हिंदू रक्षा परिषद की ओर से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोपाल राय जी ने बिसरख के पूर्व प्रधान नंदे प्रधान को प्रदेश अध्यक्ष का महत्वपूर्ण पदभार सौंपा।



नंदे प्रधान को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकताओं में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक ज्ञानेंद्र सरधना जी ने अपनी मधुर आवाज में शानदार प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया। उनकी गायकी ने कार्यक्रम में समां बांध दिया और लोगों ने उनकी प्रस्तुतियों का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन की भूमिका भी सराहनीय रही। पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा एवं व्यवस्था की जिम्मेदारी को बखूबी निभाया, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।इस आयोजन में संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकताओं और क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

खंड विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिवों को दिए विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

सुनहरा संसार फतेहाबाद।ब्लॉक फतेहाबाद में बृहस्पतिवार को खंड विकास अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एडीओ पंचायत नरेंद्र बघेल मौजूद रहे। इस दौरान खंड विकास अधिकारी ने शासन की विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों को लेकर सचिवों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।खंड विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि स्वगणना के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रतिदिन 20 से 25 लोगों को जागरूक कर स्वगणना कराएं। मतदाता सूची में महिलाओं का लिंगानुपात कम होने पर अनुपात के अनुसार सूची तैयार कर संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। दैवीय आपदा के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों का स्थलीय निरीक्षण कर जियो टैगिंग के साथ सूची उपलब्ध कराने को कहा।उन्होंने मनरेगा के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में कार्य शुरू कराने और ग्राम पंचायतों में उपलब्ध धनराशि के अनुसार आगामी छह माह में कराए जाने वाले विकास कार्यों की कार्ययोजना तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ऑनलाइन पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का स्थलीय सत्यापन कर पात्र लाभार्थियों के आधार कार्ड और बैंक खाते का विवरण उपलब्ध कराने को कहा।वहीं, कायाकल्प योजना के तहत परिषदीय विद्यालयों में निर्धारित 19 पैरामीटर पर कार्य कर उन्हें संतृप्त करने तथा प्रधानाध्यापक और प्रशासक के संयुक्त हस्ताक्षर से प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में सचिव रितु यादव, संदीप सिंह, राहुल परिहार, विनोद कुमार, नसीम अहमद सहित अन्य सचिव मौजूद रहे।

श्रमिकों के आंदोलन का असर, कंपनी प्रतिनिधियों ने मजदूरों को नोटिस भेजने पर रोक लगाने की बात कही; 26 कॉलोनियों सहित संबंधित जमीनों की जांच के लिए बनेगी कमेटी : देवव्रत धामा

राष्ट्रीय सुनहरा संसार वन्दना जोशी ब्यूरो चीफ



मोदीनगर। संयुक्त जनाधिकार मोर्चा के नेतृत्व में श्रमिकों के अधिकारों,आवासों की सुरक्षा एवं मोदीनगर की 26 कॉलोनियों से जुड़े लंबे समय से लंबित मुद्दों को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच आज प्रशासन, कंपनी प्रबंधन और श्रमिक प्रतिनिधियों के बीच लगभग ढाई घंटे तक महत्वपूर्ण वार्ता हुई। वार्ता में एसडीएम मोदीनगर की उपस्थिति में उमेश मोदी ग्रुप, मोदी रबर तथा मोदी स्पिनिंग मिल के प्रतिनिधियों और श्रमिक पक्ष के प्रतिनिधियों ने विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। वार्ता के दौरान कंपनी प्रतिनिधियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि अब मजदूरों को इस प्रकार के नोटिस नहीं भेजे जाएंगे। इसे श्रमिकों के लिए एक महत्वपूर्ण राहत के रूप में देखा जा रहा है। लंबे समय से नोटिस और कानूनी कार्रवाई को लेकर परेशान श्रमिक परिवारों के लिए यह वार्ता का एक महत्व पूर्ण सकारात्मक परिणाम रहा। जमीनों की जांच के लिए प्रशासन बनाएगा कमेटी वार्ता का सबसे महत्वपूर्ण पहलू तब सामने आया जब एसडीएम ने श्रमिक प्रतिनिधियों से पूछा कि किन-किन जमीनों और संपत्तियों की जांच कराई जानी आवश्यक है। इस पर श्रमिक पक्ष ने संबंधित जमीनों एवं विवादित मामलों की जांच की आवश्यकता रखी।

एसडीएम ने इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए जांच के लिए कमेटी गठित करने और संबंधित जमीनों की जांच प्रक्रिया शुरू कराने की बात कही। इससे लंबे समय से लंबित जमीन एवं आवास संबंधी विवादों के निष्पक्ष समाधान की उम्मीद जगी है देवव्रत धामा ने कहा कि यह संघर्ष हजारों श्रमिक परिवारों के सम्मान, अधिकार और उनके भविष्य की सुरक्षा की लड़ाई है। हमारा उद्देश्य किसी से टकराव करना नहीं, बल्कि वर्षों से लंबित समस्याओं का न्यायपूर्ण और स्थायी समाधान कराना है। आज की वार्ता में कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा नोटिसों पर रोक लगाने की बात कहना और प्रशासन द्वारा जमीनों की जांच के लिए कमेटी बनाने की पहल करना आंदोलन की दिशा में सकारात्मक कदम है।

उन्होंने कहा कि मोदीनगर की 26 कॉलोनियों में रहने वाले हजारों परिवारों को उनके मकानों की सुरक्षा, नियमितीकरण और सम्मानजनक जीवन का अधिकार मिलना चाहिए।श्रमिकों की मेहनत और उनके वर्षों के योगदान को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। वार्ता में शामिल रहे श्रमिक प्रतिनिधि आज की वार्ता में श्रमिक पक्ष की ओर से देवव्रत धामा के साथ महेश कश्यप, कुलदीप सैनी, निर्दोष खटाना, ओम प्रकाश शर्मा, ओमबीर सिंह, सुशील शर्मा सहित अन्य श्रमिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कंपनी पक्ष की ओर से उमेश मोदी ग्रुप, मोदी रबर एवं मोदी स्पिनिंग मिल के प्रतिनिधि वार्ता में शामिल हुए। संघर्ष जारी रहेगा, जब तक स्थायी समाधान नहीं देवव्रत धामा ने कहा कि आज की वार्ता से सकारात्मक उम्मीद जरूर जगी है, लेकिन आंदोलन का अंतिम उद्देश्य केवल नोटिस रुकवाना नहीं, बल्कि श्रमिकों के बकाया भुगतान, 26 कॉलोनियों के नियमितीकरण, आवासों की सुरक्षा और सभी लंबित विवादों का स्थायी समाधान सुनिश्चित कराना है। उन्होंने कहा कि ढऊअ (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की सामाजिक न्याय की विचारधारा हमें समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति, मजदूर और वंचित परिवार के अधिकारों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देती है। यह लड़ाई किसी एक संगठन या व्यक्ति की नहीं, बल्कि हजारों मेहनतकश परिवारों के भविष्य की लड़ाई है। हम वार्ता और संवाद के पक्षधर हैं, लेकिन श्रमिकों के अधिकारों से कोई समझौता नहीं करेंगे। प्रशासन और कंपनी प्रबंधन से अपेक्षा है कि आज वार्ता में बनी सहमति को धरातल पर उतारते हुए सभी समस्याओं का समय बद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। संघर्ष जारी है, उम्मीद जगी है और मंजिल अभी बाकी है।

गरीब रिक्शा चालकों के साथ हो रही परेशानी पर हिन्दू रक्षा दल ने दिखाई संवेदन शीलता,अमित प्रजापति ने पुलिस से की बात

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ



लोनी। में गरीब रिक्शा चालकों के साथ हो रही परेशानी एवं कथित उत्पीड़न का मामला सामने आने पर हिन्दू रक्षा दल के सनातन भवन पर पीड़ितों ने अपनी समस्या लेकर मदद की गुहार लगाई।मामले की जानकारी मिलते ही हिन्दू रक्षा दल के प्रदेश संगठन मंत्री अमित प्रजापति ने पुलिस से फोन पर संपर्क कर पीड़ित रिक्शा चालकों की समस्या को उनके सामने रखा और उचित कार्रवाई एवं सहायता की मांग की।अमित प्रजापति ने पीड़ितों को आश्वासन देते हुए कहा कि गरीब मजदूर और मेहनत कश लोगों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो लोग दिन-रात मेहनत करके अपने परिवार का पालन -पोषण करते हैं, उन्हें डराने, परेशान करने या उनके साथ अन्याय करने का किसी को अधिकार नहीं है।उन्होंने कहा कि हिन्दू रक्षा दल हमेशा जरूरतमंदों, पीड़ितों और असहाय लोगों की सहायता के लिए खड़ा रहा है। संगठन का उद्देश्य केवल धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियां करना ही नहीं, बल्कि समाज के हर जरूरतमंद व्यक्ति की आवाज बनना भी है। अमित प्रजापति ने कहा हमारा स्पष्ट संदेश है कोई हिन्दू को सताए, हमें बताए। किसी भी गरीब, मजदूर या जरूरतमंद के साथ अन्याय होगा तो हिन्दू रक्षा दल उसकी मदद के लिए आवाज उठाएगा। पीड़ितों को न्याय दिलाने और उनकी समस्या के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।ह्व

हिन्दू रक्षा दल ने सभी पीड़ित रिक्शा चालकों को उचित मदद का आश्वासन दिया तथा पुलिस प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेकर आवश्यक कार्रवाई करने की अपील की।

ट्रांसफार्मर चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

कागारौल पुलिस और एसओजी की संयुक्त कार्रवाई, चोरी का सामान व बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद



सुनहरा संसार

कागारौल। थाना कागारौल पुलिस और एसओजी/सर्विलांस पश्चिमी जोन की संयुक्त टीम ने ट्रांसफार्मर चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ट्रांसफार्मर में प्रयुक्त लोहे की पत्तियों के तीन बंडल, एक कॉइल, कटर, एडजस्टेबल रिंच और बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार, 14 नवंबर की रात चोरों ने एक किसान के खेत में नलकूप पर लगे ट्रांसफार्मर से कॉइल और तेल चोरी कर लिया था। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। घटना के खुलासे के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित की गईं। इसी क्रम में 18 नवंबर को मुखबिर की सूचना पर शाहपुर रकोली मार्ग, बिजलीघर कागारौल के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शिशुपाल उर्फ चंगो पुत्र बन्नो उर्फ बनवारी निवासी हिरौड़ा, थाना सैंया और सुरेश पुत्र बाकेलाल निवासी नगला कुंवरसेन मुरकिया, थाना कागारौल के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने करीब तीन-चार दिन पूर्व अकोला क्षेत्र में खारी नदी पुल के पास खेतों में लगे ट्रांसफार्मर से तेल और अन्य सामान चोरी करने की बात स्वीकार की। आरोपियों ने बताया कि चोरी किए गए कुछ सामान को कबाड़ियों को बेच दिया था, जबकि तेल बेचने का प्रयास सफल नहीं होने पर उसे फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ट्रांसफार्मर में प्रयुक्त लोहे की पत्तियों के तीन बंडल, एक कॉइल, ताला काटने वाला कटर, एडजस्टेबल रिंच और घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल बरामद की है। थाना प्रभारी अंकुर राठी ने बताया कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार सतर्कता से कार्रवाई कर रही है। ट्रांसफार्मर चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीमों को लगाया गया था। संयुक्त टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया है। क्षेत्र में अपराध करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

संयुक्त पुलिस टीम में थाना प्रभारी कागारौल अंकुर राठी, एसओजी प्रभारी अभिषेक कुमार, सर्विलांस प्रभारी सचिन कुमार सहित थाना कागारौल, एसओजी और सर्विलांस टीम के पुलिसकर्मी शामिल रहे।

कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं

बॉर्डर पर सतर्कता का इम्तिहान: संदिग्ध ड्रोन देख पार्षद ने दिखाई सूझबूझ, सेना और पुलिस ने किया सम्मानित

राम भरोसे शर्मा श्री करनपुर।



श्रीकरणपुर। भारत-पाक सीमा से सटे इस संवेदनशील क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब रिहायशी इलाके 'कच्ची थेड़ी' में एक संदिग्ध ड्रोन देखे जाने की खबर फैली। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों की मुस्तैदी और जांच के बाद यह पूरा घटनाक्रम सेना व पुलिस के एक गोपनीय सुरक्षा अभ्यास (मॉक ड्रिल) का हिस्सा निकला। इस ऑपरेशन का मुख्य मकसद सीमावर्ती इलाकों में आम नागरिकों की सतर्कता और त्वरित प्रतिक्रिया को परखना था, जिसमें स्थानीय वार्ड पार्षद मोहनलाल नायक शत-प्रतिशत खरे उतरे।

अफवाहों पर लगाया विराम, निभाया जिम्मेदार जनप्रतिनिधि का फर्ज

कच्ची थेड़ी क्षेत्र में जैसे ही संदिग्ध अवस्था में ड्रोन नजर आया, इलाके में कौतूहल और दहशत का माहौल बनने लगा। ऐसे समय में स्थानीय कांग्रेस पार्षद मोहनलाल नायक ने बिना कोई समय गंवाए तुरंत पुलिस प्रशासन को अलर्ट किया। उन्होंने न केवल सुरक्षा एजेंसियों को सटीक सूचना दी, बल्कि मौके पर डटकर लोगों को शांत रखा और किसी भी तरह की अफवाह को फैलने से रोका।

सेना के अधिकारियों ने थपथपाई पीठ

सूचना मिलते ही सेना और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर ड्रोन को अपने कब्जे में लिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह ड्रोन भारतीय सेना का ही है, जिसे 'रियलिटी चेक' के तहत नागरिकों की जागरूकता जांचने के लिए उतारा गया था। संकट की घड़ी में धैर्य, सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई के लिए सेना के अधिकारियों व पुलिस प्रशासन ने पार्षद मोहनलाल नायक की खुले दिल से सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया।

प्रशासन की अपीलः आपकी सतर्कता ही हमारी ताकत

इस सफल मॉक ड्रिल के बाद सुरक्षा अधिकारियों ने सीमावर्ती क्षेत्र के निवासियों से अपील की है कि वे इसी तरह चौकन्ने रहें। किसी भी संदिग्ध वस्तु, ड्रोन या गतिविधि के दिखने पर खुद छेड़छाड़ करने के बजाय तुरंत पुलिस या सेना को सूचित करें, क्योंकि सीमा सुरक्षा में आम नागरिकों की भागीदारी सबसे अहम कड़ी है।

सोशल मीडिया/ब्रेकिंग न्यूज के लिए वैकल्पिक हेडलाइंसः

रियलिटी चेक में पास हुए पार्षदः संदिग्ध ड्रोन की सूचना देकर दिखाई गजब की सतर्कता, सेना-पुलिस ने किया सम्मानित।

श्रीकरणपुर में ड्रोन से मचा हड़कंप, निकली सेना की मॉक ड्रिल; सूझबूझ दिखाने वाले पार्षद मोहनलाल नायक का हुआ सम्मान

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेसजनों ने किया माल्यार्पण, उनके आदर्शों और विचारों को आत्मसात करने का लिया संकल्प

ब्यूरो एच सिद्दीकी



झांसी। भारत की पूर्व प्रधानमंत्री एवं आयरन लेडी स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर आज विपिन बिहारी इंटर कॉलेज, झांसी में श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री प्रदीप जैन आदित्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कांग्रेसजनों ने श्रीमती इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री प्रदीप जैन आदित्य ने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी केवल भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री ही नहीं, बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति, साहसिक नेतृत्व और दूरदर्शी निर्णय क्षमता की प्रतीक थीं। उन्होंने देश की एकता और अखंडता को सर्वोपरि रखते हुए अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए। बैंकों का राष्ट्रीयकरण, हरित क्रांति को प्रोत्साहन, बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में निर्णायक नेतृत्व और गरीबों के कल्याण के लिए उठाए गए कदम उनके ऐतिहासिक योगदान के उदाहरण हैं।

उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपने राजनीतिक जीवन में अनेक चुनौतियों का सामना किया, लेकिन देश की संप्रभुता, आत्मनिर्भरता और सामाजिक न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखी। उनका जीवन हमें सिखाता है कि जनसेवा का रास्ता संघर्ष, साहस और समर्पण से होकर गुजरता है।

कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए श्री गौरव जैन ने कहा कि इंदिरा गांधी की जयंती केवल एक महान नेता को याद करने का अवसर नहीं, बल्कि उनके विचारों और सिद्धांतों को वर्तमान परिस्थितियों में समझने तथा उन्हें आगे बढ़ाने का संकल्प लेने का दिन है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश को यह विश्वास दिलाया कि भारत अपनी नीतियों और निर्णयों में आत्मनिर्भर एवं स्वतंत्र रह सकता है। उन्होंने सामाजिक और आर्थिक समानता, गरीबों, किसानों, मजदूरों तथा वंचित वर्गों के अधिकारों को राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में रखा।

उन्होंने आगे कहा कि आज जब देश के सामने लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक सद्भाव, संवैधानिक संस्थाओं और आपसी भाईचारे को मजबूत बनाए रखने की चुनौती है, तब इंदिरा गांधी के साहस, संकल्प और देश के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और संविधान की मूल भावना की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय, सम्मान और विकास पहुंचाने के लिए कार्य करें।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से योगेन्द्र सिंह परीक्षा, अब्दुल जाबर (पूर्व पार्षद), अखिलेश गुरुदेव, सोहन तिवारी, मुकेश अग्रवाल, नफीस खान, जीतू राजा श्रीवास, अफजाल अहमद, एम.सी. वर्मा, राजकुमार सेन, श्रीमती पार्वती चौधरी, श्रीमती उमा पाठक, शिवव्यांश चौधरी, निखिल कनौजिया, वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, सुरेंद्र श्रीवास, चौधरी मजहर अली, शेख शाहरुख खान, शेख अरशद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन श्रीमती इंदिरा गांधी के राष्ट्र के प्रति योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने और कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत करने के संकल्प के साथ हुआ।

स्थायी समिति की बैठक में जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की बैठक में आज जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक के दौरान पक्ष एवं विपक्ष के सभी पार्षदों को अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं, मुद्दे और सुझाव रखने का पूरा अवसर दिया गया।

बैठक में पार्षदों ने सफाई व्यवस्था, सामुदायिक भवनों की मरम्मत एवं रखरखाव, पार्किंग की समस्या, स्कूलों के रखरखाव, आवारा कुत्तों के बंध्याकरण, जर्जर एवं असुरक्षित इमारतों, विभिन्न जोनों में कर्मचारियों की कमी, पार्कों के रखरखाव तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठाए



बजट घोषणाओं की प्रगति रिपोर्ट एक सप्ताह में प्रस्तुत करने के निर्देश

बैठक में पिछले बजट में की गई सभी घोषणाओं की प्रगति रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से बताया जाए कि अब तक कितनी घोषणाएं पूरी हो चुकी हैं, कितनी घोषणाओं के लिए कार्ययोजना तैयार कर ली गई है तथा कितनी घोषणाओं पर कार्ययोजना तैयार करने की प्रक्रिया जारी है।

सामुदायिक भवनों का सर्वे कराकर जर्जर एवं असुरक्षित भवनों की सूची तैयार करने के निर्देश

बैठक में स्थायी समिति अध्यक्ष श्रीमती सत्या शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निगम के सभी सामुदायिक भवनों का सर्वे कराया जाए। सर्वे के दौरान जर्जर एवं असुरक्षित स्थिति वाले भवनों की पहचान कर उनकी सूची तैयार की जाए, ताकि उनकी स्थिति का आकलन कर आवश्यक मरम्मत एवं सुधार कार्यों की योजना बनाई जा सके। उन्होंने इस संबंध में सर्वे रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

दिल्ली की सभी पार्किंग साइटों का सर्वे करने के निर्देश

स्थायी समिति अध्यक्ष ने अधिकारियों को दिल्ली की सभी पार्किंग साइटों का सर्वे कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि पार्किंग स्थलों का संचालन नियमानुसार हो तथा कहीं भी अवैध रूप से पार्किंग शुल्क तो नहीं वसूला जा रहा है। साथ ही, सड़कों पर अनधिकृत पार्किंग की अनुमति न दी जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि जनप्रतिनिधियों को निगम की पार्किंग सुविधाओं में नियमानुसार निःशुल्क पार्किंग की सुविधा उपलब्ध हो।

स्कूलों के आसपास अवैध मीट की दुकानों पर कार्रवाई के निर्देश

स्थायी समिति अध्यक्ष ने कहा कि स्कूलों के आसपास मीट की दुकानों के संचालन पर नियमानुसार नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिना लाइसेंस के अवैध रूप से संचालित मीट की दुकानों की पहचान कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

आवारा कुत्तों के बंध्याकरण अभियान में लाई जाए तेजी

बैठक में आवारा कुत्तों के बंध्याकरण अभियान में तेजी लाने पर भी जोर दिया गया। इस कार्य को प्रभावी और व्यवस्थित तरीके से संचालित करने के निर्देश दिए गए, ताकि निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

पार्किंग की व्यवस्था होने पर ही बैंक्वेट हॉल को लाइसेंस देने पर जोर

बैठक में बैंक्वेट हॉल के कारण आसपास के क्षेत्रों में लगने वाले यातायात जाम की समस्या पर भी चर्चा हुई। इस संबंध में कहा गया कि जिन बैंक्वेट हॉल के पास पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था उपलब्ध है, उन्हें नियमानुसार लाइसेंस दिया जाए, ताकि सड़कों पर वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग और यातायात जाम की समस्या को कम किया जा सके। स्थायी समिति अध्यक्ष श्रीमती सत्या शर्मा ने कहा कि स्थायी समिति लोकतांत्रिक संवाद और जनहित से जुड़े विषयों पर सार्थक चर्चा का महत्वपूर्ण मंच है। बैठक में पार्षदों द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना गया है और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि निगम का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और जनहित से जुड़े प्रत्येक विषय पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

टूंडला-एटा मार्ग पर फुटपाथ की बदहाली बन रही हादसों की वजह, अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

लोकहित संघर्ष संगठन ने मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को भेजा ज्ञापन, सड़क के बराबर फुटपाथ बनवाने और विभागीय कार्यों की जांच कराने की उठाई मांग

सुनहरा संसार

फिरोजाबाद। टूंडला से एटा जाने वाले राष्ट्रीय मार्ग पर बदहाल फुटपाथ आए दिन हादसों की वजह बन रहे हैं। मार्ग पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं और उनमें लोगों की जान जाने के मामलों को लेकर लोकहित संघर्ष संगठन ने आवाज उठाई है। संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी फिरोजाबाद को ज्ञापन भेजकर मार्ग के फुटपाथ की सफाई, मरम्मत और सड़क के बराबर निर्माण कराने की मांग की है।



ज्ञापन में बताया गया है कि टूंडला-एटा मार्ग के फुटपाथ पर कई वर्षों से सफाई और मरम्मत का कार्य नहीं कराया गया है। कई स्थानों पर फुटपाथ सड़क से काफी नीचे हो गया है। ऐसे में दोपहिया वाहन चालकों को आवश्यकता पड़ने पर सड़क से फुटपाथ पर उतरना पड़ता है तो वाहन फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। वहीं, कई जगह फुटपाथ पूरी तरह गायब है और झाड़ियों ने कब्जा कर रखा है। बीच-बीच में बड़े-बड़े गड्ढे भी हादसों को न्योता दे रहे हैं।

संगठन ने आरोप लगाया कि संबंधित विभाग की लापरवाही के चलते पिछले कई वर्षों से फुटपाथ की सुध नहीं ली गई। कागजों में कार्य होने के बावजूद धरातल पर स्थिति बदहाल बनी हुई है। ज्ञापन में फुटपाथ के नाम पर सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका जताते हुए पूरे मामले की जांच कराने की मांग की गई है।

पदाधिकारियों ने मांग की कि राष्ट्रीय मार्ग के पूरे फुटपाथ की सफाई कराकर उसे डामर सड़क के बराबर बनाया जाए, ताकि वाहन चालकों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। साथ ही दुर्घटनाओं में हो रही मौतों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय कर उनके खिलाफ कठोर विभागीय कार्रवाई की जाए।

इस दौरान संगठन के संरक्षक संजय प्रताप सिंह एडवोकेट, जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह बघेल, नगर अध्यक्ष वीरेंद्र साईं सहित पंकज उपाध्याय, संतिका तिवारी, नवांशु मिश्रा, यदुवेंद्र सिंह, अंकित प्रकाश, भगत सिंह यादव, भवानी सिंह और सुनील गुप्ता आदि के नाम ज्ञापन में शामिल हैं।

बड़ौत में भव्य जैनेश्वरी दीक्षा एवं पिच्छिका परिवर्तन महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न

सुनहरा संसार

बागपत, उत्तर प्रदेश। विवेक जैन। धर्मनगरी बड़ौत की पावन धरा पर गुरुवार, 19 नवंबर 2026 को त्याग, तप, संयम, गुरु-भक्ति एवं जिनशासन प्रभावना का अनुपम संगम देखने को मिला।

परम पूज्य आचार्य भगवन् श्री 108 आर्जवसागर जी महाराज ससंघ के पावन सान्निध्य में पिच्छिका परिवर्तन एवं भव्य जैनेश्वरी दीक्षा महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु एवं धर्मप्रेमी उपस्थित रहे। महोत्सव का मुख्य आकर्षण दिल्ली निवासी सप्तम प्रतिमाधारी ब्रह्मचारी प्रदीप जैन जी की जैनेश्वरी मुनि दीक्षा रही। उन्होंने सांसारिक जीवन का परित्याग कर आचार्य भगवन् श्री 108 आर्जवसागर जी महाराज के पावन करकमलों से जैनेश्वरी मुनि दीक्षा ग्रहण की और संयम के महापथ पर अपना कदम बढ़ाया। ब्रह्मचारी प्रदीप जैन के जीवन में वैराग्य भावना ने उस समय विशेष रूप लिया, जब उन्होंने जगत के समस्त जीवों से क्षमा याचना करते हुए पूज्य गुरुदेव के श्रीचरणों में श्रीफल अर्पित कर जैनेश्वरी दीक्षा ग्रहण करने की भावना व्यक्त की। उनकी प्रबल संयम भावना को देखते हुए आचार्य श्री ने विशेष अनुग्रह करते हुए दीक्षा के लिए मंगल स्वीकृति प्रदान की थी। 19 नवंबर को ऋषभ सभागार, मानस्तंभ परिसर, गांधी रोड बड़ौत में आयोजित महोत्सव से पूर्व दीक्षार्थी की भव्य मंगल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा अजितनाथ सभागार मंडी से प्रारंभ होकर श्री शांतिनाथ मंदिर, कैनाल रोड एवं गांधी रोड होते हुए ऋषभ सभागार पहुंची।

बैंड-बाजों की मधुर धार्मिक धुनों के बीच जैन श्रद्धालु भक्ति भाव से नृत्य करते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। पूरे मार्ग में धार्मिक उत्साह और भक्तिमय वातावरण बना रहा। महोत्सव के दौरान विभिन्न धार्मिक एवं मांगलिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। झंडारोहण रमन जैन एवं अंकित जैन द्वारा किया गया। चित्र अनावरण जैन तीर्थ यात्रा संघ, दीप प्रज्वलन सुखमाल जैन, भोजन आतिथ्य अशोक जैन परिवार तथा पाद प्रक्षालन अश्वनी जैन एवं दीपाली जैन द्वारा किया गया।

स्वागत अध्यक्ष अंकित जैन ने सभी अतिथियों का सम्मान किया। इसके पश्चात विधि-विधान एवं धार्मिक अनुष्ठानों के बीच जैनेश्वरी दीक्षा का पावन प्रसंग संपन्न हुआ।

आचार्य भगवन् श्री 108 आर्जवसागर जी महाराज के पावन सान्निध्य में ब्रह्मचारी प्रदीप जैन ने जैनेश्वरी मुनि दीक्षा ग्रहण कर संयममय जीवन जीने का महान संकल्प साकार किया। यह भावुक एवं प्रेरणादायी अवसर उपस्थित समाजजनों और श्रद्धालुओं के लिए विशेष आध्यात्मिक अनुभूति लेकर आया। एक ओर श्रद्धालुओं ने दीक्षार्थी के वैराग्य भाव की अनुमोदना की, वहीं दूसरी ओर उनके परिवार की धर्मनिष्ठा और त्याग भावना की सराहना की गई। सांसारिक मोह-ममता से ऊपर उठकर आत्मकल्याण के मार्ग को अपनाना निश्चित रूप से उत्कृष्ट पुरुषार्थ और आत्मिक साधना का प्रतीक है। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने आचार्य श्री के मंगल सान्निध्य में आयोजित धार्मिक आयोजन की सराहना करते हुए नवदीक्षित मुनि के संयममय जीवन की मंगल कामना की। इस अवसर पर बागपत सांसद डॉक्टर राजकुमार सांगवान, महामहिम राष्ट्रपति जी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन सहित हजारों लोग उपस्थित थे।



दिल्ली में गिर रही इमारतों के खिलाफ हेलमेट पहन स्थायी समिति की बैठक में पहुंचे आप पार्षदों को भाजपा शासित एमसीडी ने रोका- अंकुश नारंग

- **भ्रष्टाचार के चलते लगातार गिर रही इमारतों में दबकर जा रही लोगों की जान के मुद्दे को दबाने की कोशिश हो रही है- अंकुश नारंग**
- **भाजपा के राज में जनता की आवाज उठाना गुनाह हो गया है, लेकिन आप जनता के मुद्दों से पीछे नहीं हटेगी - अंकुश नारंग**
- **चार इंजन की भाजपा सरकार की विफलता के चलते बिल्डिंग्स गिरने से अब तक 80 लोगों की मौत हो चुकी है- प्रवीण कुमार**
- **जेई-एई को सस्पेंड कर भाजपा लीपापोती बंद करे, हादसों के जिम्मेदार डीसी, मेयर और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दें इस्तीफा - प्रीति डोगरा**
- **डीएमसी एक्ट की धज्जियां उड़ाकर एनबीसीसी की 200 करोड़ की फीस माफ, भाजपा ने नगर निगम को बनाया लूट का अड्डा - प्रवीण राजपूत**

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

नई दिल्ली, 19 नवंबर 2026 आम आदमी पार्टी के एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि हमारे पार्षदों ने लगातार गिर रही इमारतों के खिलाफ स्थायी समिति की बैठक में हेलमेट पहन कर पहुंचे तो भाजपा शासित



एमसीडी ने गार्ड के जरिए उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। भाजपा बुरी तरह डरी हुई है। दिल्ली में लगातार हो रहे बिल्डिंग हादसों, अवैध भवन निर्माण और बिल्डिंग में भ्रष्टाचार के चलते जा रही निर्दोष दिल्लीवासियों की जान के मुद्दों को भाजपा तानाशाही के जरिए बैठक में उठाने से रोक रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित एमसीडी में अब जनता की आवाज उठाना भी गुनाह हो गया है। दिल्ली में लगातार इमारतें गिर रही हैं, मासूमों की जान जा रही है, लेकिन भाजपा को जनता की सुरक्षा से नहीं, अपनी कुर्सी और भ्रष्टाचार से मतलब है। भाजपा मेयर प्रवेश वाही और स्थाई समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा याद रखे, न हेलमेट उतरवाकर और न आवाज दबाकर जनता के सवालों से बचा जा सकता है। हर हादसे और हर मौत का हिसाब भाजपा को देना होगा।

अंकुश नारंग ने बताया कि अभी हाल ही में शाहदरा नॉर्थ जोन में एक बिल्डिंग गिरी, जिसमें उसी समय दो व्यक्तियों की मौत हो गई। उनमें से एक तीन वर्ष का मासूम बच्चा था और कई लोग घायल भी हुए। इससे पहले चावड़ी बाजार में बिल्डिंग गिरी, उससे पहले साउथ जोन में कई बिल्डिंग गिरीं और उससे पहले सत्य निकेतन में बिल्डिंग गिरी। जब से भाजपा एमसीडी में आई है, लगातार बिल्डिंग पर बिल्डिंग गिरे जा रही हैं और हादसे पर हादसे हो रहे हैं। लेकिन भाजपा के महापौर प्रवेश वाही और स्टैंडिंग कमेटी की चेयरमैन सत्या शर्मा के पास अपनी जेब भरने के अलावा किसी की सुध लेने का न तो समय है और न ही वे किसी की सुध ले रहे हैं।

अंकुश नारंग ने बताया कि इसी के खिलाफ जब हमने विरोध प्रदर्शन किया और सेफ्टी हेलमेट पहनकर गए, तो बाहर ही सिक्योरिटी गार्ड ने निगम पार्षदों की चेकिंग करके उनके हेलमेट उतरवा दिए और उनसे प्लेकार्ड व सारे कागज छीन लिए। यह बहुत ही शर्म की बात है। इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि स्टैंडिंग कमेटी की मीटिंग के अंदर मीडिया को बैठने और सवाल पूछने की अनुमति नहीं दी गई, क्योंकि आज आम आदमी पार्टी के निगम पार्षद साफ-साफ सवाल पूछते कि भाजपा और एमसीडी के बिल्डिंग डिपार्टमेंट की क्या साठगांठ है, जिसकी वजह से दिल्ली में लगातार हादसे हो रहे हैं।

अंकुश नारंग ने कहा कि मीडिया को अनुमति न देने के साथ ही आज लोकतंत्र की भी हत्या कर दी गई। आज आम आदमी पार्टी के पार्षदों को अपने फोन से भी वीडियो बनाने की अनुमति नहीं है। उन्हें अपने फोन का इस्तेमाल करने और वीडियो रिकॉर्ड करने का अप्रूवल इसलिए नहीं मिला, क्योंकि वे जनता की आवाज उठाएंगे और इन हादसों में मारे गए लोगों की गुहार उठाएंगे।

अंकुश नारंग ने कहा कि मैं भाजपा न तो जनता की आवाज को दबा सकती हैं और न ही आम आदमी पार्टी के पार्षदों की आवाज को दबा सकती हैं। वे आम आदमी पार्टी के पार्षदों और जनता की आवाज दबाने का हर मुमकिन प्रयास करते हैं। जैसे भाजपा वालों ने बिल्डिंग हादसे के मलबे के नीचे दबाकर लोगों को मार दिया, वैसे ही ये हमारी आवाज को भी मारना चाहते हैं। भाजपा वालों और स्टैंडिंग कमेटी की चेयरमैन सत्या शर्मा को यह फैसला लेते हुए शर्म आनी चाहिए। हमारी आवाज दबेगी नहीं। जिन लोगों की जान के जिम्मेदार भाजपा वाले हैं, उन हर एक व्यक्ति की जान का हिसाब हम भाजपा वालों से लेकर रहेंगे।

उधर, एमसीडी सह-प्रभारी प्रवीण कुमार ने कहा कि दिल्ली में जिस तरीके से बिल्डिंगें गिर रही हैं, उसमें अब तक करीब 80 लोगों की मौत मलबे में दबने से हो गई है। पिछले तीन महीने में छह बिल्डिंगें गिर चुकी हैं और 25 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। भाजपा की चार इंजन की सरकार पूरी तरीके से सो रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सरकार और एमसीडी में मेयर प्रवेश वाही पूरी तरीके से विफल हो चुके हैं। इन लोगों से दिल्ली नहीं संभल रही है।

प्रवीण कुमार ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से पूछा कि और कितने लोगों की जान बिल्डिंग में दबने से जाएगी? अभी हमें यह भी नहीं पता कि हम यहां खड़े होकर मीडिया से बात कर रहे हैं और इस बीच कहीं कोई बिल्डिंग गिर जाए। अब तो नौबत यह आ गई है कि पिछले हफ्ते भर में तीन बिल्डिंगें गिर चुकी हैं। आखिर दिल्ली वालों का कसूर क्या है? क्या उनका कसूर यह है कि उन्होंने भाजपा को वोट देकर जिताया और उनकी सरकार बनवाई? अब भाजपा के पास कमी किस बात की है? केंद्र में भी भाजपा है, राज्य में भी भाजपा है और एमसीडी में भी भाजपा है। क्या ये लोग दिल्ली वालों को मलबे के नीचे दबाकर मारना चाहते हैं?

प्रवीण कुमार ने बताया कि जब आम आदमी पार्टी के पार्षद और स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य इस मुद्दे को उठाने के लिए हेलमेट पहनकर स्टैंडिंग कमेटी के हाउस में जाना चाहते थे, तो भाजपा के निर्देश और तानाशाही रवैये के कारण उन्हें बाहर ही रोक दिया गया और एक पैम्फलेट तक नहीं ले जाने दिया गया। हमारे पार्षद यह बताना चाहते थे कि अब दिल्ली वालों की जिंदगी भगवान भरोसे हो चुकी है और उनकी सुरक्षा उनके अपने हाथ में है। अब अगर वे हेलमेट पहनेंगे, तभी उनकी जान बचेगी क्योंकि कौन सी बिल्डिंग कब गिर जाए, इसका कुछ पता नहीं होता। क्या भाजपा यह सब करके बच जाएगी और दिल्ली की जनता की आंखों में धूल झोंक पाएगी? भाजपा ने जिस तरीके से इतने लोगों की जान ली है, इसका हिसाब और जवाब उसे देना पड़ेगा। मेयर प्रवेश वाही को तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देना चाहिए। अगर उनमें थोड़ी भी शर्म बची है, तो उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।

वहीं, एमसीडी सह-प्रभारी प्रीति डोगरा ने कहा कि तीन से चार महीनों के बीच सातवीं बार इतना बड़ा हादसा हुआ है, जिसमें फिर से दो लोगों की मौत हो गई है और छह लोग घायल हैं। आज भाजपा हमारे पार्षदों के हेलमेट से नहीं, बल्कि अपने कर्मों से डरी हुई है। उन्हें लगता है कि जब आम आदमी पार्टी के पार्षद आवाज उठाएंगे और यह बात जनता तक जाएगी, तो भाजपा के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन खड़ा हो जाएगा।

प्रीति डोगरा ने याद दिलाया कि जब सत्य निकेतन में मासूम बच्चों की मौत हुई थी, तब मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने वादा किया था कि अब दिल्ली में ऐसे हादसे नहीं होंगे। लेकिन इसके बावजूद हादसे लगातार बढ़ते जा रहे हैं और कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। हर बार लीपापोती करके नीचे के अधिकारियों यानी जेई और एई को निपटाकर मामला खत्म कर दिया जाता है। क्या जेई और एई को सस्पेंड कर देने से ये मौतें रुक जाएंगी और बिल्डिंग गिरना बंद हो जाएगा?

प्रीति डोगरा ने कहा कि हम स्थायी समिति की चेयरमैन सत्या शर्मा, मेयर प्रवेश वाही और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से सीधी मांग करते हैं कि वे अपने पदों से इस्तीफा दे दें। जितने भी डीसी हैं, सबसे इनकी साठगांठ है। क्या डीसी को यह नहीं पता कि उनके जोन में क्या चल रहा है, बिल्डिंगों में कितने बड़े घपले हो रहे हैं और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है? इस बार हमें नीचे के अधिकारियों का इस्तीफा नहीं चाहिए। जहां भी बिल्डिंग गिर रही है, वहां के जिम्मेदार डीसी का इस्तीफा होना चाहिए, साथ ही मेयर प्रवेश वाही और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को भी इस्तीफा दे देना चाहिए। वहीं, स्थायी समिति के सदस्य प्रवीण राजपूत ने कहा कि भाजपा सरकार ने नगर निगम को लूट का अड्डा बना दिया है। इतिहास में ऐसा भ्रष्टाचार और मनमानी कभी नहीं हुई, जो आज दिल्ली के अंदर चल रही है। एक-एक जोन के अंदर 20-20 वार्डों के ऊपर सिर्फ एक जेई है। वह अकेला क्या-क्या कर सकता है, वह तो नोटिस तक नहीं दे सकता। आज मैंने खुद अधिकारियों को आंकड़ों के साथ यह बात बताई, क्योंकि उनके पास आंकड़े तक नहीं हैं। पूरी दिल्ली के अंदर जो बिल्डिंगें खतरनाक स्थिति में हैं, एमसीडी आज तक उनका सर्वे भी नहीं कर पाई है। जब यह सर्वे ही नहीं हो सकता कि कौन सी बिल्डिंग गिरने की स्थिति में है, तो उन्हें तुड़वाएंगे कैसे? अगर वे टूटेंगी नहीं, तो लोगों के ऊपर ही गिरेंगी और आज दिल्ली के अंदर यही हो रहा है।

प्रवीण राजपूत ने कहा कि आज के एजेंडों के अंदर आइटम नंबर 87 में डीएमसी एक्ट की पूरी तरह धज्जियां उड़ाई गई हैं। मैंने खुद कमिश्नर और चेयरमैन से पूछा कि एनबीसीसी का जो आइटम नंबर 87 आया है, जिसके तहत फीस माफ करके बिना फीस लिए नक्शा पास किया जा रहा है और उसे नियमित किया जा रहा है, क्या यह डीएमसी एक्ट के अनुसार है? उन्होंने खुद अपने एजेंडे में लिखा हुआ है कि यह डीएमसी एक्ट के अनुसार नहीं है और हम इसे नहीं कर सकते। सीधी सी बात है कि अगर किसी को भी दिल्ली में मकान का नक्शा पास करवाना है, तो पहले फीस देनी पड़ेगी और उसके बाद नक्शा पास होगा। लेकिन इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि जो चीज डीएमसी एक्ट के अंदर नहीं हो सकती, उसे आज भाजपा ने स्टैंडिंग कमेटी में पास करवाया है, जो कानूनी रूप से गलत है। मैंने इस पर अपनी असहमति दर्ज कराई है और मैं इसके खिलाफ कोर्ट भी जाऊंगा। प्रवीण राजपूत ने बताया कि इसका मतलब यह है कि अगर गरीब आदमी नक्शा पास करवाने जाएगा, तो उससे पैसे लिए जाएंगे, लेकिन आज इन्होंने एनबीसीसी की फीस माफ कर दी। 32 करोड़ रुपए तो वह फीस है जो 10 साल पहले बनती थी, जबकि आज कम से कम 150 से 200 करोड़ रुपए इसकी फीस बनती है। इस गैर-कानूनी और गलत काम की वजह से नगर निगम को 200 करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

प्रवीण राजपूत ने बताया कि दूसरा मामला जमीन बेचने से जुड़ा है। अगर मुख्यमंत्री को अपनी विधानसभा में अस्पताल के लिए कोई जमीन चाहिए, तो वे इस तरह जमीन क्यों ले रही हैं? इसके पीछे इनकी मंशा उस जमीन को प्राइवेट बिल्डरों को बेचने की है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज अस्पताल के नाम पर जो जमीन लेने का प्रस्ताव पास किया है, वे उस जमीन को प्राइवेट अस्पताल और बिल्डर को बेचने का काम करेंगी।

इंदिरा गांधी के साहसिक फैसलों ने दुनिया में बढ़ाया भारत का मान, 109वीं जयंती पर कांग्रेसियों ने किया नमन

सुनहरा संसार मो.युनुस पत्रकार (मंझनपुर)कौशांबी



कौशाम्बी। देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाली देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की 109वीं जयंती बृहस्पतिवार को मंझनपुर स्थित पार्टी कार्यालय में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिला पदाधिकारियों एवं पार्टी कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान आयोजित गोष्ठी में इंदिरा गांधी के ऐतिहासिक योगदान, मजबूत नेतृत्व और देशहित में लिए गए साहसिक निर्णयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी भारतीय राजनीति की ऐसी सशक्त शख्सियत थीं, जिन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और कुशल नेतृत्व से देश को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाई। वक्ताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी ने कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य हमेशा याद किए जाते रहेंगे। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए साहस, संघर्ष और देशभक्ति की प्रेरणा बना रहेगा। गोष्ठी में उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि आज जरूरत है कि इंदिरा गांधी के विचारों, उनके संघर्ष और देश के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेकर लोकतांत्रिक मूल्यों तथा सामाजिक एकता को मजबूत किया जाए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने इंदिरा गांधी के बताए मार्ग पर चलने और देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया।

महारानी लक्ष्मीबाई का बलिदान और शौर्य सदैव देशवासियों को प्रेरणा देता रहेगा : अरविंद वशिष्ठ

ब्यूरो एच सिद्दीकी



झाँसी। वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अरविंद वशिष्ठ ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई केवल झाँसी की ही नहीं, बल्कि संपूर्ण देश की गौरवशाली पहचान हैं। उनका अदम्य साहस, वीरता, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति समर्पण भारतीय इतिहास में सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा।

अरविंद वशिष्ठ ने कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध संघर्ष करके यह संदेश दिया था कि अन्याय और गुलामी के सामने कभी सिर नहीं झुकाना चाहिए। उन्होंने अपने अदम्य साहस और बलिदान से नारी शक्ति की ऐसी मिसाल पेश की, जो आज भी देश की बेटियों और युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि झाँसी की धरती का सौभाग्य है कि यहां वीरांगना लक्ष्मीबाई ने जन्म लेकर अपने शौर्य से पूरी दुनिया में झाँसी को पहचान दिलाई। महारानी का जीवन हमें देशभक्ति, स्वाभिमान, त्याग और संघर्ष का पाठ पढ़ाता है।

श्री वशिष्ठ ने कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती केवल एक ऐतिहासिक दिवस नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने और झाँसी की गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लेने का अवसर है। अंत में उन्होंने कहा कि "खूब लड़ी मदार्नी, वह तो झाँसी वाली रानी थी" की अमर गाथा सदियों तक देशवासियों के हृदय में जीवित रहेगी। उक्त अवसर पर अभिषेक दीक्षित, जूही खान, मीनू खान जाहिद मंसूरी आशीष वाजपेयी राकेश अमरया हनीफ राइन, विकास मिश्रा यसबीर पिपरिया आदि उपस्थित रहे।

आशियाना में फिटनेस सेंटर के सामने खड़ी बाइक चोरी, पीड़ित ने दर्ज कराई एफआईआर

हिन्दी दैनिक सुनहरा संसार लखनऊ अमर नाथ सिंह जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र में वाहन चोरी की घटना सामने आई है। फिटनेस सेंटर के सामने खड़ी एक मोटरसाइकिल को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए पार कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर आशियाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बजनौर के कटरा मोहल्ला निवासी अरहम खान पुत्र फिरोज खान ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 11 नवंबर 2026 की रात उनकी मोटरसाइकिल (नंबर UP32LK4962) अनिटाइम फिटनेस सेंटर के सामने खड़ी थी। कुछ समय बाद जब वह वापस लौटे तो मौके से उनकी बाइक गायब थी। उन्होंने आसपास काफी तलाश की, लेकिन मोटरसाइकिल का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पीड़ित ने थाना आशियाना पहुंचकर पुलिस को लिखित शिकायत दी और अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मोटरसाइकिल बरामद कराने की मांग की। पुलिस ने 18 नवंबर 2026 को तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। अब पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से बाइक चोरी करने वाले की तलाश कर सकती है।

शहीद पथ स्थित जेबी क्लब के बाहर वकील और उसके दोस्त की बेरहमी से पिटाई, लाठी-डंडों से किया हमला

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। राजधानी के शहीद पथ स्थित जेबी क्लब में आयोजित एक संगीत कार्यक्रम के दौरान विवाद के बाद मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि शराब के नशे में धुत कुछ युवकों ने हाईकोर्ट के अधिवक्ता और उनके मित्र के साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित अधिवक्ता की तहरीर पर बिजनौर थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई गई है। कृष्णानगर थाना क्षेत्र के भोलाखेड़ा निवासी प्रणव शुक्ला हाईकोर्ट लखनऊ में अधिवक्ता हैं। उन्होंने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 17 नवंबर 2026 की सुबह करीब चार बजे वह अपने मित्र अनुराग सिंह, विनीत सिंह और मोहित के साथ शहीद पथ स्थित जेबी क्लब पहुंचे थे। वहां गायक मिलिंद का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान क्लब में पहले से मौजूद रिषभ ठाकुर उर्फ ऐड़ा, अंकुर पंडित, शुभम शर्मा, यशुवीर और कुछ अज्ञात लोग शराब के नशे में उनके पास आए और अभद्र टिप्पणी करते हुए कहने लगे कि उन्होंने उनके जैसे 36 वकील देखे हैं। आरोप है कि जब प्रणव ने इस तरह की टिप्पणी करने का कारण पूछा तो उक्त लोग गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने क्लब के गेट के बाहर प्रणव शुक्ला और उनके मित्र मोहित को घेर लिया तथा लात-घूंसों और लाठी-डंडों से जमकर पिटाई शुरू कर दी। अचानक हुए हमले में दोनों को गंभीर चोटें आईं। पीड़ित का यह भी आरोप है कि मारपीट के दौरान उनके गले की सोने की चेन और बटुआ कहीं गिर गया, काफी तलाश करने के बावजूद दोनों सामान नहीं मिले। प्रणव शुक्ला ने बताया कि घटना से वह मानसिक रूप से काफी परेशान थे, जिसके चलते तत्काल शिकायत दर्ज नहीं करा सके। इसके बाद 18 नवंबर को थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ नामजद और अज्ञात लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।

बुंदेलखंड कॉलेज में वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के स्मरण में विविध कार्यक्रम आयोजित

ब्यूरो एच सिद्दीकी



झांसी `बुंदेलखंड कॉलेज, झांसी के तत्वावधान में स्वतंत्रता संग्राम की महानायिका वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के सम्मान एवं स्मरण में विभिन्न सांस्कृतिक, वैचारिक व जन्मोत्सव कार्यक्रमों का भव्य आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास से किया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर राष्ट्रभक्ति और वीरांगना के अदम्य साहस की गाथाओं से गूंज उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता बुंदेलखंड कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एस.के. राय ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी झांसी के पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश मिश्रा उपस्थित रहे। अतिथियों ने वीरांगना लक्ष्मीबाई के जीवन और संघर्ष को याद करते हुए कहा कि उनका बलिदान और नेतृत्व आज भी युवाओं को राष्ट्र सेवा व स्वाभिमान के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी संजीव सरावगी, ध्रुव सिंह, अशोक काका, रंजना बुंदेला, नीता अवस्थी, सुदर्शन शिवहरे , अनुराधा सिंह तथा प्रो. नवेद्र सिंह, प्रो. अश्वनी कुमार, प्रो.नीलम सिंह, प्रो.उमर रतन यादव, प्रो. अजीत सिंह, प्रो.स्मिता जायसवाल, डॉ. बृजेश मिश्रा, डॉ.संतोष रानी, डॉ. राम नारायण, डॉ. राजबहादुर मौर्य, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. अजीत गुप्ता, डॉ. डी.पी. गुप्ता, संजीव शेखर सिंह, अजय कुमार प्रजापति और विकाश कटियार सहित समस्त शिक्षक व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी मंच संचालन प्रो. एल.सी. साहू ने किया।

आयुष्मान योजना से जुड़ेंगे और अस्पताल, इलाज की गुणवत्ता सुधारने के लिए योगी सरकार शुरू करेगी आयुष्मान गुणवत्ता यात्रा

हिन्दी दैनिक सुनहरा संसार लखनऊ अमर नाथ सिंह जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ । उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा बढ़ाने के साथ ही मरीजों को बेहतर और सुरक्षित इलाज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से योगी सरकार ह्यआयुष्मान गुणवत्ता यात्राह्ल अभियान शुरू करने जा रही है। इस पहल के जरिए आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं देने वाले अधिक से अधिक अस्पतालों को जोड़ा जाएगा। साथ ही, पहले से योजना में सूचीबद्ध अस्पतालों को भी राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। सरकार का जोर केवल अस्पतालों और बेड की संख्या बढ़ाने पर नहीं, बल्कि मरीजों को मिलने वाले उपचार की गुणवत्ता, सुरक्षा और विश्वसनीयता में सुधार लाने पर भी है। स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (सीएचएस) की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए यह विशेष अभियान शुरू करने की पहल की गई है। इसके तहत राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित गुणवत्ता मानकों को पूरा करने वाले ऐसे अस्पतालों की पहचान की जाएगी, जो नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच) से मान्यता प्राप्त हैं, लेकिन अभी तक आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध नहीं हुए हैं। ऐसे अस्पतालों को योजना से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया जाएगा और एम्पैनलमेंट की प्रक्रिया तथा जरूरी औपचारिकताओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इस पहल से आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाओं वाले अस्पतालों में उपचार कराने के अधिक विकल्प मिल सकेंगे। वहीं, योजना के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने वाले अस्पतालों का दायरा भी बढ़ेगा। अभियान का एक महत्वपूर्ण पहलू पहले से सूचीबद्ध अस्पतालों की सेवाओं में सुधार लाना भी है। इसके लिए अस्पताल प्रबंधन को एनएबीएच प्रमाणन प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। अस्पतालों को मरीजों की सुरक्षा, उपचार व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाओं और प्रबंधन प्रणाली को राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप विकसित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।अभियान के दौरान अस्पतालों को गुणवत्ता मानकों की विस्तृत जानकारी देने के साथ ही उन क्षेत्रों की पहचान की जाएगी, जहां सुधार की आवश्यकता है। एनएबीएच प्रमाणन प्राप्त करने की प्रक्रिया और निर्धारित मानकों को लागू करने के व्यावहारिक तरीकों से भी अस्पताल प्रबंधन को अवगत कराया जाएगा। इसका उद्देश्य अस्पतालों में गुणवत्ता सुधार की ऐसी व्यवस्था विकसित करना है, जिससे मरीजों को उपचार के दौरान बेहतर सुविधाएं मिलें और चिकित्सा संस्थानों की जवाबदेही तथा सेवा मानकों में भी सुधार हो। आयुष्मान गुणवत्ता यात्राह्ल के तहत अस्पतालों, चिकित्सा विशेषज्ञों और संबंधित संस्थाओं के साथ संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का शौर्य और राष्ट्रप्रेम पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत- कुलपति प्रोफेसर मुकेश पांडेय

ब्यूरो एच सिद्दीकी



झांसी। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में गुरुवार को वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय एवं विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने महारानी लक्ष्मीबाई के अदम्य साहस, राष्ट्रप्रेम, त्याग एवं बलिदान का स्मरण किया। कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय ने वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के शौर्य का स्मरण करते हुए सुभद्रा कुमारी चौहान की प्रसिद्ध कविता की पंक्तियों के माध्यम से उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा दिखा गई पथ, सिखा गई हमको जो सीख सिखानी थी। बुंदेले हरबोलों के मुँह हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मदार्नी वह तो झाँसी वाली रानी थी। कार्यक्रम संयोजक, कला संकाय के अधिष्ठाता एवं हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. पुनीत बिसारिया ने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की काव्य पंक्तियों के माध्यम से महारानी लक्ष्मीबाई के शौर्य एवं बलिदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा अर्पित करता है श्रद्धांजलि शतक उन्हें सम्पूर्ण देश, लिखा जिन्होंने निज शोणित से नव स्वराज्य का श्रीगणेश। जूझे नहीं अकेले नर ही धारण कर-के समर वेश, लक्ष्मीबाई सी नारी भी दान दे गई बलि विशेष। कार्यक्रम के दौरान भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने महारानी लक्ष्मीबाई के जीवन, संघर्ष, वीरता और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में करिश्मा राजपूत ने प्रथम, प्रदीप कुमार ने द्वितीय तथा नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कुलसचिव ज्ञानेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक राज बहादुर, वित्त अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह, प्रो. देवेंद्र कुमार भट्ट, प्रो. सौरभ श्रीवास्तव, प्रो. अर्चना वर्मा, प्रो. पूनम पुरी, प्रो. विनीत कुमार, प्रो. ममता गौड़, डॉ. संदीप कुमार सिंह, डॉ. सुनील त्रिवेदी, डॉ. शिप्रा सक्सेना, डॉ. श्रीहरि त्रिपाठी, डॉ. नवीन चंद पटेल, डॉ. बिपिन प्रसाद, डॉ. विजय यादव, डॉ. एपीएस गौड़, डॉ. प्रियंका चौहान, डॉ. सुनीता वर्मा, डॉ. प्रेमलता, डॉ. सुधा दीक्षित

अतीत विजय, डॉ. राघवेंद्र दीक्षित, डॉ. द्युति मालिनी सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्रीहरि त्रिपाठी ने किया तथा डॉ. बिपिन प्रसाद ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

कांग्रेस प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई को पुष्पांजलि अर्पित की

ब्यूरो एच सिद्दीकी



झांसी: उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी एवं अ. भा. कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय राजेंद्र पाल गौतम ने झांसी में आयोजित लोक हुंकार जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल होने के पूर्व महारानी लक्ष्मीबाई पार्क पहुंचकर वीरांगना लक्ष्मीबाई की जयंती की पूर्व संध्या पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव व जोन प्रभारी जगदीश चंद जांगिड़, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी, पूर्व विधायक ब्रजेन्द्र कुमार व्यास , पूर्व सांसद प्रत्याशी चंद्रभूषण सिंह बुंदेला, नि .प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल राय, नि.प्रदेश महासचिव राहुल रिछारिया, जिलाध्यक्ष देशराज रिछारिया, शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, पीसीसी सदस्य राजेंद्र सिंह यादव, जिला कॉर्डिनेटर कुंवर मुकुट सिंह, पूर्व प्रवक्ता राजेंद्र शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह पारीछा, अमीर चंद आर्य, शैलेन्द्र कुमार शीलू , शंभू सेन, शाहरुख मंसूरी, कार्तिक पटैरिया, अब्दुल जबीर सहित तमाम कांग्रेसजन उपस्थित रहें।

रानी झांसी की जयंती पर तलवार वापसी के साथ बुंदेलखंड राज्य की मांग

ब्यूरो एच सिद्दीकी



झांसी, 19 नवंबर 2026: वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती के पावन अवसर पर आज बुंदेलखंड क्रांति दल के पदाधिकारियों ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी झांसी के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी को एक ज्ञापन प्रेषित किया। इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह ने बुंदेलखंड क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और क्षेत्रीय अस्मिता की रक्षा हेतु तत्काल पृथक बुंदेलखंड राज्य के निर्माण की मांग उठाई। इसके साथ ही उन्होंने ऐतिहासिक स्वाभिमान का मुद्दा उठाते हुए वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की ऐतिहासिक तलवार एवं अन्य युद्ध सामग्री को ग्वालियर से ससम्मान झांसी वापस लाए जाने की पुरजोर मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष शीलेन्द्र वर्मा, मो. नईम मंसूरी, शरद प्रताप सिंह एडवोकेट, राज सिंह शेखावत, शेख अरशद, अनवार अहमद मंसूरी, शमशुद्दीन राइन, भरत राजा, ताहिर खान, हाजी जाकिर खान, जामिन हुसैन, दुर्गाप्रसाद रायकवार, जगदीश विश्वकर्मा, गुलाब सिंह चौहान, राजू वंशकार, लक्ष्मीनारायण श्रीवास, अनिल सिंह शेखावत, रमेश पाल (पूर्व प्रधानाचार्य), मुबारक राइन, बाबूलाल, दामोदर प्रसाद एवं अजय कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला, 11 तोला सोना और 13.50 लाख रुपये हड़पने का आरोप

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। राजधानी के आलमबाग क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का एक मामला सामने आया है। सुजानपुरा निवासी बुशरा बानो ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष के छह लोगों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, मारपीट कर घर से निकालने तथा लाखों रुपये के स्त्रीधन और जेवरात पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस संबंध में थाना आलमबाग में प्रार्थना पत्र देकर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पीड़िता बुशरा बानो के मुताबिक उसका विवाह 26 फरवरी 2023 को मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार कानपुर रोड स्थित उत्सव मैरिज लॉन में मोहम्मद सलमान अंसारी के साथ हुआ था। विवाह में उसके माता-पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार ससुराल पक्ष की मांग पर करीब 11 तोला सोने के जेवर, गृहस्थी का सामान और अन्य कीमती उपहार दिए थे। इसके अलावा पति को करीब एक लाख 30 हजार रुपये कीमत का आईफोन भी उपहार में दिया गया था। पीड़िता का आरोप है कि उसके पिता ने आरटीजीएस के माध्यम से साढ़े 13 लाख रुपये भी दिए थे। इसके बावजूद ससुराल वाले दिए गए दहेज और उपहारों से संतुष्ट नहीं हुए। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति मोहम्मद सलमान अंसारी, ससुर रमजान अली अंसारी, सास फूलबानो, ननद फिजा और रिश्तेदार लल्लन अतिरिक्त दहेज के रूप में दस लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी करने में असमर्थता जताने पर पीड़िता को कम दहेज लाने के ताने दिए जाने लगे और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए घरेलू नौकरानी से भी बदतर व्यवहार किया जाने लगा। पीड़िता का कहना है कि उसने अपनी गृहस्थी बचाने के लिए हरसंभव प्रयास किया, लेकिन ससुराल वालों का रवैया नहीं बदला। बुशरा बानो ने आरोप लगाया कि विवाह के दौरान मिले उसके स्त्रीधन के जेवरात भी ससुराल वालों ने उसकी अनुमति के बिना जबरन अपने कब्जे में ले लिए। जेवरात को बैंक के लॉकर में रखने की बात कहकर उन्हें बैंक में गोल्ड लोन लेने के लिए इस्तेमाल कर लिया गया और इसकी जानकारी तक उसे नहीं दी गई। जब उसके पिता ने इस संबंध में जानकारी मांगी तो पति और ससुराल पक्ष के लोगों से विवाद हो गया। आरोप है कि इस दौरान ससुर ने तीन फरवरी 2025 को उसका स्त्रीधन वापस करने की बात कही थी, लेकिन आज तक जेवरात वापस नहीं किए गए। पीड़िता के मुताबिक कुछ समय बाद पति और ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज करते हुए उसे घर से निकाल दिया। साथ ही धमकी दी कि जब तक दस लाख रुपये की दहेज मांग पूरी नहीं होगी, तब तक उसे घर में दोबारा प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। इसके बाद से वह अपने मायके में रहने को मजबूर है। पीड़िता के पिता ने कई बार दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने और बेटी को ससुराल वापस भेजने का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों ने अपनी मांग पूरी होने तक उसे घर में रखने से इनकार कर दिया। पीड़िता ने अपने पति मोहम्मद सलमान अंसारी, ससुर रमजान अली अंसारी, सास फूलबानो, ननद फिजा और रिश्तेदार लल्लन को नामजद करते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र में आरोपियों के वर्तमान ठिकाने के संबंध में मुंबई का पता भी दिया गया है। मामले में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि और पुलिस का आधिकारिक पक्ष सामने आना बाकी है।

खजाना चौराहे पर भीषण सड़क हादसा, अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की दर्दनाक मौत

हिन्दी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। राजधानी लखनऊ में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का एक दर्दनाक मामला सामने आया है। खजाना चौराहे पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके पर रुकने और घायल की मदद करने के बजाय वाहन समेत फरार हो गया। दुर्घटना में शामिल बाइक का नंबर यूपी 32 जीजेड 4935 बताया गया है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल बाइक सवार को सड़क से उठवाकर उपचार के लिए लोकबंधु अस्पताल भिजवाया, जहां उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार, बाइक सवार खजाना चौराहे से गुजर रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। अचानक हुई इस टक्कर से बाइक सवार को संभलने तक का मौका नहीं मिला और वह सड़क पर जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और बिना देर किए घायल को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। पुलिस ने बाइक सवार को लोकबंधु अस्पताल भिजवाया, लेकिन गंभीर चोटों के चलते उसकी जान नहीं बच सकी। उधर, हादसे को अंजाम देने वाला अज्ञात वाहन चालक दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गया। घटना के बाद चौराहे पर लोगों की भीड़ जुट गई। एक ओर पुलिस घायल को अस्पताल पहुंचाने में जुटी रही, वहीं दूसरी ओर फरार वाहन चालक की पहचान को लेकर सवाल उठने लगे। सड़क हादसे में एक व्यक्ति की असमय मौत ने उसके परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। जिस घर में रोजमर्रा की जिंदगी चल रही थी, वहां इस घटना के बाद दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। इस घटना ने एक बार फिर शहर की सड़कों पर तेज रफ्तार वाहनों और यातायात सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिरकार वाहन चालक ने पीछे से टक्कर मारने के बाद रुककर घायल की मदद करना भी उचित क्यों नहीं समझा? सड़क पर वाहन चलाते समय जरा-सी लापरवाही किसी परिवार की खुशियां हमेशा के लिए छीन सकती है।

आपदा से बचाव के लिए विद्यार्थियों को दिया व्यावहारिक प्रशिक्षण

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



एटा। सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एटा के मैदान में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की गाजियाबाद से आई टीम द्वारा आपदा प्रबंधन संबंधी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें एनडीआरएफ के साथ अग्निशमन विभाग, पीएसी, पुलिस बल, स्वास्थ्य विभाग, स्थानीय प्रशासन एवं विद्यालय की स्थानीय इकाई ने सहभागिता की। अभ्यास के माध्यम से विद्यार्थियों एवं विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों में धैर्य, सतर्कता और सूझबूझ के साथ कार्य करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर एनडीआरएफ के कमांडेंट पवन देव गौर ने आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए कहा कि विद्यालय में किसी भी प्रकार की आपदा की स्थिति उत्पन्न होने पर सर्वप्रथम अलार्म बजाकर सभी को सचेत करना चाहिए। इसके बाद स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों से प्राथमिक बचाव एवं राहत कार्य प्रारंभ करते हुए तत्काल प्रशासन को सूचना देनी चाहिए। प्रशासन के माध्यम से संबंधित विभागों एवं बचाव दलों को एक साथ सूचना मिलने से त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सकती है। उन्होंने कहा कि आकस्मिक आपदाओं से बचाव के लिए प्रत्येक व्यक्ति का प्रशिक्षित होना आवश्यक है। आपदा के समय आंखों की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि दृश्य संकेतों के आधार पर मस्तिष्क परिस्थिति का आकलन कर उचित निर्णय लेने में सहायता करता है।अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा जिला आपदा प्रबंधन के प्रभारी अधिकारी चंद्र प्रकाश पाठक ने कहा कि आपदा प्रबंधन में विभिन्न विभागों एवं इकाइयों के बीच बेहतर समन्वय सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। आपदा कभी भी अचानक आ सकती है, इसलिए पूर्व तैयारी और जागरूकता ही संकट के समय सबसे अधिक उपयोगी सिद्ध होती है। उन्होंने कहा कि कुछ आपदाएं प्राकृतिक होती हैं, जबकि कुछ मानवीय लापरवाही के कारण उत्पन्न होती हैं। शासन एवं प्रशासन द्वारा समय-समय पर आपदा प्रबंधन के प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं। प्रत्येक विद्यालय में इस प्रकार का अभ्यास आवश्यक है, ताकि संकट की स्थिति में स्थानीय स्तर पर ही प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य शुरू किए जा सकें।

रजि. नंबर RNI N0. UPHIN/2005/24731, प्रकाशक उमा सिंह व प्रधान संपादक राघवेन्द्र सिंह जादौन, उमा प्रिंटिंग प्रेस पंजीकृत कार्यालय इंदिरा नगर टूंडला चौराहा टूंडला फिरोजाबाद से प्रकाशित।
प्रधान कार्यालय एसबी/64 सेक्टर 70 नोयडा उत्तर प्रदेश- 9412162614। Email- sunharasansar@gmail.com, सभीवाद -विवादों का निपटारा आगरा न्यायालय में होगा।

अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासन और व्यापार मंडल के बीच हुई बैठक

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



एटा। नगर क्षेत्र में बढ़ती अतिक्रमण की समस्या के समाधान और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से गुरुवार को थाना कोतवाली नगर में प्रशासनिक अधिकारियों एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने तथा आमजन और राहगीरों को आवागमन में होने वाली परेशानियों से निजात दिलाने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।बैठक में क्षेत्राधिकारी नगर कीर्तिका सिंह, उप जिलाधिकारी सदर रवींद्र सिंह एवं अधिशासी अधिकारी निहाल सिंह ने व्यापार मंडल के अध्यक्ष, पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ अतिक्रमण की समस्या पर चर्चा की। अधिकारियों ने सड़क एवं फुटपाथ पर किए गए अनावश्यक कब्जों को हटाने तथा नगर की यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने के संबंध में आवश्यक सुझाव साझा किए।अधिकारियों ने व्यापारियों से अपील की कि वे प्रशासन का सहयोग करें और अपने प्रतिष्ठानों का संचालन निर्धारित स्थानों पर ही करें। सड़क एवं फुटपाथ पर सामान रखकर अतिक्रमण न करें, ताकि आम नागरिकों, राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।बैठक में थाना प्रभारी कोतवाली नगर धर्मेंद्र सिंह सहित व्यापार मंडल के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

सड़क सुरक्षा का संकल्प लेकर छात्राओं ने दिया सुरक्षित सफर का संदेश

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



अलीगंज/एटा। सड़क पर की गई जरा सी लापरवाही किसी की जिंदगी पर भारी पड़ सकती है। यातायात नियमों का पालन केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि स्वयं और दूसरों का जीवन सुरक्षित रखने की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से गुरुवार को लोकमाता अहिल्याबाई होलकर राजकीय महिला महाविद्यालय, भरापुरा में सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने यातायात नियमों का पालन करने तथा आमजन को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीपंकर सिंह ने की। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अभिनव द्विवेदी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं एवं कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। सभी ने तेज गति एवं लापरवाही से वाहन नहीं चलाने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने तथा यातायात संकेतों का पालन करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. दीपंकर सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के पीछे यातायात नियमों की अनदेखी और वाहन चलाते समय बरती जाने वाली लापरवाही प्रमुख कारण हैं। थोड़ी सी सावधानी अनेक अनमोल जिंदगियों को बचा सकती है। उन्होंने वाहन चालकों से निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, नशे की अवस्था में वाहन नहीं चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने की अपील की।कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अभिनव द्विवेदी ने कहा कि सड़क सुरक्षा की जिम्मेदारी केवल वाहन चालकों तक सीमित नहीं है, बल्कि सड़क का उपयोग करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। पैदल यात्रियों को सड़क पार करते समय जेब्रा क्रॉसिंग एवं निर्धारित स्थानों का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने छात्राओं से अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि विद्यार्थी समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। यदि प्रत्येक व्यक्ति यातायात नियमों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना ले तो सड़क दुर्घटनाओं में काफी कमी लाई जा सकती है।कार्यक्रम में आकाश कुमार, अभिषेक यादव, संजू शर्मा एवं अनुराग यादव सहित महाविद्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

बेटी को जन्म देने पर विवाहिता को घर से निकाला, आठ दिन की नवजात को भी रखा अपने पास

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



एटा। बेटी को जन्म देना एक विवाहिता के लिए मुसीबत बन गया। आरोप है कि नवजात बच्ची को जन्म देने के महज आठ दिन बाद ससुराल वालों ने विवाहिता के साथ मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया और आठ दिन की नवजात बच्ची को अपने पास ही रख लिया। पीड़िता ने थाने पहुंचकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। उसने अपनी नवजात बेटी को वापस दिलाने, सुरक्षा प्रदान करने और पति को साथ रखने की मांग की है।पीड़िता के अनुसार, उसने चार जनवरी 2026 को दाऊदगंज निवासी सुमित के साथ न्यायालय में विवाह किया था। इसके बाद पांच अक्तूबर को कायमगंज स्थित कृष्णा अस्पताल में ऑपरेशन के माध्यम से उसने बेटी को जन्म दिया। आरोप है कि बेटी के जन्म से नाराज ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की। प्रसव के आठ दिन बाद उसे घर से निकाल दिया गया, जबकि नवजात बच्ची को ससुराल वालों ने अपने पास ही रख लिया।पीड़िता का यह भी आरोप है कि उसके जेवर, रुपये और अन्य घरेलू सामान ससुराल में ही रखे हुए हैं। घर से निकाले जाने और नवजात बेटी से अलग किए जाने के बाद वह परेशान है। पीड़िता ने पुलिस से मामले में कार्रवाई कर अपनी बच्ची वापस दिलाने, उसे सुरक्षा उपलब्ध कराने तथा पति के साथ रहने की व्यवस्था कराने की मांग की है।

अलीगंज बस स्टैंड पर यात्रियों की जान से खिलवाड़, ऑटो में 10 से 15 सवारियां भरकर हो रहा संचालन

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



अलीगंज/एटा। कस्बे के अलीगंज बस स्टैंड परिसर में ऑटो चालकों की मनमानी यात्रियों की सुरक्षा पर भारी पड़ रही है। यातायात नियमों को ताक पर रखकर ऑटो चालक एक ही वाहन में 10 से 15 सवारियां तक भरकर खुलेआम संचालन कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि ऑटो चालक बस स्टैंड परिसर के अंदर से ही क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर रवाना हो रहे हैं। इसके चलते परिसर में अव्यवस्था के साथ ही किसी बड़े सड़क हादसे की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, अधिक कमाई के लालच में ऑटो चालक निर्धारित क्षमता से कई गुना अधिक यात्रियों को बैठा रहे हैं। कई बार स्थिति ऐसी हो जाती है कि यात्रियों को वाहन में ठीक से बैठने तक की जगह नहीं मिलती। इसके बावजूद चालक जोखिम भरे तरीके से ऑटो दौड़ा रहे हैं। अधिक सवारियां होने से वाहन का संतुलन बिगड़ने तथा अचानक ब्रेक लगाने या मोड़ पर पलटने जैसी दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।स्थानीय निवासी विक्रम बाथम ने बताया कि बस स्टैंड परिसर में ऑटो चालकों की मनमानी के चलते आए दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता है। चालक एक ऑटो में 10 से 15 सवारियां तक भरकर ले जाते हैं। जब बस स्टैंड के कर्मचारी उन्हें परिसर के अंदर सवारियां बैठाने से रोकते हैं तो कुछ चालक विवाद करने पर उतारू हो जाते हैं। इससे परिसर की व्यवस्था बनाए रखने में भी परेशानी होती है।स्थानीय निवासी स्वदेश ने बताया कि बस स्टैंड परिसर में सवारियां बैठाने को लेकर ऑटो चालकों के बीच आए दिन विवाद की स्थिति उत्पन्न होती रहती है। क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर वाहनों का संचालन करने से यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ रही है। साथ ही बस स्टैंड परिसर में अव्यवस्था का माहौल बना रहता है। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर ओवरलोड ऑटो के संचालन पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की।इस संबंध में एआरटीओ शिवम यादव ने बताया कि वर्तमान में यातायात माह के अंतर्गत जनपदभर में नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। अलीगंज क्षेत्र में भी अभियान चलाकर क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने वाले ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सीओ ट्रैफिक से वार्ता कर पुलिस के सहयोग से अभियान में तेजी लाई जाएगी।स्थानीय लोगों का कहना है कि केवल अभियान चलाने की घोषणा से समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है। बस स्टैंड परिसर में ऑटो चालकों की गतिविधियों पर नियमित निगरानी रखी जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

मासूम की मौत पर सीएम योगी का सख्त रुख, बोले- दोषियों को ऐसी सजा मिलेगी जिसे पीढ़ियां याद रखेंगी

हिन्दी दैनिक सुनहरा संसार लखनऊ अमर नाथ सिंह जिला ब्यूरो लखनऊ



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में समाजवादी पार्टी के रोड शो के दौरान एक किशोर की मौत के मामले को गंभीरता से लेते हुए कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने घटना पर गहरा दुख जताते हुए इसे निर्मम हत्या करार दिया और प्रशासन को निर्देश दिए कि अराजकता फैलाने वाले आरोपियों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कें आम जनता के सुगम आवागमन के लिए हैं, न कि राजनीतिक दलों के गुंडों की अराजकता के लिए। प्रदेश में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने और माफियागिरी दिखाने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे तत्वों को मिट्टी में मिलाने में देर नहीं लगेगी। मुख्यमंत्री गुरुवार को गोरखपुर के कैंपियरगंज विधानसभा क्षेत्र के भारीवैसी में 491 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले उत्तर प्रदेश के प्रथम वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय के भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 792 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 55 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से विश्वविद्यालय का भूमिपूजन किया और कल्पवृक्ष का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। रोड शो के दौरान हुई घटना का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि झंगहा से गोरखपुर पढ़ाई करने आए किशोर को सपा के रोड शो की अराजकता का शिकार होना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना के बाद भी समाजवादी पार्टी के नेताओं की ओर से संवेदना का एक शब्द तक नहीं आया। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि वह स्वयं परिवार से मिलेंगे। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि घटना में शामिल लोगों को खोजकर ऐसी सजा दिलाई जाए, जिसे उनकी कई पीढ़ियां याद रखें। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि माफिया और दंगाइयों के प्रति सहानुभूति रखने वालों को जनता के हितों की चिंता नहीं है। प्रदेश की सड़कों पर आम नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। अराजकता फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ सरकार सख्ती से कार्रवाई करेगी। उन्होंने विपक्ष को निशाने पर लेते हुए कहा कि रामभक्तों पर गोलियां चलवाने वालों को अब अपने अंतिम समय में मारीच की तरह राम नाम याद आ रहा है। अयोध्या से चुनाव लड़ने की चुनौती देने वालों में आमने-सामने मुकाबला करने का साहस नहीं है। हिम्मत है तो अयोध्या से चुनाव लड़कर दिखाएं। सीएम योगी ने कांग्रेस, सपा, बसपा और एआईएमआईएम पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हैदराबाद से आकर उत्तर प्रदेश में राजनीतिक बयानबाजी करने वालों को जनता चुनाव में जवाब देगी। चुनाव परिणाम के साथ ही हैदराबाद का भाग्यलक्ष्मीपुरम बनना तय हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब जाति और धर्म के नाम पर अराजकता फैलाने की राजनीति नहीं चलने वाली। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में दलितों, पिछड़ों, निषादों, यादवों, सैंथवारों, वैश्यों और ब्राह्मणों की जमीनों पर कब्जे कर कब्रिस्तानों की बाउंड्री बनवाने के लिए सरकारी धन खर्च किया जाता था। आज वही धनराशि मंदिरों के पुनरुद्धार और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में लगाई जा रही है। प्रदेश में 4,500 से अधिक मंदिरों के पुनरुद्धार का कार्य कराया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य सभी वर्गों के विकास के साथ प्रदेश की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करना है।वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय को पूर्वांचल के विकास में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले शैक्षणिक सत्र से वैकल्पिक स्थान पर कक्षाएं शुरू कराई जाएंगी। विश्वविद्यालय का निर्माण निर्धारित समयसीमा में पूरा कराया जाएगा। यहां स्नातक, परास्नातक, पीएचडी और डिप्लोमा स्तर पर सिल्वीकल्चर, एग्रोफॉरेस्ट्री तथा औद्यानिकी से जुड़े पाठ्यक्रम संचालित होंगे। इससे युवाओं को शिक्षा, शोध और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय किसानों, बागवानों और वन क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए भी उपयोगी साबित होगा। किसानों की समस्याओं पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से प्रभावित अन्नदाताओं को मुआवजा उपलब्ध कराया गया है। गोरखपुर में किसानों को करीब 500 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया है। प्रभावित किसानों को जल्द ही मुआवजे के अतिरिक्त विशेष पैकेज भी उपलब्ध कराया जाएगा। एग्रोफॉरेस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए इसके नियमों में संशोधन कर उन्हें सरल बनाया जाएगा, जिससे किसान अपनी कृषि भूमि पर पेड़-पौधे लगाकर अतिरिक्त आमदनी अर्जित कर सकें। पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने वैदिक सूत्र 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति के अत्यधिक दोहन का परिणाम आपदाओं के रूप में सामने आता है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि 12 जुलाई 2026 को प्रदेश में एक ही दिन में 35 करोड़ पौधे लगाए गए, जबकि पिछले साढ़े नौ वर्षों में कुल 280 करोड़ पौधों का रोपण किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रदेश के वृक्षारोपण अभियान की सराहना की है। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि पूर्वांचल अब पिछड़ेपन की पहचान से बाहर निकलकर शिक्षा और शोध के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। पिछली सरकारों ने इस क्षेत्र का केवल राजनीतिक इस्तेमाल किया, जबकि वर्तमान सरकार ने विकास को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था तीन गुना हुई है और 9.5 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां मिली हैं।

मतदाता जोड़ो अभियान को गति देने में जुटी भाजपा, 2027 में तीसरी बार योगी सरकार बनाने का संकल्प

ब्यूरो एच सिद्दीकी



झांसी। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान एवं मतदाता जोड़ो संपर्क अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी झांसी महानगर के जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह के नेतृत्व में बबीना विधानसभा एवं झांसी सदर विधानसभा के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों में जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, पार्षद, मनोनीत पार्षद एवं विभिन्न मोर्चों के मंडल अध्यक्ष शामिल हुए। इस दौरान मतदाता सूची में नए मतदाताओं के नाम जुड़वाने, छूटे हुए पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल कराने तथा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान एवं मतदाता जोड़ो संपर्क अभियान संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पूरी सक्रियता के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर संपर्क करें और पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जागरूक करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान को व्यापक जनसंपर्क का माध्यम बनाने तथा संगठनात्मक स्तर पर इसकी नियमित समीक्षा करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में तीसरी बार यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में सरकार बनाने के संकल्प को दोहराया। बबीना विधानसभा की बैठक में विधायक राजीव सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता जोड़ो संपर्क अभियान को प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को घर-घर और गांव-गांव पहुंचकर लोगों से संपर्क करना चाहिए। विशेष रूप से युवाओं एवं पहली बार मतदान करने के पात्र नागरिकों को जागरूक करते हुए उनके नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता के लिए कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी और निरंतर जनसंपर्क बेहद आवश्यक है। झांसी सदर विधानसभा की बैठक में विधान परिषद सदस्य रामतीर्थ सिंघल ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए मतदाता जोड़ो संपर्क अभियान में पूरी ऊर्जा के साथ जुटने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान को प्राथमिकता दें तथा पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए समन्वित प्रयास करें। झांसी सदर विधायक रवि शर्मा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने क्षेत्रों में मतदाताओं से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित करें। प्रत्येक परिवार में यह जानकारी प्राप्त करें कि कोई पात्र सदस्य मतदाता सूची में शामिल होने से छूटा तो नहीं है। विशेष रूप से नए एवं युवा मतदाताओं को अभियान से जोड़ते हुए उनके नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए आवश्यक प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया जाए।

खेत में सिंचाई कर रहे किशोर को सांप ने डसा, सीएचसी में भर्ती

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



अलीगंज/एटा। थाना जसरथपुर क्षेत्र के ग्राम सरौठ में खेत पर फसल की सिंचाई कर रहे 14 वर्षीय किशोर को सांप ने डस लिया। सर्पदंश की घटना से किशोर की हालत बिगड़ने लगी। परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अलीगंज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने तत्काल उपचार शुरू कर उसे सर्पदंश रोधी औषधि (एंटी स्नेक वेनम) दी। फिलहाल किशोर चिकित्सकों की निगरानी में भर्ती है।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सरौठ निवासी अजीत का 14 वर्षीय पुत्र राजकुमल खेत में पानी लगा रहा था। इसी दौरान अचानक एक सांप ने उसके पैर में डस लिया। किशोर ने सांप को मौके से भागते हुए देखा, जिसके बाद उसे सर्पदंश की जानकारी हुई। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन घबरा गए और बिना समय गंवाए उसे उपचार के लिए सीएचसी अलीगंज पहुंचाया।अस्पताल में चिकित्सकों ने किशोर का परीक्षण कर तत्काल उपचार प्रारंभ किया तथा उसे एंटी स्नेक वेनम की खुराक दी। चिकित्सकीय निगरानी में उसका उपचार जारी है।इस संबंध में चिकित्सक डॉ. विशाल चंद्र ने बताया कि 14 वर्षीय किशोर को सर्पदंश की शिकायत के बाद अस्पताल लाया गया था। उसके पैर में सांप ने डसा था। अस्पताल पहुंचते ही उसका उपचार शुरू कर दिया गया और आवश्यक सर्पदंश रोधी औषधि दी गई है। फिलहाल किशोर की चिकित्सकीय निगरानी की जा रही है।खेतों में काम करते समय बरतें सावधानी चिकित्सकों के अनुसार खेतों में सिंचाई एवं अन्य कृषि कार्यों के दौरान झाड़ियों, मेड़ों और पानी भरे स्थानों पर सांप छिपे हो सकते हैं। ऐसे में किसानों और खेतों में काम करने वाले लोगों को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक अथवा घरेलू उपचार में समय गंवाने के बजाय तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकीय उपचार कराना चाहिए।

सशक्त मतदाता, सशक्त लोकतंत्र का संदेश लेकर आगे आए विद्यार्थी

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



एटा। सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को शहर के अविनाशी सहाय आर्य विद्यालय में जनपद स्तरीय क्विज एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में एटा, मारहरा, अलीगंज एवं जलेसर विधानसभा क्षेत्रों के मतदाता साक्षरता क्लब (ईएलसी) के सदस्य विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, ज्ञान एवं विचारों के माध्यम से 'सशक्त मतदाता, सशक्त लोकतंत्र' का संदेश दिया।निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जबकि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में निर्वाचन संबंधी जानकारी और त्वरित उत्तर देने की क्षमता का परिचय दिया।प्रतियोगिताओं के समापन समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एम. अरुन्मोली ने कहा कि मतदाता ही राष्ट्र का विधाता है। लोकतंत्र की मजबूती प्रत्येक जागरूक मतदाता की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। प्रत्येक पात्र नागरिक को समय से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराकर मताधिकार के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि आगामी एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा अभी से प्रपत्र-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने मतदाता साक्षरता क्लब के सदस्य विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपने विद्यालयों एवं क्लबों के माध्यम से नियमित जागरूकता गतिविधियां आयोजित करें। अपने परिवार, आसपास के लोगों और क्षेत्रीय नागरिकों को मतदाता बनने के लिए प्रेरित करें, जिससे कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि केवल मतदाता बनना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रत्येक निर्वाचन में निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना भी आवश्यक है। मतदान के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करने में विद्यार्थियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।निबंध प्रतियोगिता में एमजीएचएम इंटर कॉलेज मारहरा की गरिमा कुमारी ने प्रथम, डाइट डीएलएड की छात्रा करिश्मा ने द्वितीय तथा महारानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज की श्रद्धा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अविनाशी सहाय आर्य इंटर कॉलेज के गर्वित वर्मा प्रथम, महारानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज की सौम्या द्वितीय तथा जेएलएन कॉलेज की प्रतिभा यादव तृतीय स्थान पर रहीं। जिलाधिकारी ने विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र प्रसाद मिश्रा ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से आए ईएलसी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए।कार्यक्रम के दौरान मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से आकर्षक रंगोली भी बनाई गई, जिसके माध्यम से मतदान के महत्व और लोकतंत्र में जनभागीदारी का संदेश दिया गया। रंगोली के संयोजन में स्वीप गतिविधि प्रभारी संजय शर्मा एवं उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा।इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. इंद्रजीत सिंह ने विद्यार्थियों को निर्देशित किया कि वे अपने विद्यालयों के नोडल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर क्षेत्रीय नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने तथा प्रत्येक निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम का संचालन स्वीप गतिविधि प्रभारी संजय शर्मा ने किया।प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश यादव, नोडल स्वीप प्रशांत वर्मा, ईएलसी के सह जिला समन्वयक शैलेंद्र गुप्ता एवं मतदाता साक्षरता क्लब के जिला समन्वयक सुधीर कुमार का विशेष सहयोग रहा। निर्णायक मंडल में प्रवक्ता भारत सिंह, सत्यवीर सिंह एवं डॉ. प्रशांत वर्मा शामिल रहे।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य बदन सिंह, संजीव यादव, राम बहादुर, राम प्रकाश, अश्वनी सिंह, नेहा द्विवेदी, कृष्णवीर सिंह, रामशरण, निशा पांडे सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

तेज रफ्तार स्कूल वैन ने कार में मारी जोरदार टक्कर, बाल-बाल बचा कार सवार

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। राजधानी के चिनहट क्षेत्र में स्कूली वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही से संचालन का मामला सामने आया है। श्री राम ग्लोबल स्कूल की एक तेज रफ्तार वैन ने एक कार में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि हादसे में कार सवार गोपाल पंडित बाल-बाल बच गए। आरोप है कि दुर्घटना के समय स्कूल वैन में कोई बच्चा सवार नहीं था, लेकिन यदि वैन में स्कूली बच्चे मौजूद होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। गोमतीनगर के पंचशील निवासी गोपाल पंडित के मुताबिक, 18 नवंबर 2026 को सुबह करीब आठ बजे वह अपनी कार संख्या यूपी 32 एससी 1393 से चिनहट स्थित श्री राम ग्लोबल स्कूल के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान स्कूल की वैन संख्या यूपी 25 डीटी 4575 का चालक कथित तौर पर बेहद तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चला रहा था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि वैन की रफ्तार करीब 80 किलोमीटर प्रति घंटा थी, जिसका उल्लेख उन्होंने उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज के आधार पर किया है। चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार को काफी नुकसान पहुंचा और शिकायतकर्ता को आर्थिक क्षति उठानी पड़ी। पीड़ित का कहना है कि दुर्घटना के बाद उन्होंने स्कूल प्रशासन से संपर्क कर नुकसान की भरपाई की मांग की, लेकिन शुरूआत में उन्हें अपनी कार का इंश्योरेंस कराने की सलाह दी गई। इसके बाद पुलिस के सहयोग से स्कूल कार्यालय में प्रबंधन से बातचीत हुई। आरोप है कि उस समय स्कूल प्रबंधन ने कार की मरम्मत का खर्च उठाने और भविष्य में ऐसी घटना न होने देने का आश्वासन दिया था। साथ ही कार की मरम्मत का एस्टीमेट पुलिस चौकी में जमा करने को कहा गया था, ताकि वहीं मामले का समाधान हो सके। गोपाल पंडित के अनुसार, उन्होंने कंपनी से कार की मरम्मत का एस्टीमेट तैयार कराया, जो करीब 80 हजार रुपये का था। इसके बाद पुलिस चौकी में स्कूल प्रबंधन के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में बातचीत हुई, लेकिन इस बार प्रबंधन ने कथित तौर पर नुकसान की भरपाई करने से इनकार कर दिया और कहा कि वह मुकदमा दर्ज करा सकते हैं। इसके बाद चौकी प्रभारी ने उन्हें लिखित शिकायत देने की सलाह दी। पीड़ित ने थाना चिनहट में प्रार्थना पत्र देकर स्कूल वैन चालक और जिम्मेदार स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।

उन्होंने पुलिस से दुर्घटना में शामिल चालक की पहचान कर उसके ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के फिटनेस प्रमाणपत्र, परमिट, बीमा और अन्य जरूरी दस्तावेजों की जांच कराने की मांग की है। साथ ही स्कूल की अन्य वैन के संचालन और उनकी सुरक्षा व्यवस्था का भी नियमानुसार निरीक्षण कराने का अनुरोध किया है। शिकायतकर्ता ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सुरक्षित रखकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यह मामला केवल उनकी कार को हुए नुकसान तक सीमित नहीं है, बल्कि स्कूली बच्चों और आम नागरिकों की सुरक्षा से भी जुड़ा है। यदि स्कूल वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही पर समय रहते अंकुश नहीं लगाया गया तो भविष्य में किसी मासूम की जान भी खतरे में पड़ सकती है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, शिकायत के आधार पर तहरीर प्राप्त कर प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया में उसकी फीडिंग की गई है। मामले में चालक और स्कूल प्रबंधन की जिम्मेदारी तथा वाहन के दस्तावेजों की जांच के बाद आगे की कार्रवाई महत्वपूर्ण होगी।

लोक हुंकार के मंच से गूँजी बुंदेलखंड की आवाज, विकास और जनसवालों पर हुआ व्य

मतदाता जोड़ो अभियान को लेकर भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न, विधायक राजीव सिंह पारीछा ने कार्यकताओं को दिया मार्गदर्शन

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झाँसी। आज झाँसी महानगर स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में बबीना विधानसभा के अंतर्गत संचालित मतदाता जोड़ो अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बबीना विधायक श्री राजीव सिंह पारीछा जी ने अपने संबोधन में कहा कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। इसलिए यह सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे। विधायक जी ने कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक बूथ पर पूरी सक्रियता एवं जिम्मेदारी के साथ अभियान को संचालित करें। नए एवं पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ने के साथ-साथ सूची में मौजूद त्रुटियों का भी नियमानुसार सुधार कराया जाए। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल हो तथा किसी भी मतदाता का नाम दो बार दर्ज न हो। इसके लिए बूथ स्तर पर घर-घर संपर्क एवं जनजागरूकता आवश्यक है। बैठक में विधानसभा प्रभारी श्री रमेश कुमार सिंह लोधी जी ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का मार्गदर्शन करते हुए अभियान की कार्ययोजना एवं क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री सुधीर सिंह जी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पवन गौतम जी की विशेष उपस्थिति रही। बैठक में मतदाता सूची से संबंधित विभिन्न प्रपत्रों के उपयोग एवं उनकी प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें फॉर्म-6 के माध्यम से नए पात्र मतदाताओं का नाम जुड़वाने, फॉर्म-7 के माध्यम से नियमानुसार अपात्र अथवा मृत मतदाताओं के नाम हटवाने तथा फॉर्म-8 के माध्यम से नाम, पता एवं अन्य विवरणों में संशोधन अथवा स्थानांतरण कराने की जानकारी दी गई। बैठक में जिला महामंत्री श्री अरविन्द राजपूत जी एवं श्री विकास कुशवाहा जी, ब्लॉक प्रमुख चिरगांव श्री राजकांतेश वर्मा जी, श्री जयदेव पुरोहित जी एवं श्री बृजेंद्र राजपूत जी सहित जिले के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संकल्प लिया गया कि मतदाता जोड़ो अभियान को जनसहभागिता के साथ बूथ स्तर तक पहुंचाकर मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए समन्वित प्रयास किए जाएंगे।

जान से मारने की नीयत से व्यक्ति व उसके मित्र पर अवैध तंमचे से फायर करने वाले वांछित दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

सुनहरा संसार क्राइम ब्यूरो बांदा



पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा वांछित अभियुक्तों व अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में दिनांक 18/19.11.2026 को थाना अतर्रा पुलिस द्वारा व्यक्ति व उसके मित्र को जान से मारने की नीयत से अवैध तंमचे से फायर करने वाले वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार दिनांक 03.11.2026 को थाना अतर्रा क्षेत्र के रहने वाले निखिल द्वारा सूचना दी गई कि राघव व उसके 04 अज्ञात साथियों द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर अवैध तंमचे से जान से मारने की नीयत से उस पर व उसके मित्र पर फायर कर दिया। सूचना प्राप्त होते ही थाना अतर्रा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में अभियुक्त अतुल को दिनांक 18.11.2026 की रात्रि को थाना बदौसा से व अभियुक्त धीरेन्द्र उर्फ धीरू को आज दिनांक 19.11.2026 को मण्डी के पास थाना अतर्रा जनपद बांदा से गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। पुलिस की जानकारी के मुताबिक वांछित मुख्य अभियुक्त राघव व अन्य 02 अज्ञात अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है। इस मौके पर गिरफ्तार अभियुक्त अतुल पुत्र नर्वदा निवासी तुर्रा थाना बदौसा जनपद बांदा तथा धीरेन्द्र उर्फ धीरू पुत्र महेन्द्र निवासी पचनेही थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा मौजूद रहे जबकि राघव पुत्र बलराम निवासी तेन्दुरा थाना बिसंडा जनपद बांदा तथा 02 व्यक्ति नाम पता अज्ञात फरार हैं। संबंधित पर मु०अ०सं०- 381/26 धारा 191(2)/191(3)/109(1)/352 बीएनएस थाना अतर्रा जनपद बांदा में अभियोग पंजीकृत किया गया है।गिरफ्तारी करने वाली की टीम में प्र०नि० अतर्रा विनोद कुमार राय, उ०नि० सुरेन्द्र प्रताप सिंह, कां० अजय प्रजापति, कां० पंकज द्विवेदी, कां० राहुल साहू मौजूद रहे।

सिविल डिफेंस विभाग द्वारा 22 नवंबर को ब्लैक आउट माक अभ्यास हेतु बामदेव सभागार में मीटिंग सम्पन्न

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शाशन के नागरिक सुरक्षा विभाग अनुभाग लखनऊ के पत्र संख्या-928/83-2026/1925112 दिनांक 16-11-2026 के अनुपालन में 22-11-2026 को सायं 6-00 बजे ब्लॉक आउट माक एक्सरसाइज के अनुपालन में कलेक्ट्रेट सभागार में मीटिंग सम्पन्न हुई। माक एक्सरसाइज के तैयारियों हेतु जनपद के प्रमुख विभागों द्वारा मीटिंग में प्रतिभाग किया। मीटिंग नगर मजिस्ट्रेट दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई मीटिंग में पुलिस विभाग, अग्निशमन विभाग, होमगार्ड कमाडेंट विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका परिषद, एवं नगर पंचायत से अधिशाषी अधिकारी, बेसिकशिक्षाविभाग, वन विभाग, परिवहन विभाग, खाद्य एवं रशद विभाग सहित अन्य महत्वपूर्ण विभाग ने अपनी शिरकत किया नागरिक सुरक्षा विभाग बांदा से बरिष्ठ सहायक विनोद कुमार, शिरोमणि , सन्तोष कुमार, प्रतिपाल सिंह ने मीटिंग में सहभागिता की।

26 नवंबर को लखनऊ में होगी बहुजन स्वराज संकल्प महारैली, बांदा में प्रेसवार्ता कर तैयारियों की दी गई जानकारी

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



आगामी 26 नवंबर को लखनऊ स्थित माता रमाबाई अंबेडकर पार्क में आयोजित होने वाली बहुजन स्वराज संकल्प महारैली की तैयारियों को लेकर गुरुवार को बांदा के कचहरी स्थित अंबेडकर पार्क में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) एवं भीम आर्मी भारत एकता मिशन के पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता आयोजित की। प्रेसवार्ता में मुख्य मंडल प्रभारी एवं प्रदेश संगठन मंत्री नीरज कश्यप ने बताया कि महारैली में बांदा जनपद की सभी तहसीलों, ब्लॉकों और विधानसभा क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल होंगे। रैली में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि बांदा, अतर्रा, नरैनी, बबेरू, कमासिन और बदौसा सहित विभिन्न क्षेत्रों से लोग बस, ट्रेन, बाइक और साइकिल के माध्यम से लखनऊ पहुंचेंगे। रैली में शामिल होने के लिए स्थानीय लोगों द्वारा बसों की व्यवस्था भी की जा रही है। पदाधिकारियों ने कहा कि यह महारैली संगठन की आगामी राजनीतिक तैयारियों और बहुजन समाज की एकजुटता का प्रदर्शन होगी। प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष शिवनरेश वर्मा, भीम आर्मी जिला संयोजक मनोज रुस्तम, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रदीप सोनकर, जिला महासचिव जगरूप प्रजापति, जिला प्रभारी धर्मेंद्र अंबेडकर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष किशन, अनिल वर्मा, दीपक सिद्धार्थ, दुरविजय अंबेडकर, समरजीत, रामबरन, प्रहलाद, मीडिया प्रभारी अखिलेश कुमार तथा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मीरा नाहर सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गोला में 22 नवंबर को सजेगा बाबा खाटू श्याम का भव्य दरबार, निशान यात्रा 20 को

सुनहरा संसार,अनुराग मिश्र



गोला गोकर्णनाथ खीरी। श्री श्याम जन्मोत्सव के पावन उपलक्ष्य में 'श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति, गोला' के तत्वावधान में आगामी 22 नवंबर 2026, दिन रविवार को चतुर्थ भव्य श्री खाटू श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह भव्य धार्मिक आयोजन मोहल्ला ऊंची भूड़ स्थित त्रिलोकी नाथ मंदिर प्रांगण में होगा, जो शाम 7:00 बजे से प्रारंभ होकर प्रभु इच्छा तक चलेगा। 20 नवंबर को निकलेगी भव्य निशान यात्रा संकीर्तन महोत्सव से पूर्व 20 नवंबर 2026, दिन शुक्रवार को सुबह 9:00 बजे से भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी शामिल होंगे। ?सुप्रसिद्ध भजन गायक बिखेरेंगे भक्ति के रंग महोत्सव में बाहर से आ रहे सुप्रसिद्ध भजन गायक बाबा के भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। कार्यक्रम में निम्नलिखित कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे शिवम लाडला दातागंज ,बदायूं अंकित बाबरा बहराइच, अक्षरा गुप्ता गोला, राधा राठौर सितारगंज उत्तराखंड संगीत प्रस्तुति शक्ति म्यूजिकल ग्रुप शाहजहांपुर आयोजक मंडल एवं निवेदक श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति, गोला ने नगर व क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमियों से सपरिवार एवं इष्ट मित्रों सहित पधारकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करने और धर्मलाभ उठाने की अपील की है।

केंद्रीय विद्यालय स्थापन हेतु एक दिवसीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



गुरुवार 19 नवम्बर 2026 को राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बांदा के झलकारी बाई सभागार में प्राचार्य/क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बांदा प्रो. दीपाली गुप्ता और बूटा अध्यक्ष डॉ० अशोक सिंह परिहार के निर्देशन में बुंदेलखंड क्षेत्र में केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग को लेकर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम ज्ञानदायिनी माँ सरस्वती को दीप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ जयंती सिंह ने किया। मुख्य अतिथि सह-आयुक्त पंकज कुमार, चित्रकूट धाम मण्डल ने बुंदेलखंड क्षेत्र की शैक्षिक, सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह क्षेत्र ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक संपदाओं की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है, लेकिन उच्च शिक्षा के पर्याप्त अवसरों के अभाव में यहां के विद्यार्थियों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इससे क्षेत्र में केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना से उच्च शिक्षा के नए अवसर सृजित होंगे तथा शोध, नवाचार और अकादमिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्य वक्ता प्रो. एच. आर. मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि बुंदेलखंड में केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इससे न केवल स्थानीय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ उच्च शिक्षा प्राप्त होगी, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को भी नई दिशा मिलेगी। उन्होंने इस मांग को व्यापक शैक्षिक एवं जनहित के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बताया। संगोष्ठी में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना से बुंदेलखंड की ऐतिहासिक विरासत, लोकसंस्कृति, साहित्य, कला, पुरातत्व एवं क्षेत्रीय विकास से जुड़े विषयों पर उच्चस्तरीय शोध को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार एवं अकादमिक उन्नति के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे। जलपुरुष पदमश्री उमा शंकर पांडेय ने बुंदेलखंड में केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग को प्रभावी ढंग से शासन एवं संबंधित प्राधिकारियों तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (बूटा) के अध्यक्ष डॉ.अशोक सिंह परिहार ने अपने वक्तव्य में बुंदेलखंड में केंद्रीय विश्वविद्यालय की माँग को व्यापक शिक्षक समुदाय एवं जनमानस की आवाज बताते हुए इसके लिए संगठित एवं निरंतर प्रयास किए जाने पर बल दिया। इसी अवसर पर सह-आयुक्त चित्रकूट धाम मण्डल पंकज कुमार के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा (16 से 30 नवम्बर, 2026 तक) के अंतर्गत "सड़क सुरक्षा शपथ" दिलाया। समाजसेविका एवं पूर्व प्रो.सबीहा रहमानी ने अपने वक्तव्य में कहा कि बुंदेलखंड में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता उन्हें बेहतर शैक्षणिक संसाधन, शोध के अवसर और गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने की है। केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना होने से विशेष रूप से ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। अंत में प्राचार्य प्रो० दीपाली गुप्ता ने सभी वक्ताओं, प्राध्यापकों, शिक्षाविदों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग क्षेत्र की शैक्षणिक आकांक्षाओं एवं उज्ज्वल भविष्य से जुड़ी हुई है।

पुलिस द्वारा गुम हुई 02 वर्षीय बच्ची के सकुशल बरामद कर परिजनों को किया सुपुर्द

सुनहरा संसार क्राइम ब्यूरो बांदा



पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान ह्लऑपरेशन मुस्कानह्व के क्रम में गुरुवार को थाना कमासिन की मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा गुम/भटकी हुई 02 वर्षीय बच्ची के परिजनों का 02 घण्टे के भीतर पता लगाकर सकुशल सुपुर्द किया गया। पुलिस के अनुसार गुरुवार दिनांक 19.11.2026 को थाना कमासिन की मिशन शक्ति टीम थाना कमासिन के बाजार क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों व एंटीरोमियो चेकिंग तथा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत भ्रमणशील थी। इसी दौरान बाजार क्षेत्र में एक लगभग 02 वर्षीय बच्ची भीड़भाड़ के बीच अकेले रोती हुई दिखाई दी। मिशन शक्ति टीम द्वारा तत्काल बच्ची के पास पहुंचकर उससे प्रेमपूर्वक एवं संवेदनशीलता के साथ बातचीत करने का प्रयास किया गया। बच्ची द्वारा अपना नाम-पता नहीं बता पा रही थी, तत्पश्चात बच्ची को संरक्षण में लेकर थाना कमासिन लाकर महिला हेल्पडेस्क पर बैठाया गया। तत्काल बच्ची के माता-पिता की खोजबीन हेतु टीमों का गठन कर आस-पास के लोगो से पूछताछ करते हुए करीब 02 घण्टे के अथक व निरन्तर प्रयासों के पश्चात पुलिस द्वारा परिजनों का पता लगाया गया तथा उन्हें सूचित कर थाना कमासिन पर बुलाकर बच्ची से मिलाकर पहचान करायी गयी। बच्ची द्वारा अपने माता-पिता की पहचान करने के पश्चात नियमानुसार बच्ची को उसके माता-पिता को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों द्वारा पूरी टीम की प्रशंसा करते हुए पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

प्राकृतिक चिकित्सा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम, लोगों ने जाना मिट्टी चिकित्सा का लाभ



गोला गोकर्णनाथ-खीरी। 9वें राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर शहर के मोहल्ला ऊंची भूड़ एचएम प्राकृतिक चिकित्सा, योग एवं एक्यूप्रेशर केंद्र की ओर से प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व और इसकी आवश्यकता को लेकर एक वृहद जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. मंजुला मिश्रा ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली, बढ़ते पर्यावरणीय प्रदूषण और खान-पान की अनियमित आदतों के कारण मनुष्य प्रकृति से दूर होता जा रहा है। ऐसे में दवा-रहित प्राकृतिक संसाधनों के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा केवल किसी एक अंग का उपचार नहीं करती, बल्कि व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को समग्र रूप से सुधारकर रोगों को जड़ से समाप्त करने का काम करती है। ?डॉ. मिश्रा ने स्वस्थ रहने के लिए खान-पान और दिनचर्या के नियमों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भोजन में लगभग 80 प्रतिशत क्षारीय और 20 प्रतिशत अम्लीय तत्व होने चाहिए, जो मौसमी फलों और सब्जियों से आसानी से प्राप्त किए जा सकते हैं। भोजन का समय निर्धारित होना चाहिए और कड़क भूख लगने पर ही भोजन करना चाहिए। रात्रि का भोजन जल्दी कर लेना चाहिए ताकि पाचन ठीक से हो सके और पेट को रात में विश्राम मिल सके। प्राकृतिक चिकित्सा के अनुसार शरीर के अवयवों के शिथिल होने से जब आंतरिक सफाई बाधित होती है, तो शरीर तीव्र रोग के माध्यम से गंदगी बाहर निकालता है। ऐसी स्थिति में दवाओं के बजाय उपवास करना लाभकारी होता है

मुख्यमंत्री को सदर विधायक रवि शर्मा ने श्री शिव महापुराण एवं श्री हनुमान कथा में शामिल होने के लिए किया आमंत्रित

ब्यूरो एएच सिद्दीकी



झाँसी । नगर विधायक रवि शर्मा ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें झाँसी में दिनांक 4 से 13 दिसंबर 2026 तक आयोजित होने वाले भव्य धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने हेतु पुनः आमंत्रित किया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री जी से झाँसी पधारकर श्री शिव महापुराण एवं श्री हनुमंत कथा में सहभागिता करने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि नगर विधायक रवि शर्मा द्वारा पूर्व में ही मुख्यमंत्री जी को इस भव्य धार्मिक आयोजन की जानकारी दी जा चुकी थी। आज की भेंट के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री जी को पुनः औपचारिक रूप से निमंत्रण पत्र सौंपते हुए आयोजन में पधारने का आग्रह किया। इस पर माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने 4 से 13 दिसंबर 2026 के मध्य एक दिवस झाँसी आकर श्री शिव महापुराण एवं श्री हनुमंत कथा में सम्मिलित होने का आश्वासन दिया।

इससे पूर्व नगर विधायक रवि शर्मा ने कुंडा के विधायक रघुराज प्रताप सिंह (राजा भैया) के आमंत्रण पर कुंडा में आयोजित पूज्य श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी (बागेश्वर धाम सरकार) के श्रीमुख से हो रही श्री हनुमंत कथा में सम्मिलित होकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने पूज्य श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी से भेंट की तथा विधायक रघुराज प्रताप सिंह (राजा भैया) को झाँसी में दिनांक 4 से 13 दिसंबर 2026 तक आयोजित होने वाले भव्य धार्मिक आयोजन का निमंत्रण पत्र सौंपा।

जिला कांग्रेस कमेटी ने मनायी पू० पीएम इंदिरा गांधी व रानी लक्ष्मीबाई की जन्मजयंती

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना विधायक के निदेशानुसार प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी आयरन लेडी, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न, इंदिरा गांधी व वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जन्म जयंती जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में शहर के इंदिरा नगर स्थित इंदिरा गांधी पार्क में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित की अध्यक्षता में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने महान विभूतियों पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी व वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बतलाया कि "1857 की महानायिका रानी लक्ष्मीबाई ने ब्रिटिश हुकूमत से जमकर लोहा लिया और वीरगति को प्राप्त हुईं, वहीं आयरन लेडी नाम से विश्वविख्यात पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जिन्हें प्रथम महिला प्रधानमंत्री का गौरव प्राप्त है, महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, सरदार वल्लभ भाई पटेल आदि क्रांतिकारियों के सानिध्य में रहकर बाल्यावस्था में ही देश की आजादी के लिए वानर सेना का गठन किया एवम् करो व मरो आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई और तन्हाइयों में रहकर जेल यातनाएँ भोगीं, अपने प्रधानमंत्री रहते हुए पाकिस्तान से बांग्लादेश को अलग कर राष्ट्रीयकृत बैंकों का एकीकरण, हरित क्रांति के साथ ही देश के गरीब, बेसहारा मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर देश को चतुमुर्खी विकास की ओर आगे बढ़ाया।" जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा खान ने खेद व्यक्त करते हुए वर्तमान सरकार को आड़े हाथों लिया उन्होंने कहा कि "इंदिरा गांधी पार्क में जगह जगह गन्दगी का साम्राज्य है जबकि शासनादेश है कि जिन पार्कों में महापुरुषों की मूर्तियां स्थापित हैं वहां साफ सफाई का ध्यान रखा जाए, साफ सफाई न होने पर कांग्रेस जनांदोलन को बाध्य होगी।

धौरहरा नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया सार्वजनिक शौचालय का लोकार्पण, बोले - स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन की कुंजी है

सुनहरा संसार मंडल ब्यूरो शीरी जैदी



धौरहरा-खीरी। जब पूरा देश विश्व शौचालय दिवस मना रहा था, तब नगर पंचायत धौरहरा ने स्वच्छता की दिशा में एक और बड़ा कदम बढ़ा दिया। आज दिनांक 19 नवम्बर 2026 को स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के अंतर्गत नवनिर्मित सार्वजनिक शौचालय का भव्य लोकार्पण नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा स्थानीय नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। लोकार्पण होते ही पूरे नगर में स्वच्छता को लेकर एक नई उम्मीद और नया जोश देखने को मिला। नगर पंचायत धौरहरा लगातार स्वच्छता के क्षेत्र में मिसाल कायम कर रहा है। इसी कड़ी में सरोजनी नगर में नवनिर्मित इस सार्वजनिक शौचालय के शुरू होने से अब नगरवासियों, राहगीरों, दुकानदारों और बाहर से आने वाले लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुलभ शौचालय की सुविधा मिलेगी। लंबे समय से इस सुविधा की मांग की जा रही थी, जिसे आज पूरा कर दिया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नगरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुलभ शौचालय सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) स्थिति को मजबूती से बनाए रखना है। नवनिर्मित शौचालय में महिला एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग व्यवस्था, साफ-सफाई, पानी और समुचित रख-रखाव की सुविधा सुनिश्चित की गई है। लोकार्पण के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने नागरिकों से भावुक अपील करते हुए कहा कि - "शौचालय बनाना नगर पंचायत का काम ?

मितौली विधायक सौरभ सिंह 'सोनू' के नेतृत्व में 600 कार्यकताओं का जत्था पहुंचा अयोध्या धाम, रामलला के किए दर्शन

सुनहरा संसार रोहित कुमार

मितौली (खीरी)। कस्ता विधानसभा क्षेत्र के विधायक सौरभ सिंह 'सोनू' और प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर के मार्गदर्शन में भाजपा कार्यकताओं का एक दो दिवसीय अयोध्या धाम दर्शन व कार्यशाला कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस यात्रा में विधानसभा के चारों मंडलों के मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष और सक्रिय कार्यकताओं सहित करीब 600 लोगों का विशाल काफिला शामिल रहा। विधायक सौरभ सिंह 'सोनू' के नेतृत्व में अयोध्या पहुंचे सभी कार्यकताओं ने सर्वप्रथम पवित्र सरयू नदी में स्नान किया। इसके बाद सभी ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर में विराजमान रामलला व राम दरबार के दर्शन किए।

सड़क दुर्घटनाओं में कमी व मृत्युदर घटाने हेतु विभागवार कार्यवाही की समीक्षा, संबंधित विभागों को प्रभावी निर्देश

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला सड़क सुरक्षा समिति की पूर्व बैठक दिनांक 28.10.2026 के कार्यवृत्त के अनुपालन में विभिन्न विभागों द्वारा की गई कार्यवाही की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु दर कम करने, यातायात नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित कराने तथा जनमानस में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत दिनांक 16 नवंबर 2026 को महाराणा प्रताप चौक, बांदा में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम का भी उल्लेख किया गया। उक्त कार्यक्रम में मंडलायुक्त, पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं जिलाधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई तथा प्रचार वाहन एवं बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकालकर आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन एवं सुरक्षित आवागमन का संदेश दिया गया।

बैठक में अनुपालन आख्या के बिंदुवार विवर

1 - हिट एंड रन दुर्घटनाओं के मामलों में सहायता एवं प्रतिकर भुगतानः हिट एंड रन दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा ट्रक चालकों सहित वाहन चालकों को निरंतर जागरूक किया जा रहा है। सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से सड़क सुरक्षा नियमों के संबंध में प्रचार-प्रसार भी कराया जा रहा है। पुलिस विभाग से प्राप्त तीन प्रकरणों में जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रतिकर धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है तथा संबंधित बीमा कंपनी के पोर्टल पर भुगतान की कार्यवाही हेतु प्रकरण फीड किए गए हैं। इन प्रकरणों में मृतक वीरू सिंह, मृतका सुश्री कोमल तथा मृतक चुन्नू के आश्रितों को ?2-2 लाख की प्रतिकर धनराशि स्वीकृत की गई है। संबंधित बीमा कंपनी द्वारा पीड़ितों एवं पात्र आश्रितों को स्वीकृत धनराशि का भुगतान शीघ्र सुनिश्चित करने तथा लंबित प्रकरणों का नियमानुसार त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। 2 - यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाहीः पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमित प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है। अनुपालन आख्या के अनुसार माह अक्टूबर 2026 में ओवरलोडिंग के 202, ओवरस्पीडिंग के 27, ड्रंक एंड ड्राइव के 09, बिना हेलमेट के 1784, बिना सीट बेल्ट के 290, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन प्रयोग के 161 तथा रॉन्ग साइड ड्राइविंग के 138 मामलों में कार्यवाही की गई। वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन किए जाने पर प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही जारी रखने, ओवरलोडिंग एवं ओवरस्पीडिंग के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने तथा बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, मोबाइल फोन का प्रयोग, रॉन्ग साइड ड्राइविंग एवं नशे की स्थिति में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध नियमित चेकिंग एवं कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।3 - राहवीर योजना के अंतर्गत घायल व्यक्तियों की सहायताः स्वास्थ्य विभाग से राहवीर योजना के दो लाभार्थियों का विवरण प्राप्त हुआ है। दोनों प्रकरणों को आवश्यक प्रारूप में प्राप्त कर संबंधित समिति से संस्तुति कर परिवहन आयुक्त कार्यालय को भेजा गया तथा प्रकरण स्वीकृत किए गए हैं। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्त

झांसी मनस्विनी तथा उत्तर प्रदेश उद्योग महानगर महिला व्यापार मंडल झांसी द्वारा रानी को श्रद्धांजलि

ब्यूरो एच्व सिद्दीकी



झांसी उत्तर प्रदेश उद्योग महानगर महिला व्यापार मंडल तथा झांसी मनस्विनी द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई जयंती पर परमानंद चौराहे पर दीपांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष रजनी गुप्ता कोषाध्यक्ष रश्मि महेंद्रू साईं कोषाध्यक्ष अनीता वासुदेव उपाध्यक्ष अनामिका टंडन मंत्री नेहा झा समेत सभी व्यापारी महिलाएं उपस्थित रहीं।रजनी गुप्ता ने रानी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि तलवार उठाई थी जिसने, वो कोई आम नारी नहीं थी। वो झाँसी की रानी थी, मौत से भी जिसने हार नही मानी थी। कार्यक्रम के अंत में रश्मि महेंद्रु ने सभी का आभार व्यक्त किया।

घुटनों के दर्द से परेशान बुजुर्गों के लिए रोबोटिक सर्जरी बनी नई उम्मीद, फिर चलना-फिरना होगा आसान

ब्यूरो एच्व सिद्दीकी



झाँसी : बढ़ती उम्र के साथ घुटनों में दर्द, अकड़न और सूजन की समस्या आम हो जाती है। कई बार यह परेशानी इतनी बढ़ जाती है कि सीढ़ियां चढ़ना, टहलना, बागवानी करना या घर के छोटे-मोटे काम करना भी मुश्किल हो जाता है। इसका एक बड़ा कारण घुटनों के जोड़ों का घिसना यानी ऑस्टियोआर्थराइटिस हो सकता है। समय पर जांच और इलाज से इस समस्या को बढ़ने से रोकने में मदद मिल सकती है। घुटनों में लगातार दर्द, चलने में परेशानी, सूजन, जोड़ों को मोड़ने में दिक्कत या आराम करते समय भी दर्द होना ऐसे लक्षण हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसी स्थिति में हड्डियों के विशेषज्ञ से सलाह लेना जरूरी है। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के ऑर्थोपेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग के डायरेक्टर डॉ. अखिलेश यादव ने बताया कि घुटनों को स्वस्थ रखने के लिए वजन नियंत्रित रखना, नियमित हल्की एक्सरसाइज करना, पैदल चलना या तैरना और संतुलित भोजन लेना जरूरी है। इससे जोड़ों पर पड़ने वाला दबाव कम करने में मदद मिलती है। डॉ. यादव के अनुसार, जब घुटने की समस्या गंभीर हो जाती है और दवाइयों या अन्य इलाज से आराम नहीं मिलता, तब घुटना बदलने की सर्जरी की सलाह दी जा सकती है। आज रोबोटिक तकनीक की मदद से यह सर्जरी अधिक सटीक तरीके से की जा सकती है। इसमें रोबोटिक सिस्टम मरीज के घुटने की बनावट का नक्शा तैयार करने में मदद करता है, जिससे डॉक्टर को सही जगह पर कृत्रिम जोड़ लगाने में सहायता मिलती है। इस तकनीक से कुछ मरीजों में दर्द कम होने, जल्दी चलने-फिरने और बेहतर रिकवरी में मदद मिल सकती है। हालांकि, सर्जरी का फैसला मरीज की उम्र, बीमारी और स्वास्थ्य को देखकर डॉक्टर लेते हैं।

गढ़ गंगा मेले में जिला पंचायत की व्यवस्थाएं धड़ाम, पुलिसकर्मी टेंट और बिजली को तरसे

कपिल शर्मा संवाददाता सुनहरा संसार गढ़मुक्तेश्वर

गढ़मुक्तेश्वर। गढ़ गंगा मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्थाओं के बड़े-बड़े दावों के बीच जिला पंचायत की तैयारियों की पोल खुलने लगी है। मेला शुरू हुए अभी कुछ दो दिन हुए हैं और व्यवस्थाएं पटरी से उतरती नजर आ रही हैं। जिला पंचायत की ओर से टेंट, बिजली और हैंडपंप लगाने की जिम्मेदारी जिन ठेकेदारों को सौंपी गई है, उनकी मनमानी का खामियाजा मेला ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों और अन्य लोगों को भुगतना पड़ रहा है। मेला स्थल पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी के लिए कैंप और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी जिला पंचायत की है, लेकिन संबंधित ठेकेदारों की लापरवाही के चलते इंतजाम अधूरे पड़े हैं। आरोप है कि टेंट लगाने वाले ठेकेदार ने अपना फोन तक बंद कर लिया है। वहीं, हैंडपंप और बिजली लगाने का काम संभालने वाले ठेकेदार भी अपने कैंपों से गायब हैं। ठेकेदारों की लापरवाही का मामला उस समय और गंभीर हो गया, जब भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं ने बिजली की व्यवस्था नहीं होने पर विरोध जताया। संगठन के जिलाध्यक्ष जीते चौहान के कैंप में जिला पंचायत की ओर से बिजली की व्यवस्था नहीं कराई गई थी। इससे नाराज दर्जनों कार्यकर्ता मेला स्थल पर पहुंचे और बिजली आपूर्ति करने वाले जनरेटर बंद करा दिए। इसके चलते कुछ समय के लिए मेला क्षेत्र में अंधेरा छा गया। बाद में जल्द बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराने का आश्वासन मिलने पर जनरेटर दोबारा चालू किए गए। वहीं, हैंडपंप की व्यवस्था को लेकर भी ठेकेदार की लापरवाही सामने आई। भाकियू संघर्ष (अराजनैतिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरनजीत सिंह को अपने कैंप में हैंडपंप लगवाने के लिए स्वयं ठेकेदार के पास जाना पड़ा। उन्होंने ठेकेदार से कैंप में नल लगवाने की मांग की। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मेला स्थल पर पानी और बिजली जैसी जरूरी सुविधाओं के लिए भी लोगों को कितनी मशक्कत करनी पड़ रही है। मेला अभी शुरूआती दौर में है और श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है। एसडीएम मेला अधिकारी श्रीराम यादव का कहना है कि लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी, उच्चाधिकारियों को सभी रिपोर्ट दे जा रही हैं।

भाई-भाभी पर लगाया जानलेवा हमले का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता सुनहरा संसार गढ़मुक्तेश्वर

गढ़मुक्तेश्वर। गांव गड़ावली निवासी युवक ने सगे भाई-भाभी पर जानलेवा हमला कर घायल करने का आरोप लगाया है। गड़ावली निवासी जयप्रकाश ने तहरीर दी है। जिनका आरोप है कि 16 नवंबर की शाम उनका भाई गोविंद उनके माता-पिता के साथ गाली-गलौज करते हुए अभद्रता कर रहा था। उन्होंने विरोध किया तो गोविंद और उसकी पत्नी बबीता भडक गए। आरोपियों ने बलकटी से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। बीच-बचाव कराने पहुंची उनकी पत्नी को भी आरोपियों ने बेरहमी से पीटा। हंगामा होने पर पहुंचे पड़ोसियों ने उन्हें बचाया। पीड़ित ने आरोपियों को नामजद कर कार्रवाई की मांग की है। सीओ राहुल यादव का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

कथा व्यास देवेंद्र महाराज ने श्रद्धालुओं को आस्था, मानवता और नैतिकता का संदेश दिया

सुनहरा संसार गढ़मुक्तेश्वर

गढ़मुक्तेश्वर। कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेले में गंगा तट पर आध्यात्मिक वातावरण के बीच श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। प्रयागराज से आए कथा व्यास देवेंद्र महाराज ने बुधवार को कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं को धर्म, आस्था और मानवता का महत्व समझाया। उनके प्रवचनों से कथा स्थल भक्तिमय हो गया। महाराज ने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में सदैव नैतिकता और सदाचार का पालन करना चाहिए। दूसरों के प्रति दया, करुणा और सेवा भाव रखना ही सच्ची मानवता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को धर्म के मार्ग पर चलते हुए अच्छे कर्म करने और जीवन में संस्कारों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कथा के दौरान मौजूद श्रद्धालुओं ने प्रवचनों को ध्यानपूर्वक सुना। हालांकि, प्रशासन की ओर से आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार नहीं कराया गया है। इसके चलते मेले में लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी के बावजूद कथा स्थल पर अपेक्षाकृत कम लोग पहुंच पा रहे हैं। यदि आयोजन की जानकारी अधिक से अधिक श्रद्धालुओं तक पहुंचाई जाए तो कथा का लाभ बड़ी संख्या में श्रद्धालु उठा सकते हैं।

महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर मणिकर्णिका वूमेन्स क्लब की सराहनीय पहल, बच्चों को बांटी स्टेशनरी

ब्यूरो एच्व सिद्दीकी



झाँसी। वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती के अवसर पर मणिकर्णिका वूमेन्स क्लब ने सामाजिक सरोकारों की मिसाल पेश करते हुए सिद्धेश्वर रोड स्थित आदर्श पब्लिक इंटर कॉलेज में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों को उपहार स्वरूप स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने महारानी के अदम्य साहस, वीरता और बलिदान को नमन करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि झाँसी की पहचान वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के नाम से है। प्रथम स्वाधीनता संग्राम में उनका योगदान भारतीय इतिहास में सदैव स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध अदम्य साहस का परिचय देते हुए देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका जीवन आज भी नारी शक्ति, आत्मसम्मान, साहस और देशभक्ति की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण रंगोली के माध्यम से बनाई गई महारानी लक्ष्मीबाई की मनमोहक प्रतिमा रही, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद बच्चों को स्टेशनरी सामग्री के साथ-साथ खानपान की सामग्री का भी वितरण किया गया और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट सपना सरावगी, प्रेसिडेंट मोनिका कोचर, वाइस प्रेसिडेंट तमन्ना राय, ट्रेजरर संयुक्ता शर्मा, सेक्रेटरी प्रेरणा हजेला, पास्ट प्रेसिडेंट ओमनी राय एवं नेहा तिवारी सहित अंजलि अग्रवाल, श्रुति बंसल और ज्योत्सना उपस्थित रहीं। उल्लेखनीय है कि मणिकर्णिका वूमेन्स क्लब महिलाओं के उत्थान, सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में लगातार धरातल पर कार्य कर रहा है। क्लब की सदस्याएं केवल आयोजनों तक सीमित न रहकर समाज के विभिन्न वर्गों के बीच पहुंचकर सेवा, सहयोग और जागरूकता के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ा रही हैं। क्लब की यह पहल दशार्ती है कि महिला सशक्तिकरण केवल महिलाओं के विकास तक सीमित नहीं, बल्कि शिक्षा, संस्कृति और समाज के समग्र उत्थान में सक्रिय भागीदारी का भी नाम है। ऐसे प्रयास निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ अन्य सामाजिक संगठनों के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं।

एसपी ने एमजेएफ स्कूल में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



डीग - डीग जिले को साइबर अपराध मुक्त बनाने तथा आमजन एवं युवाओं में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक डीग शरण गोपीनाथ के., आईपीएस के निर्देशन में विशेष अभियान साइबर चौपाल*) संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार 19 नवंबर को पुलिस अधीक्षक द्वारा एमजेएफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डीग में साइबर चौपाल एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों, उनसे बचाव के उपायों तथा साइबर अपराध में संलिप्त होने पर होने वाली कानूनी कार्रवाई के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

इससे पूर्व यह अभियान जिले के कई जगह में भी चलाया जा चुका है।

एसपी के प्रमुख संदेश -

1. साइबर अपराध से दूर रहकर उज्ज्वल भविष्य बनाएं -

पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों को कहा कि किसी भी प्रकार के लालच अथवा कम समय में अधिक पैसा कमाने के प्रलोभन में आकर साइबर अपराधियों के संपर्क में न आएं। क्षणिक आर्थिक लाभ के लिए अपराध में शामिल होना विद्यार्थियों के भविष्य, करियर एवं सामाजिक प्रतिष्ठा को बर्बाद कर सकता है।

2. फर्जी बैंक खाते एवं सिम कार्ड से रहें सावधान -

विद्यार्थियों को बताया गया कि साइबर ठग फर्जी सिम कार्ड, बैंक खाते, ऑनलाइन ठगी एवं फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से लोगों के साथ धोखाधड़ी करते हैं। अपने बैंक खाते, एटीएम कार्ड, पासबुक, ओटीपी अथवा सिम कार्ड किसी अन्य व्यक्ति को उपलब्ध नहीं करवाएं।

3. सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करें -

अनजान व्यक्तियों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने तथा अपनी व्यक्तिगत जानकारी, फोटो एवं अन्य जानकारी साझा करने से बचें।

4. साइबर ठगी होने पर तत्काल करें शिकायत -

विद्यार्थियों को बताया गया कि साइबर ठगी का शिकार होने पर बिना देरी किए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें अथवा शिकायत दर्ज करवाएं। समय पर शिकायत करने से ठगी की राशि को रोकने की संभावना बढ़ जाती है।

5. शिक्षा एवं सकारात्मक गतिविधियों को बनाएं लक्ष्य -

पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों को शिक्षा, खेलकूद, कौशल विकास एवं स्वरोजगार के माध्यम से अपने भविष्य को बेहतर बनाने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि डीग पुलिस युवाओं को सही दिशा में आगे बढ़ाने तथा उन्हें अपराध से दूर रखने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

क्राइस्ट द किंग कॉलेज में आयोजित हुआ "संविधान संवाद" विधिक जागरूकता कार्यक्रम

ब्यूरो एच्व सिद्दीकी



झांसी। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झांसी श्रीमती कमलेश कच्छल के कुशल मार्गदर्शन एवं श मुन्नालाल, सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के निर्देशानुसार संचालित संविधान संवाद जागरूकता अभियान के अंतर्गत बुधवार, 18 नवम्बर 2026 को क्राइस्ट द किंग कॉलेज (CKC), झांसी में विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर सिविल जज (जू.डि.) धीरेंद्र कुमार, रिसोर्स पर्सन एवं संस्थान के पूर्व छात्र श्री सचिन जैन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वरिष्ठ लिपिक आदिल जाफरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सिविल जज धीरेंद्र कुमार ने भारतीय संविधान के महत्व एवं उसकी व्यावहारिक उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संविधान जहां हमारे अधिकारों की रक्षा करता है, वहीं हमें अपने नागरिक कर्तव्यों का भी बोध कराता है। उन्होंने विद्यार्थियों से संविधान के मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने, नियमों का पालन करने, दूसरों का सम्मान करने तथा समानता, भाईचारे एवं आपसी सद्भाव की भावना के साथ अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया। रिसोर्स पर्सन श्री सचिन जैन ने विद्यार्थियों को विभिन्न संवैधानिक प्रावधानों की जानकारी दी तथा भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठ कराया। वहीं, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वरिष्ठ लिपिक श्री आदिल जाफरी ने प्राधिकरण के उद्देश्यों एवं कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए समाज के जरूरतमंद एवं कमजोर वर्गों को उपलब्ध कराई जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता और सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज के प्राचार्य फादर डेनिस ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

लखीमपुर के 6 बाल वैज्ञानिक प्रदेश-स्तर के लिए चुने गए

सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान



लखीमपुर के छह बाल वैज्ञानिकों का राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय प्रोजेक्ट प्रस्तुतीकरण के लिए चयन हुआ। 32वीं कांग्रेस का जिला स्तरीय आयोजन गुरु नानक इंटर कॉलेज में हुआ। आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र के निर्देशन में हुआ। मुख्य अतिथि इंद्रजीत सिंह ने मां सरस्वती के सामने दीप जलाकर कार्यक्रम शुरू किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अनिल कुमार ने मुख्य अतिथि, निर्णायक मंडल के सदस्यों और विशिष्ट अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत किया। जिले के अलग-अलग स्कूलों से आए 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग के 124 बाल वैज्ञानिकों ने 62 समूहों में प्रोजेक्ट पेश किए। वहीं, 10 से 14 वर्ष आयु वर्ग के 64 बाल वैज्ञानिकों ने 32 समूहों में प्रस्तुतीकरण दिया निर्णायक मंडल में युवराज दत्त पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज लखीमपुर के भौतिकी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. बृजेश कुमार शुक्ला और प्राणि विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सतेंद्र पाल सिंह शामिल थे। इनके अलावा राजकीय हाई स्कूल कृष्णानगर कॉलोनी के प्रधानाचार्य विनोद कुमार और जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक सुनील कुमार मिश्र भी मंडल में थे। 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग में लखनऊ पब्लिक स्कूल लखीमपुर के विशेष बाजपेई, अजमानी इंटरनेशनल स्कूल लखीमपुर की श्रेया यादव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई इंटर कॉलेज के रमन बाजपेई और गोला के शशांक शुक्ला चुने गए जूनियर वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय कालाढूढ की आकांक्षा वर्मा और लखनऊ पब्लिक स्कूल लखीमपुर के विराट प्रताप सिंह का चयन हुआ राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस लखीमपुर के जिला समन्वयक देवेंद्र सिंह और अतिथियों ने चयनित बाल वैज्ञानिकों को मेडल और प्रमाण पत्र दिए ।

रानी लक्ष्मीबाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय में गूँजा शौर्य का स्वर

ब्यूरो एच्व सिद्दीकी



झांसी। रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी में गुरुवार को वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की 198वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ 'वीरांगना : नारी सशक्तिकरण की प्रतीक एवं विकसित भारत @ 2047 में महिलाओं और युवाओं की भूमिका' विषय पर गरिमापूर्ण वातावरण में मनाई गई। कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह सहित विवि के अधिकारियों, वैज्ञानिकों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं दीपांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। एनएसएस की महिला विंग द्वारा मुख्य परेड का आयोजन कर रानी लक्ष्मीबाई को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि हम सभी बहुत भाग्यशाली हैं कि इस कृषि विश्वविद्यालय का नाम वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के नाम पर अंकित है। आज का दिन उनके अदम्य साहस, शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति को स्मरण करने का दिन है। उन्होंने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई मातृशक्ति के उस अद्भुत साहस की प्रतीक हैं, जिसने अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी थी। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने जिस वीरता, नेतृत्व क्षमता और युद्ध कौशल का परिचय दिया, वह भारतीय इतिहास में सदैव अमर रहेगा। उनका जीवन आज भी महिलाओं और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आज की महिलाओं और युवाओं को शिक्षा, अनुसंधान, कृषि, उद्यमिता एवं राष्ट्र निर्माण के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। रानी लक्ष्मीबाई का जीवन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास का गौरवशाली अध्याय है। रानी ने अंग्रेजी हुकूमत के सामने झुकने के बजाय संघर्ष का मार्ग चुना। उनका संकल्प 'मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी' भारतीय स्वाभिमान और प्रतिरोध का अमर उद्घोष बन गया। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने अपनी सेना को संगठित कर अंग्रेजी सेना का बहादुरी से मुकाबला किया। उनकी सेना में महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। झांसी के नागरिकों ने भी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया। उनका बलिदान आज भी महिलाओं को अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने, आत्मसम्मान के साथ जीने और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के संयोजक एवं निदेशक शिक्षा डॉ. अनिल कुमार ने स्वागत संबोधन में रानी लक्ष्मीबाई के जन्म से लेकर उनके शौर्य, संघर्ष और बलिदान तक के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान की प्रसिद्ध कविता 'झांसी की रानी' की पंक्तियो 'सिंहासन हिल उठे, राजवंशों ने भृकुटी तानी थी, बूढ़े भारत में भी आई फिर से नई जवानी थी। खूब लड़ी मदार्नी वह तो झांसी वाली रानी थी।' का उल्लेख करते हुए कहा कि ये पंक्तियां केवल रानी लक्ष्मीबाई के शौर्य का वर्णन नहीं करतीं, बल्कि प्रत्येक भारतीय महिला और युवा के भीतर आत्मविश्वास, साहस एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना भी जागृत करती हैं। उन्होंने कहा कि आज जब भारत विकसित भारत @ 2047 के लक्ष्य की ओर अग्रसर है, तब महिलाओं और युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होती है। युवाओं में ऊर्जा, नवीन विचार, रचनात्मकता और परिवर्तन की अपार क्षमता है।

प्रेस क्लब मोहम्मदी की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपे गए प्रेस कार्ड

सुनहरा संसार



मोहम्मदी (खीरी)। प्रेस क्लब मोहम्मदी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन क्लब के अध्यक्ष अब्बास नकवी के आवास पर किया गया। इस बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। साथ ही आगामी कार्यकाल के लिए पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की गई और सभी को परिचय पत्र (आईडी कार्ड) वितरित किए गए। नई कार्यकारिणी का यह कार्यकाल 1 नवंबर 2026 से 31 दिसंबर 2028 तक के लिए तय किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार और प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुभाष गुप्ता मौजूद रहे। उनके साथ क्लब के अध्यक्ष अब्बास नकवी, महामंत्री आकाश सैनी और ऐपजा क्लब के अध्यक्ष आर.एन. दीक्षित भी मुख्य रूप से शामिल हुए इसके अलावा कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में दूसरे पत्रकार संगठनों के साथी भी पहुंचे। इनमें दिनेश सिंह सोमवंशी, आसाराम सैनी, सदाकत मंसूरी, शहवाज सिद्दीकी और गोपाल तिवारी सुनीत राठौर प्रमुख रूप से शामिल थे। मुख्य अतिथियों और विशिष्ट अतिथियों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को गले में परिचय पत्र पहनाकर उनका स्वागत किया और नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं नई कार्यकारिणी में शामिल पदाधिकारी अध्यक्ष अब्बास नकवी महामंत्री आकाश सैनी वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवलू उपाध्यक्ष रबीउल्ला उपाध्यक्ष शावेज खान (मुन्ना) संगठन मंत्री इंतजार खान सोशल मीडिया प्रभारी शहबाज खान (साहिल) विधिक सलाहकार हसन नकवी सदस्य के रूप में शामिल रहे जियाउल्लाह खान फरीद खान व अन्य सदस्य गण भी मौजूद रहे बैठक के दौरान सभी पत्रकारों ने एकजुट होकर काम करने और पत्रकारों के हितों की रक्षा करने का संकल्प लिया।

कुकरा पहाड़पुर रोड पर मौत के गड्ढों का जाल

सुनहरा संसार सिकंदर आजम



कुकरा, खीरी। कस्बा कुकरा से पहाड़पुर होते हुए अलीगंज के रास्ते जिला मुख्यालय लखीमपुर को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क इन दिनों बदहाली के आंसू बहा रही है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे और बिखरी बजरी राहगीरों के लिए मुसीबत बन गई है। हालात ऐसे हैं कि इस मार्ग से गुजरना किसी खतरे से खाली नहीं है। आए दिन दोपहिया वाहन चालक फिसलकर चोटिल हो रहे हैं, वहीं वाहनों के टायर पंचर होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण, राहगीर और वाहन चालक जिला मुख्यालय लखीमपुर सहित अन्य स्थानों के लिए आवागमन करते हैं। लेकिन सड़क की जर्जर हालत ने लोगों का सफर मुश्किल कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण की मांग को लेकर कई बार शासन-प्रशासन से गुहार लगाई गई, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका। सबसे चिंताजनक स्थिति इस मार्ग से गुजरने वाले स्कूली बच्चों की है। गुरु नानक इंटर कॉलेज पहाड़पुर और नजर मोहम्मद मेमोरियल स्कूल के सैकड़ों बच्चे प्रतिदिन इसी रास्ते से स्कूल आते-जाते हैं। गुरु नानक इंटर कॉलेज की बसें भी इसी जर्जर मार्ग से बच्चों को लेकर गुजरती हैं। सड़क पर फैली बजरी और गड्ढों के चलते कभी बसों के टायर पंचर हो जाते हैं तो कभी अन्य तकनीकी परेशानियां खड़ी हो जाती हैं। नतीजतन बच्चों को स्कूल पहुंचने में देरी होती है और अभिभावकों की चिंता भी बढ़ती जा रही है।

डबल डेकर बस ने बाइक सवार भाइयों को रौंदा: एक ने मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे ने इलाज के दौरान दम तोड दिया

सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान



लखीमपुर खीरी के ढखेरवा में बुधवार देर शाम तेज रफ्तार डबल डेकर बस ने बाइक सवार दो चचेरे भाइयों को कुचल दिया। हादसे में संदीप कुमार जायसवाल (32) की मौके पर मौत हो गई, चचेरे भाई नीतीश कुमार जायसवाल (20) ने जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड दिया। दोनों ढखेरवा मार्किट में फुटपाथ पर कपड़े बेचकर घर लौट रहे थे। हादसे के बाद चहल्आ गांव में मातम पसरा है। संदीप आअपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। उसकी मौत से पत्नी और दो छोटी बेटियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। वहीं, नीतीश चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मचा है। टक्कर इतनी भीषण थी कि संदीप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नीतीश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। 2019 में हुई थी संदीप की शादी, दो बेटियां बेसहारा संदीप के छोटे भाई विपनेश ने बताया कि वह तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और पूरे परिवार की जिम्मेदारी उसी पर थी। उसकी शादी वर्ष 2019 में हुई थी। परिवार में पतन्नी और दो बेटियां सौम्या (5) और प्रज्ञा (करीब 5 साल) हैं। संदीप मेहनत-मजदूरी करने के साथ कपड़े बेचकर परिवार का खर्च चलाता था नीतीश की मौत से परिवार में मचा कोहराम संदीप के चचेरे भाई नीतीश की उम्र महज 20 साल थी। वह चार भाइयों में सबसे छोटा था। दोनों चचेरे भाइयों की एक साथ हादसे में मौत की खबर मिलते ही चहलुआ गांव में शोक छा गया। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। बस और बाइक कब्जे में, पोस्टमार्टम कराया पहुआ थाना प्रभारी निरीक्षक मोहित पुंडीर ने बताया कि सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हुई है।

पेयजल पाइपलाइन न बिछने से क्षेत्रवासियों में आक्रोश, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने दिया 10 दिन का अल्टीमेटम

ब्यूरो एच्व सिद्दीकी



झांसी। शहर के वार्ड संख्या 50 के अंतर्गत बड़ागांव गेट बाहर स्थित उड़ियापुरा के निषाद नगर और अंजनी हनुमान मंदिर के आसपास के क्षेत्रों में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। अमृत योजना के तहत पेयजल पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू नहीं होने से स्थानीय नागरिकों में भारी नाराजगी है। क्षेत्रवासियों की समस्या को लेकर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद एडवोकेट किशोरी प्रसाद रायकवार ने नगर मजिस्ट्रेट को चेतावनी पत्र सौंपते हुए शीघ्र पाइपलाइन बिछाने की मांग उठाई। उन्होंने प्रशासन को समस्या के समाधान के लिए 10 दिन का समय दिया है। नगर मजिस्ट्रेट को सौंपे गए पत्र में एडवोकेट किशोरी प्रसाद रायकवार ने बताया कि निषाद नगर के सामने ट्यूबवेल मौजूद है और उसके समीप ही पानी की नई टंकी का निर्माण भी कराया जा चुका है। इसके बावजूद क्षेत्र के लोगों को नियमित पेयजल आपूर्ति का लाभ नहीं मिल पा रहा है। हालात यह हैं कि स्थानीय नागरिकों को अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए हैंडपंप से पानी भरकर लाना पड़ रहा है। गर्मी हो या सामान्य दिन, पेयजल की समस्या से लोगों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आसपास के कई मोहल्लों में अमृत योजना के अंतर्गत पेयजल पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा कराया जा चुका है, लेकिन निषाद नगर और अंजनी हनुमान मंदिर

पिलखुवा: निजामपुर बाईपास पर टैंकर और बाइक की भिड़ंत में महिला समेत दो घायल, मचा हड़कंप



राष्ट्रीय सुनहरा संसार जिला हापुड़ संवाददाता/ महिपाल तोमर

पिलखुवा / हापुड़ - थाना पिलखुवा क्षेत्र के निजामपुर बाईपास पर गुरुवार को टैंकर और बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार महिला समेत दो लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई और बाईपास पर जाम लग गया। जानकारी के अनुसार निजामपुर बाईपास पर एक बाइक सवार अपने परिवार की महिला के साथ जा रहा था। तभी सामने से तेज गति से आ रहे टैंकर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दोनों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद टैंकर चालक मौके से टैंकर लेकर भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन आसपास के लोगों ने शोर मचाकर उसे पकड़ने का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को सड़क से उठाकर नजदीकी रामा अस्पताल भिजवाया। घायलों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस घायलों के परिजनों का पता लगाने में जुटी है।हादसे के बाद निजामपुर बाईपास पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही थाना पिलखुवा पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त बाइक और टैंकर को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। पुलिस का कहना है कि टैंकर चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घायलों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

छज्जूपुर के श्मशान घाट में रातों-रात काटे 40 साल पुराने शीशम के चार पेड़, प्रधान पति पर बेचने का आरोप

राष्ट्रीय सुनहरा संसार जिला हापुड़ संवाददाता महिपाल तोमर



हापुड़। थाना कपूरपुर क्षेत्र के गांव छज्जूपुर में श्मशान घाट की भूमि पर लगे हरे-भरे पेड़ों को रातों-रात काटे जाने का मामला सामने आया है। करीब 40 वर्ष पुराने शीशम के चार पेड़ और 15 वर्ष पुराने आम के एक पेड़ को काटकर लकड़ी बेचने का आरोप लगाया गया है। मामले में गांव निवासी राजेश पुत्र कमल सिंह ने अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर प्रधान पति पर पेड़ कटवाकर लकड़ी बेचने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार गांव के श्मशान घाट स्थित खसरा नंबर 374 की भूमि पर उन्होंने अपने पैतृक धन से शीशम, आम, नीम, पापड़ी और अर्जुन सहित कई प्रजातियों के पेड़ लगवाए थे। इन पेड़ों से श्मशान घाट में लोगों को छाया मिलती थी और ये गांव की धरोहर थे। आरोप है कि रात के अंधेरे में शीशम के चार पुराने पेड़ों और एक आम के पेड़ को अवैध रूप से कटवा दिया गया। इसके बाद लकड़ी को अन्य लोगों को बेचकर पैसा कमाया गया। राजेश का कहना है कि घटना से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। उन्होंने शिकायत पत्र के साथ मौके के फोटो, पेड़ काटने वालों की मोटरसाइकिलों के फोटो और भूमि की खतौनी की प्रति भी अधिकारियों को सौंपी है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि ऑनलाइन शिकायत प्राप्त हुई है। शिकायत पत्र की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं वन विभाग के अधिकारी रवि कुमार ने बताया कि शिकायत मिलने पर विभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की थी। जांच के दौरान पेड़ कटे हुए पाए गए हैं। इसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप दी गई है। नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-01 पर कल से शुरू होगा बैलास्ट लेस ट्रैक निर्माण कार्य

ब्यूरो एच सिद्दीकी

झाँसी। उत्तर मध्य रेलवे के झाँसी मंडल के वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-01 पर बैलास्ट लेस ट्रैक के निर्माण का कार्य कल, 20 नवंबर 2026 से प्रारंभ होने जा रहा है। यात्रियों की सुरक्षा, रेल परिचालन को अधिक सुगम बनाने तथा आधुनिक रेल अवसंरचना के विकास की दिशा में यह कार्य महत्वपूर्ण है। निर्माण कार्य 20 नवंबर से 29 दिसंबर 2026 तक कुल 40 दिनों की अवधि में पूरा किया जाएगा। इस निर्माण कार्य के चलते वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों के परिचालन में व्यापक बदलाव किए गए हैं। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्लेटफॉर्म नंबर-01 पर आने वाली कुल 58 ट्रेनों को अस्थायी रूप से अन्य प्लेटफॉर्मों पर स्थानांतरित किया गया है। इन ट्रेनों के कुल 923 फेरों के दौरान प्लेटफॉर्म में परिवर्तन प्रभावी रहेगा। इसके अतिरिक्त कुछ ट्रेनों को निर्धारित तिथियों पर निरस्त किया गया है, जबकि कुछ ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन, आंशिक समापन एवं प्रारंभ, नियंत्रण तथा पुनर्निर्धारण संबंधी बदलाव किए गए हैं। निर्माण कार्य के दौरान प्लेटफॉर्म नंबर-01 से संचालित होने वाली 58 ट्रेनों को यात्रियों की सुविधा एवं परिचालन व्यवस्था के अनुसार अन्य प्लेटफॉर्मों पर स्थानांतरित किया गया है। इनमें गाड़ी संख्या 12448 मानिकपुर-निजामुद्दीन, 12533 लखनऊ जंक्शन-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, 22537 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस, 11801 ग्वालियर-प्रयागराज, 12002 नई दिल्ली-रानी कमलापति तथा 64608 कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी सहित अन्य ट्रेनें शामिल हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि स्टेशन पहुंचने से पहले अपनी ट्रेन के परिवर्तित प्लेटफॉर्म की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें। ब्लॉक कार्य के कारण निर्धारित तिथियों में 4 ट्रेनों को पूर्णतः निरस्त किया गया है। इनमें गाड़ी संख्या 05073/05074 बेंगलुरु सिटी-लालकुआँ तथा गाड़ी संख्या 07075/07076 हैदराबाद-गोरखपुर शामिल हैं। इन ट्रेनों के कुल 24 फेरे निरस्त रहेंगे। निर्माण कार्य के दौरान 17 ट्रेनों को उनके निर्धारित मार्ग के स्थान पर वैकल्पिक परिवर्तित मार्ग से संचालित किया जाएगा। इनमें गाड़ी संख्या 12174 प्रतापगढ़-लोकमान्य तिलक टर्मिनस, 12108 सीतापुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस, 12590 चर्लपल्ली-गोरखपुर, 12410 निजामुद्दीन-रायगढ़, 11123 ग्वालियर-बरौनी, 11124 बरौनी-ग्वालियर तथा 12944 कानपुर सेंट्रल-वलसाड सहित अन्य ट्रेनें शामिल हैं। इन ट्रेनों के परिवर्तित मार्ग एवं प्रभावी तिथियों की जानकारी यात्रियों को यात्रा से पूर्व प्राप्त करनी चाहिए।

वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर झाँसी मंडल में श्रद्धा एवं देशभक्ति के साथ मनाया गया दीपोत्सव

ब्यूरो एच सिद्दीकी



झांसी वीरता, शौर्य, त्याग और स्वाभिमान की प्रतीक महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती के अवसर पर आज उत्तर मध्य रेलवे के झाँसी मंडल द्वारा वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी रेलवे स्टेशन परिसर में श्रद्धा एवं देशभक्ति से ओतप्रोत दीपांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों एवं यात्रियों ने वीरांगना के अदम्य साहस, राष्ट्रप्रेम और मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक, झाँसी अनिरुद्ध कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात उन्होंने वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने वीरांगना के अद्वितीय साहस, नेतृत्व क्षमता5 और मातृभूमि के प्रति उनके अतुलनीय समर्पण को स्मरण किया। इस अवसर पर उपस्थित अपर मंडल रेल प्रबंधक, शाखा अधिकारियों, रेल कर्मचारियों एवं यात्रियों ने भी वीरांगना के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके प्रति अपनी श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त किया। सभी ने स्वतंत्रता संग्राम में उनके ऐतिहासिक योगदान और राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए किए गए संघर्ष को याद किया। जयंती समारोह के विशेष आकर्षण के रूप में प्लेटफॉर्म नंबर-01 के बाहर स्थित वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा स्थल पर भव्य दीपोत्सव आयोजित किया गया। प्रतिमा स्थल के आसपास दीप प्रज्ज्वलित किए गए, जिससे पूरा परिसर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। दीपों की यह जगमगाहट वीरांगना के शौर्य, बलिदान और राष्ट्रभक्ति के प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता का प्रतीक बनी। इस दौरान स्टेशन परिसर का वातावरण देशभक्ति एवं राष्ट्रीय गौरव की भावना से ओतप्रोत नजर आया। कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा.) प्रेम प्रकाश शर्मा, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार शर्मा, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) ए.पी. गौतम, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त जितेंद्र शर्मा, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (सामान्य) सुश्री सीमा तिवारी, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (परिचालन) धर्मेश कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (फ्रेट) नीरज भटनागर सहित अन्य रेल अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में यात्री उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन स्काउट एवं गाइड तथा कार्मिक विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

ऐम्स दिल्ली से कक्षा 10 के सीडब्लूएसएन विद्यार्थी रितेश को मिला दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, प्राचार्य एवं विशेष शिक्षक के सहयोग से मिली सफलता

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ हिमांशु मोदी



नई दिल्ली - राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (जीबीएसएसएस), हरकेश नगर ने समावेशी शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल करते हुए कक्षा 10 के विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थी (सीडब्लूएसएन) रितेश को ऐम्स , नई दिल्ली से दिव्यांगता प्रमाण-पत्र प्राप्त कराने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। इस पूरी प्रक्रिया में विद्यालय के प्राचार्य विशाल शर्मा का निःशर्त सहयोग एवं विशेष शिक्षक गौरव का निरंतर मार्गदर्शन और सक्रिय प्रयास अत्यंत सराहनीय रहा। विद्यार्थी एवं उसके परिवार को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने से लेकर ऐम्स अस्पताल में प्रमाण-पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया तक विद्यालय की ओर से हर संभव सहयोग दिया गया। प्राचार्य विशाल शर्मा ने इस कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान करते हुए यह संदेश दिया कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उपलब्धियाँ हासिल करना ही नहीं, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी को उसकी आवश्यकतानुसार समान अवसर, अधिकार एवं सुविधाएँ उपलब्ध कराना भी है। विशेष शिक्षक गौरव ने भी विद्यार्थी की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पूरी प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस पहल से न केवल रितेश को लाभ मिलेगा, बल्कि यह अन्य विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक उदाहरण बनेगी। यह उपलब्धि दशार्ती है कि जब विद्यालय प्रशासन, शिक्षक और अभिभावक मिलकर प्रयास करते हैं, तो विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए शिक्षा एवं विकास के नए रास्ते खुलते हैं। जीबीएसएसएस हरकेश नगर की यह पहल 'सबके लिए शिक्षा, समान अवसर और सम्मान' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

प्रथम दिवस नारद मोह की लीला में दर्शकों ने लिया भरपूर आनंद, कलाकारों के अभिनय की हुई जमकर सराहना

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



कामां - कामवन रामलीला समिति के तत्वावधान में आयोजित सोलह दिवसीय रामलीला महोत्सव के प्रथम दिवस नारद मोह की लीला का मंचन किया गया। इस लीला में दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया और कलाकारों के अभिनय की सराहना की। पहले ही दिन से रामलीला मैदान में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।नारद के रूप में मुकेश शर्मा, शिव जी के रूप में अशोक सोनी, ब्रह्मा के रूप में उमाशंकर शर्मा, विष्णु के रूप में ईशांत शर्मा और लक्ष्मी के रूप में कुणाल शर्मा ने बेहतरीन अभिनय किया। कामदेव के रूप में युगम शर्मा के अभिनय को भी दर्शकों ने खूब सराहा। शीलनिधि राजा के रूप में लीलाधर शर्मा और उनके मंत्री के रूप में भवानी सेन के अभिनय ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा, इंद्र के रूप में कपिल गुप्ता के अभिनय को विशेष रूप से प्रशंसा मिली। रामलीला मंचन के प्रथम दिवस पर गणेश जी की आरती रामलीला समिति की ओर से प्रमोद पुजारी ने उतारी। साज-सज्जा के रूप में शंकर लाल शर्मा और सूत्रधार के रूप में पवन परासर, धनेश शर्मा और संजय टीले वाले ने संवाद संयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 16 दिवसीय इस महोत्सव में भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र का सजीव मंचन किया जाएगा। सभी कलाकारों ने महीनों तक अभ्यास किया है। दर्शकों से अपील की गई है कि वे प्रतिदिन समय पर पहुंचकर रामलीला का आनंद लें।

नीतीश कुमार के आशीर्वाद से यूपी में संगठन विस्तार को मिलेगी नई गति: शालिनी पटेल



सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा

जनता दल यूनाइटेड की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी बुंदेलखंड तथा नवनियुक्त राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट शालिनी सिंह पटेल ने बुधवार शाम पटना स्थित 7, सर्कुलर रोड पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, राज्यसभा सांसद एवं जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और कुशलक्षेम जाना। राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट की नई जिम्मेदारी मिलने के बाद हुई इस मुलाकात को संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस दौरान उत्तर प्रदेश में आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों, संगठन विस्तार और पार्टी की भावी रणनीति को लेकर चर्चा हुई। शालिनी सिंह पटेल ने उत्तर प्रदेश, विशेषकर बुंदेलखंड क्षेत्र में संगठन की गतिविधियों और पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश के विभिन्न जिलों और विधानसभा क्षेत्रों में संगठन का विस्तार करने, नए कार्यकताओं को पार्टी से जोड़ने तथा बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके साथ ही युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों और आम जनता के बीच जनहित के मुद्दों को लेकर पार्टी की उपस्थिति मजबूत करने पर भी जोर दिया जा रहा है। शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट के रूप में मिली नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाते हुए पार्टी की नीतियों और विचारों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार का मार्गदर्शन उनके लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहा है। पार्टी नेतृत्व ने जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता है। उत्तर प्रदेश में संगठन को मजबूत बनाने और जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए उनका प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

धौलाना: नंदपुर गांव में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति का भव्य अनावरण, में पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह व धौलाना विधायक धर्मेश तोमर पहुंचे



धौलाना / हापुड़ - जनपद हापुड़ के धौलाना क्षेत्र के नंदपुर गांव में बृहस्पतिवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह पहुंचे। उनके पहुंचते ही धौलाना विधायक धर्मेश तोमर ब ग्रामीणों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। पूरे गांव में देशभक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। जानकारी के अनुसार नंदपुर गांव में ग्रामीणों के सहयोग से महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई थी। अनावरण कार्यक्रम के लिए गांव को दुल्हन की तरह सजाया गया था। सुबह से ही गांव में भजन कीर्तन और शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होकर प्रतिमा स्थल पर पहुंची। इसके बाद पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने फीता काटकर और प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अनावरण किया। अनावरण होते ही पूरा पंडाल महाराणा प्रताप के जयकारों से गूंज उठा। अपने संबोधन में पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने कभी हार नहीं मानी और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने युवाओं से महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने और देश व समाज के लिए काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप की प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को वीरता, स्वाभिमान और देशभक्ति की प्रेरणा देती रहेगी। कार्यक्रम में आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। लोगों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा के सामने सेल्फी ली और पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम के अंत में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

ऊर्जा संरक्षण एवं पर्यावरण अनुकूल पहल में झाँसी मंडल की उल्लेखनीय उपलब्धियाँ

ब्यूरो एच सिद्दीकी



झांसी भारतीय रेलवे द्वारा ऊर्जा संरक्षण, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को प्रोत्साहन तथा परिचालन लागत में कमी लाने के उद्देश्य से किए जा रहे प्रयासों के अंतर्गत झाँसी मंडल, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की जा रही हैं। मंडल में सौर ऊर्जा के अधिकाधिक उपयोग, डीजल ईंधन की खपत में कमी तथा ऊर्जा संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इन प्रयासों के सकारात्मक परिणामस्वरूप मंडल ने वित्तीय बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। झाँसी मंडल में स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्रों के माध्यम से सितंबर 2026 के दौरान कुल 1,43,170 यूनिट विद्युत ऊर्जा का उत्पादन किया गया। इस उत्पादन से मंडल को ?9,42,712 की आर्थिक बचत हुई। अप्रैल 2026 से सितंबर 2026 तक की अवधि में सौर ऊर्जा संयंत्रों द्वारा कुल 8,27,949 यूनिट बिजली का उत्पादन किया गया, जिससे मंडल को अब तक ?50,77,277 की संचयी बचत प्राप्त हुई है। सौर ऊर्जा का उपयोग पारंपरिक विद्युत स्रोतों पर निर्भरता कम करने के साथ-साथ स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सितंबर 2026 के दौरान मंडल के सौर ऊर्जा संयंत्रों का क्षमता उपयोग कारक (CUF) 10.88 प्रतिशत दर्ज किया गया। डीजल ईंधन की खपत को नियंत्रित करने के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा जारी निदेशों के अनुरूप झाँसी मंडल में डीजल लोको को आवश्यकता न होने पर बंद रखने की व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इन प्रयासों से उल्लेखनीय आर्थिक बचत हुई है। अक्टूबर 2026 के दौरान डीजल लोको शटडाउन के माध्यम से ल्रऊऑयल पर ?1,43,47,500 की बचत दर्ज की गई। वहीं, अप्रैल 2026 से अक्टूबर 2026 तक इस मद में कुल ?10,41,21,682 की संचयी बचत हासिल की गई है। मंडल द्वारा डीजल ईंधन के विवेकपूर्ण उपयोग एवं प्रभावी प्रबंधन के परिणामस्वरूप अक्टूबर 2026 में ल्रऊऑयल की खपत घटकर 502 किलोलीटर रह गई, जबकि पिछले वर्ष अक्टूबर 2025 में यह खपत 599 किलोलीटर थी। इस प्रकार पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 97 किलोलीटर डीजल की कम खपत हुई, जो 16.1 प्रतिशत की कमी को दशार्ती है। मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि झाँसी मंडल द्वारा सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग और डीजल ईंधन की खपत को नियंत्रित करने के लिए किए जा रहे प्रयास ऊर्जा संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इन पहलों से न केवल रेलवे के परिचालन व्यय में कमी आ रही है, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग और पर्यावरण के अनुकूल कार्यप्रणाली को भी प्रोत्साहन मिल रहा है।

देवउठनी एकादशी पर आज शुक्रवार को कामवन धाम से बरसाना तक निकलेगी 21वीं पैदल पदयात्रा, तैयारियां पूरी

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



कामवन -देवउठनी (देवोत्थान / प्रबोधिनी) एकादशी के पावन पर्व पर सेवार्थ सेवा समिति कामवन के तत्वावधान में 21वीं एकादशी पैदल पदयात्रा* का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह पदयात्रा 20 नवंबर 2026, शुक्रवार को सुबह 6.30 बजे कामवन धाम से श्री जी धाम बरसाना के लिए रवाना होगी।

पदयात्रा श्री तीर्थराज विमल कुण्ड काशी विश्वनाथ महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर श्री चन्द्रमा जी - मदन मोहन जी मंदिर, श्री राधाबल्लभ मंदिर, श्री कामेश्वर महादेव मंदिर, श्री कालका जी मंदिर होते हुए सुबह 9:00 बजे बरसाना पहुंचेगी। सभी यात्री परिक्रमा व दर्शन करके गाड़ी व अन्य साधनों से वापसी लगभग 10 बजे तक कामवन आयेंगे। आयोजकों ने बताया कि इस पावन यात्रा में सभी भक्तगण अपनी सुविधा अनुसार शामिल होकर श्री राधा रानी के दर्शन लाभ पा सकते हैं।

तीर्थराज विमलकुंड पर आज 20 नवंबर को होगा भव्य दीपदान महोत्सव, हजारों दीपकों से जगमगाएंगे घाट

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



कामवन -श्री तीर्थराज विमलकुंड दीपदान महायज्ञ समिति, कामवन के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी आज 20 नवंबर 2026 (शुक्रवार) को पावन तीर्थराज विमलकुंड पर भव्य दीपदान महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर विमलकुंड के समस्त घाटों को हजारों दीपकों की आलोकमयी छटा से सुसज्जित किया जाएगा। सायंकाल वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य विश्राम घाट (महाआरती स्थल) पर विधिवत पूजा-अर्चना, भव्य महाआरती एवं सामूहिक दीपदान का कार्यक्रम संपन्न होगा, जिसमें ब्रज क्षेत्र सहित दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु भाग लेंगे। समिति अध्यक्ष निहाल सिंह मीणा व महासचिव राजेंद्र कटारा ने बताया कि समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं स्वच्छता के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। समिति समस्त धर्मप्रेमियों से सपरिवार पधारकर दीपदान महायज्ञ में सम्मिलित होने तथा पुण्य लाभ अर्जित करने का सादर अनुरोध करती है। कार्यक्रम विवरण : महाआरती स्थल : विश्राम घाट, श्री तीर्थराज विमलकुंड, कामवन संपर्क सूत्र : 9950025354

सरकारी मूल्य पर यूरिया बिक्री हेतु आवश्यक सूचना

राष्ट्रीय सुनहरा संसार जिला हापुड़ संवाददाता/तोमर



हापुड़। प्रर्वतन कार्यवाही में जब्त की गयी 184 बैग्स (बोरी) अनुदानित नीम कोटेड यूरिया (46% N) की बिक्री उर्वरक (नियन्त्रण) आदेश 1985 एंव आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 के प्राविधानार्तगत तहसीलदार हापुड़ की निगरानी में की जानी है। इच्छुक कृषक अपनी भूमि के अभिलेख खतौनी एंव अपने आधार कार्ड के साथ दिनांक 30.11.2026 को प्रातः 11 बजे विकास भवन के कमरा न0 219 में इस यूरिया को क्रय कर सकते है। यूरिया क्रय की धनराशि चालान के माध्यम से सरकारी खाते में जमा की जायेगी। यूरिया की मात्रा-184 बोरी प्रति बोरी मात्रा 45 कि०ग्रा० निमार्ता-गुजरात नर्मदा वैली फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड इस यूरिया का उपयोग मात्र कृषि कार्य हेतु फसल में प्रयोग किया जायेगा। अन्य किसी प्रकार का प्रयोग अथवा डाईवर्जन, अथवा किसी प्रकार की अग्रिम बिक्री नियमानुसार प्रतिबंधित है।

धौलाना में जानलेवा हमले के बाद उपचार के दौरान मौत, हत्या का आरोपी गिरफ्तार नहर पुल से ईदगाह रोड पर दबोचा गया मुस्तफा, घटना में प्रयुक्त डंडा बरामद

राष्ट्रीय सुनहरा संसार/दीपक कुमार ब्यूरो चीफ हापुड़



धौलाना, हापुड़, थाना धौलाना पुलिस को ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ग्राम देहरा निवासी उमर मोहम्मद पर जानलेवा हमला करने के मामले में नामित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। उमर मोहम्मद की बाद में उपचार के दौरान मौत हो गई थी।पुलिस के अनुसार थाना धौलाना पर मु0अ0सं0 317/26 धारा 191(2), 191(3), 115(2), 117(2), 352, 351(3), 109(1), 103(1), 125, 3(5) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज था। इसी मुकदमे में वांछित/नामित अभियुक्त को नहर पुल से ईदगाह की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम - मुस्तफा पुत्र मुस्ताक निवासी मौहल्ला पिरचोरियान, ग्राम देहरा थाना धौलाना, जनपद हापुड़। बरामदगी - अभियुक्त के कब्जे/निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक डंडा बरामद किया गया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई है।

